37 वां स्थापना वर्ष

# समवेत शिखर



वर्ष-37 अंक-132 | रायपुर, बुधवार 30 सितंबर 2026 | पृष्ठ : 08, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपरः samvetshikhar.com

## फर्स्ट कालम

### देश में पहली बार हुई झरनों की गिनती, मणिपुर में सबसे ज्यादा

**नई दिल्ली।** देश की पहली स्प्रिंग सेंसस के दूसरे हिस्से में 10 राज्यों के 14,468 झरनों की गिनती हुई है। इनमें सबसे ज्यादा झरने मणिपुर और महाराष्ट्र में मिले हैं। जल शक्ति मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, देश की करीब 15त्न आबादी यानी लगभग 20 करोड़ लोग सीधे या परोक्ष रूप से झरने के पानी पर निर्भर हैं। यह रिपोर्ट 25 सितंबर को भारत मंडपम में हुए 9वें इंडिया इंटरनेशनल वाटर वीक 2026 के समापन समारोह में जारी की गई। इसमें आंध्र प्रदेश, असम, गोवा, महाराष्ट्र, मणिपुर, ओडिशा, राजस्थान, तेलंगाना, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल शामिल हैं।

### पीएम मोदी की डिग्री मामले में केजरीवाल की याचिका खारिज

**अहमदाबाद।** गुजरात हाई कोर्ट ने मंगलवार को पीएम नरेंद्र मोदी की डिग्री से जुड़े करीब 10 साल पुराने मामले में आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल की अपील खारिज कर दी। साथ ही कोर्ट ने केजरीवाल पर लगे 25 हजार रुपए के जुर्माने को भी बरकरार रखा। मार्च 2016 में केजरीवाल ने सेंट्रल इंफॉर्मेशन कमीशन (सीआईसी) को चिट्ठी लिखकर मांग की थी कि पीएम नरेंद्र मोदी की डिग्री सार्वजनिक की जानी चाहिए। अप्रैल 2016 में सीआईसी ने दिल्ली यूनिवर्सिटी और गुजरात यूनिवर्सिटी को निर्देश दिया था कि पीएम मोदी की डिग्री से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराएं।

### ऑपरेशन सिंदूर के डेढ़ साल बाद पाकिस्तान पहुंचे भारतीय अधिकारी

**इस्लामाबाद।** ऑपरेशन सिंदूर के करीब डेढ़ साल बाद भारत ने स्र्ष्ह की बैठक में शामिल होने के लिए अपना एक सीनियर अधिकारी पाकिस्तान भेजा है। विदेश मंत्रालय के एडिशनल सेक्रेटरी और भारत के स्र्ष्ह को-ऑर्डिनेटर आलोक डिमरी सोमवार से इस्लामाबाद में शुरू हुई बैठक में भारतीय टीम की अगुवाई कर रहे हैं। यह बैठक बुधवार तक चलेगी। बैठक में पाकिस्तान की अध्यक्षता में होने वाले स्र्ष्ह के कार्यक्रमों, आने वाली बैठकों की तैयारियों और संगठन से जुड़े दूसरे मुद्दों पर चर्चा होगी। पाकिस्तान में होने वाले स्र्ष्ह शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को न्योता दिए जाने की भी संभावना है।

### यूके में सस्टेनेबिलिटी के प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस बने अनंत अंबानी

**मुंबई।** यूनाइटेड किंगडम की न्यूकैसल यूनिवर्सिटी ने रिलायंस



इंडस्ट्रीज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत अंबानी को सस्टेनेबिलिटी का प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस नियुक्त किया है। यह नियुक्ति औद्योगिक डीकार्बोनाइजेशन, ग्रीन एनर्जी और वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में उनके काम को देखते हुए की गई है। वे छात्रों को ग्रीन एनर्जी के बारे में पढ़ाएंगे। अनंत रिलायंस इंडस्ट्रीज में ऊर्जा परिवर्तन से जुड़े काम देख रहे हैं। वे कंपनी को 2035 तक नेट कार्बन जीरो बनाने के रोडमैप पर काम कर रहे हैं।

### यूएस आतंकवाद पर भारत की चिंताएं नहीं समझता, इससे रिश्तों में मुश्किल : जयशंकर

**न्यूयॉर्क।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका से रिश्तों को लेकर कहा कि वह आतंकवाद पर भारत की चिंता नहीं समझता है। इसका असर रिश्तों पर पड़ता है। उन्होंने सोमवार को न्यूयॉर्क में एशिया सोसाइटी के एक कार्यक्रम में कहा, भारत ने कई दशकों तक अपने पड़ोसी देश की ओर से आतंकवाद का सामना किया है। अगर अमेरिका को इसकी गंभीरता समझ नहीं आती, तो रिश्तों पर असर पड़ता है। जयशंकर ने चीन और अमेरिका के बीच बढ़ रही दोस्ती को लेकर कहा कि अब अमेरिका एक साथ रूस, यूक्रेन और चीन जैसे देशों के साथ संबंध अच्छे कर रहा है। अब वह भारत का डिप्लोमेसी मॉडल अपना रहा है। पहले भारत की इसी नीति को लेकर अमेरिका में आलोचना की जाती थी।





एशियन गेम्सः नीरू ढांडा ने ट्रैप शूटिंग में और महिला टीम ने 4x400 मीटर रिले रेस में जीता स्वर्ण

# भारत को शूटिंग ट्रैप स्पर्धा और महिला रिले रेस में दो स्वर्ण समेत 8 पदक

- गुलवीर ने 5000 मीटर रेस में कांस्य जीतकर पदक की लगाई हैट्रिक
- भारत पदक तालिका में 53 मेडल के साथ 10वें स्थान पर पहुंचा

**नगोया(जापान) (ए)।** एशियन गेम्स के 10वें दिन मंगलवार को भारत ने दो स्वर्ण समेत 8 मेडल जीते। भारतीय निशानेबाज नीरू ढांडा ने एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की व्यक्तिगत ट्रैप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। वहीं 4×400 मीटर महिला रिले रेस में भारत को एक ही दिन दूसरा स्वर्ण पदक मिला। भारतीय महिला टीम ने 3 मिनट 29.69 सेकेंड में रेस पूरी की। वहीं गुलवीर सिंह ने 5000 मीटर रेस में कांस्य जीतकर पदक की हैट्रिक लगाई। इससे पहले वे 10 हजार और 1500 मीटर में सिल्वर जीत चुके हैं। वे मेडल की हैट्रिक करने वाले पहले भारतीय पुरुष धावक बने। इसके साथ ही एशियन गेम्स में भारत को 6 स्वर्ण पदक मिल गए हैं। इस तरह भारतीय टीम के कुल मेडल 53 हो गए हैं और मेडल टेबल में 10वें स्थान पर है।

नीरू ढांडा ने महिला ट्रैप शूटिंग में गोल्ड जीता। 10 दिन पहले फ्लू की वजह से अस्पताल में भर्ती रहीं नीरू इस इवेंट में गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। आज यहां फाइनल में नीरू ढांडा ने महिलाओं की ट्रैप व्यक्तिगत स्पर्धा में 28 का स्कोर करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। यह उनका इन खेलों में दूसरा पदक है। इससे पहले दिन में सुबह के सत्र में उन्होंने महिला ट्रैप टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता था। उन्होंने दूसरे राउंड में सिर्फ एक बार शॉट मिस किया, और उसके बाद भी केवल एक बार ही चूकीं, तब तक वह अपने शानदार शॉट्स के दम पर गोल्ड मेडल लगभग जीत चुकी थीं। चीन की सन युनोंग 26 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता। कुवैत की हाजर अब्दुलमलिक को 21 स्कोर पर कांस्य पदक मिला। इससे पहले दिन में नीरू ढांडा, आशीमा अहलावत और मनीषा कीर ने महिलाओं के ट्रैप टीम स्पर्धा में 328 अंकों के साथ रजत पदक जीता। चीन ने 346 अंक के साथ स्वर्ण और कुवैत ने 325 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

नीरू ढांडा क्वालीफिकेशन राउंड में 118 अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर रहीं और व्यक्तिगत फाइनल के लिए क्वालीफ़ाई किया था। आशीमा अहलावत और मनीषा कीर क्रमशः 106 और 104 अंक ही बना पाईं और फाइनल में जगह नहीं बना सकीं।

**भारत को शूटिंग में दूसरा गोल्ड :** भारत को आज व्यक्तिगत स्पर्धा का पहला गोल्ड मिला। नीरू ने गोल्ड जीता। इससे पहले इस गेम्स का पहला गोल्ड पिस्टल शूटिंग के मिक्स्ड इवेंट में आया। शूटिंग में 8 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मेडल मिल चुके हैं। इस इवेंट में अब तक 14 मेडल आ चुके हैं। (शेष पेज 4 पर)

# सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम करने मिशन मोड में करें काम : मुख्यमंत्री साय

### मुख्यमंत्री ने की परिवहन विभाग के कामकाज की उच्चस्तरीय समीक्षा

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में परिवहन विभाग के कामकाज की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए प्रदेश में सुरक्षित, सुगम और आधुनिक परिवहन व्यवस्था विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली मौतों को न्यूनतम करने के लिए सभी संबंधित विभाग मिशन मोड में समन्वित रूप से कार्य करें।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल दुर्घटनाओं की संख्या कम करना नहीं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली प्रत्येक संभावित जनहानि को रोकना होना चाहिए। इसके लिए दुर्घटना से पहले रोकथाम और दुर्घटना के बाद त्वरित सहायता एवं उपचार–दोनों स्तरों पर व्यवस्था मजबूत करनी होगी। उन्होंने 'जीरो फेटेलिटी' के लक्ष्य की दिशा में परिवहन, पुलिस, स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग और नगरीय निकायों सहित सभी संबंधित विभागों को विस्तृत और परिणामोन्मुखी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयास से जुड़ा विषय है। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान, सुरक्षित सड़क संरचना, यातायात नियमों का प्रभावी पालन, वाहनों की तकनीकी फिटनेस, प्रशिक्षित चालक और दुर्घटना के बाद त्वरित चिकित्सा सहायता जैसे सभी पहलुओं पर एक साथ कार्य करने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने दुर्घटना संभावित क्षेत्रों और ब्लैक स्पॉट की पहचान कर वहां आवश्यक सुधारात्मक एवं सुरक्षात्मक उपाय प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में राज्य के 23 ब्लैक स्पॉट में सुधार की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। मुख्यमंत्री ने इन कार्यों को तेजी से पूरा करने तथा दुर्घटनाओं के कारणों का नियमित विश्लेषण कर आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटना होने के बाद शुरुआती समय अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। घायल व्यक्ति तक जितनी जल्दी सहायता और चिकित्सा सुविधा पहुंचेगी, जीवन बचाने की संभावना उतनी ही बढ़ेगी। उन्होंने दुर्घटना की सूचना, एम्बुलेंस की उपलब्धता, नजदीकी अस्पताल तक पहुंच और उपचार की पूरी व्यवस्था के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने सड़क दुर्घटना पीड़ितों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीएम-राहत योजना और राहवीर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। (शेष पेज 4 पर)

### एशियन गेम्स में भारत की बेटियों का स्वर्णिम प्रदर्शन देश के लिए गौरव का क्षण : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एशियन गेम्स-2026 में भारतीय महिला खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन और स्वर्णिम उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने महिला ट्रैप व्यक्तिगत स्पर्धा में एशियन रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीतने वाली नीरू ढांडा को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह ऐतिहासिक उपलब्धि पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। नीरू ढांडा ने अपनी प्रतिभा, कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से अंतरराष्ट्रीय खेल पटल पर भारत का मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने एशियन गेम्स की 4म400 मीटर महिला रिले स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम की सदस्य किरण पहल, पूवम्मा मचेत्तिरा, प्राची और विथ्या रामराज को भी हार्दिक बधाई दी।

# सीआईएसएफ जवान ने साथियों पर गोली चलाई, 4 की मौत

### जम्मू के कठुआ में विवाद के बाद फायरिंग



**कठुआ (ए)।** जम्मू-कश्मीर में कठुआ के बसोहली में सीआईएसएफ जवान ने अपने साथियों पर गोली चला दी। फायरिंग में 4 सीआईएसएफ जवानों की मौत हो गई। मरने वालों में एक असिस्टेंट कमांडेंट भी शामिल हैं।

मरने वालों के नाम असिस्टेंट कमांडेंट अंकित कुमार पांडे, एसआई लक्ष्मण सिंह, कॉन्स्टेबल रफीक अहमद और कॉन्स्टेबल संदीप कुमार हैं। ये जवान हिमाचल प्रदेश की सीमा से सटे बसोहली के पावर प्रोजेक्ट की सुरक्षा में तैनात थे। किसी बात को लेकर दो जवानों के बीच बहस हुई। इसी बीच उनमें से एक ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। कठुआ पुलिस ने आरोपी जवान को गिरफ्तार कर लिया है। सीआईएसएफ के सीनियर अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी हेड कॉन्स्टेबल अवधेश कुमार सिंह ने ऑफिस के परिसर में घुसकर अपनी सरकारी एके -47 राइफल से अंधाधुंध फायरिंग की। उनके पास 150 राउंड गोलियां थीं। सभी सुरक्षाबलों के जवानों के बीच आपसी झगड़ों और विवादों के कारण अक्सर फायरिंग की घटनाएं सामने आती रहती हैं। सेवा-3 प्रोजेक्ट बसोहली तहसील में रावी नदी पर बना है।

### भारत-म्यांमार सीमा पर उग्रवादी हमला, असम राइफल्स का जवान शहीद, 4 घायल

**इटानगर (ए)।** अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले में मंगलवार को उग्रवादी हमले में असम राइफल्स का एक जवान शहीद हो गया। 4 अन्य जवान घायल हो गए। हमला भारत-म्यांमार सीमा के पास नामपोंग सर्कल में सुबह करीब 6.30 बजे हुआ।शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार हमला नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड का (युंग आंग गुट) के उग्रवादियों ने किया है। गश्त के दौरान गोलीबारी में हवलदार जानखोकाई कुकी (42) शहीद हो गए। हमला नामपोंग नाले के पास हुआ। इस इलाके में सीमा पर बाड़ लगाने का काम चल रहा है। शुरुआती जांच और खुफिया रिपोर्टों से पता चलता है कि घात लगाकर किए गए हमले के लिए नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड का युंग आंग गुट के उग्रवादी जिम्मेदार हैं।हमले के बाद, भारतीय सेना और जिला पुलिस ने तुरंत इलाके की घेराबंदी की और भाग रहे उग्रवादियों को पकड़ने के लिए आस-पास के जंगलों में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया।

# कैंसर दवाओं की ऊंची कीमत नरसंहार जैसी : सुप्रीम कोर्ट

### बोला- 2700 की दवा पर कीमत 27 हजार कैसे लिखी, हर साल 5,381 करोड़ का दवा कारोबार

**नई दिल्ली (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से सवाल किया कि 2700 की कैंसर की दवा पर एमआरपी27,000 क्यों है। कोर्ट ने दवाओं की कीमतों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यह नरसंहार है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने मंगलवार को दवाओं की कीमत और जेनेरिक दवाओं से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई की। सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता मौजूद थे।

कोर्ट ने कहा- यह नरसंहार है। यह कैसे हो रहा है? कॉर्पोरेट किसी को नहीं बख्शते, शव भी बाहर नहीं जाने देते। सरकार के फार्मास्यूटिकल्स विभाग की 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक,



2024-25 में भारत में कैंसर-रोधी दवाओं की सालाना बिक्री 5,281 करोड़ रही। 2021-22 में यह 3,382 करोड़ थी। यानी तीन साल में बिक्री करीब 56% बढ़ी।

### देश में 20 हजार करोड़ के ट्रैफिक चालान बकाया, सुप्रीम कोर्ट का सुझाव- बिजली बिल में जोड़कर वसूली करें

**नई दिल्ली।** देश में ट्रैफिक ई-चालान की कमजोर वसूली पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि सिर्फ चालान जारी करना काफी नहीं, जुर्माना वसूलना भी जरूरी है। बकाया चालान बिजली बिल में जोड़ने का तरीका निकालें। बिजली बिल नहीं चुकाया तो कनेक्शन कटेगा।

# महिलाओं को घर में बंद कर रखने में नहीं अपराधियों पर कार्रवाई है समाधान : राहुल



**नई दिल्ली (ए)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार पर हमला करते हुए कहा है कि उन्हें घर में बंद कर रखना समाधान नहीं है बल्कि सड़कों को सुरक्षित बनाने और महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों को सजा देने की जरूरत है।

श्री गांधी ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि देशभर में महिलाएं सड़कों पर चलने के दौरान उत्पीड़न और दुष्कर्म की घटनाओं को लेकर भयभीत हैं और सरकार का जवाब है कि उन्हें घर में रखना है। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था पीड़ित को दोषी ठहराती है और अपराधी को बचाती है। उन्होंने कहा कि समाधान महिलाओं को घर के अंदर रखना नहीं, बल्कि सड़कों को सुरक्षित बनाना, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने वाली पुरुष मानसिकता का सामना करना और हमला करने वालों को तेजी से तथा बिना किसी अपवाद के सजा देना है।

# कन्हेरा के पास ट्रक-एम्बुलेंस मे भिड़ंत, 2 की मौत

### एम्बुलेंस रायपुर और ट्रक कवर्धा की बताया गया है

समवेत शिखर संवाददाता



**थान खम्हरिया/ बेमेतरा/ कवर्धा।** नेशनल हाईवे क्रमांक 30 पर मंगलवार की रात करीब 8.30 बजे थान खम्हरिया तहसील क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम कन्हेरा के पास ट्रक व रायपुर के एक निजि हास्पीटल के एम्बुलेंस के बीच आमने सामने जबरदस्त टक्कर होने से दो लोगो की दर्दनाक मौत हो गयी एक व्यक्ति मौके पर दम तोङ दिया जबकि दूसरा जिला हास्पीटल बेमेतरा मे दम तोङ दिया।इस घटना के बाद मौके पर खण्डसरा चौकी प्रभारी दलबल के साथ पहूंच कर मृतक व घायल व्यक्ति को जिला अस्पताल पहूंचाया। एम्बुलेंस कवर्धा क्षेत्र के एक गांव मे डेड बॉडी छोडकर वापस रायपुर लौट रहा था जबकि ट्रक तिल्दा से चावल छोडकर कवर्धा लौट रहा था।दोनो मृतक एम्बुलेंस का होना बताया जा रहा है। पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना मे लिया है।

### एसआईआरर पर आज इंडिया ब्लॉक की बैठक, अखिलेश नहीं आएंगे ऑनलाइन जुड़ेंगे उद्धव

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कल विपक्षी दलों के इंडिया ब्लॉक की बैठक होगी। इसमें स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर और चुनाव आयोग के भीतर सामने आए मतभेदों पर चर्चा होगी। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव बैठक में शामिल नहीं होंगे। उनकी जगह पार्टी के दूसरे नेता पहुंचेंगे। वहीं शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़ेंगे। पार्टी सांसद संजय राउत ने बताया कि पार्टी 2 अक्टूबर को ज्ञानेश कुमार के खिलाफ होने वाले प्रदर्शन की तैयारी में व्यस्त है।

**योजना** | केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने किया योजना का शुभारंभ

# स्वच्छता की राष्ट्रीय पहल 'प्रगति-50' में रायपुर और बिलासपुर शामिल

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की महत्वाकांक्षी 'प्रगति-50' योजना में छत्तीसगढ़ के रायपुर और बिलासपुर को शामिल किया गया है। केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से योजना का शुभारंभ किया। देश के चुनिंदा 50 शहरों में राज्य के दो शहरों के शामिल होने से मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ के नगरीय विकास एवं स्वच्छता प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है।

शुभारंभ कार्यक्रम में चयनित राज्यों के नगरीय विकास विभागों, शहरी स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने सहभागिता की। केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू नई दिल्ली से कार्यक्रम में



शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव राजनांदगांव से कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़े। मुख्यमंत्री श्री साय और उप मुख्यमंत्री श्री साव ने 'प्रगति-50' में शामिल होने पर रायपुर और बिलासपुर नगर निगमों, दोनों शहरों के स्वच्छता मित्रों तथा शहरवासियों को बधाई दी है। रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे और बिलासपुर की महापौर श्रीमती पूजा विधानी तथा दोनों नगर निगमों के आयुक्त भी कार्यक्रम में ऑनलाइन सम्मिलित हुए।

### प्रधानमंत्री द्वारा 'प्रगति' की बैठक में दिए गए निर्देशों पर शुरू हुई पहल

प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में आयोजित 51वीं 'प्रगति' बैठक के निर्देशों पर शुरू की गई यह पहल स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत चयनित शहरों में स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं को तेज गति से सुदृढ़ करने पर केंद्रित है। योजना में देश के 50 शहरों को शामिल किया गया है। इन शहरों को केंद्र सरकार की ओर से विशेष तकनीकी सहयोग, सतत मार्गदर्शन और गहन निगरानी मिलेगी। साथ ही श्रेष्ठ कार्य-पद्धतियों को अपनाने के लिए भी सहयोग दिया जाएगा। प्रगति-50% में उपयोग किए गए जल के उपचार, पुन उपयोग और समुचित प्रबंधन के साथ अपशिष्ट निपटान की प्रभावी गतिविधियों पर फोकस 'प्रगति-50' के तहत घर-घर कचरा संग्रहण, कचरे का वैज्ञानिक पृथक्करण एवं प्रसंस्करण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को अधिक प्रभावी और टिकाऊ बनाने तथा सार्वजनिक स्वच्छता सुविधाओं व शहरों की साफ-सफाई में सुधार लाने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

# रूस का परमाणु बम गिराने में सक्षम विमान क्रैश, 6 की मौत

**मॉस्को (ए)।** रूस का परमाणु बम गिराने में सक्षम टीयू - 95 सैन्य विमान मंगलवार को ट्रेनिंग उड़ान के दौरान क्रैश हो गया। हादसे में 6 क्रू मेंबर मारे गए और एक घायल हुआ।



रूसी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद विमान राजधानी मॉस्को से 4000 किमी दूर अमूर प्रांत के क्रास्नोयारोवो गांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया और एक सुनसान इलाके में जा गिरा। जमीन से टकराते ही विमान का फ्यूल टैंक ब्लास्ट हो गया, जिससे भीषण आग लग गई। घायल क्रू मेंबर को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। विमान में सवार सभी लोग क्रू मेंबर थे। रूस की न्यूज एजेंसी के मुताबिक, दुर्घटना के समय विमान में कोई परमाणु हथियार या गोला-बारूद लोड नहीं था। टीयू-95 सैन्य विमान को सोवियत संघ के समय डिजाइन किया गया था।

## न्यूज़ ब्रीफ

### क्रांति जलाशय की सुरक्षा और जल संरक्षण को लेकर सगोना में जनसंवाद



**कवर्धा।** जल जन सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुनमुना के ग्राम सगोना में क्रांति जलाशय योजना की बांध सुरक्षा, जल संरक्षण और जल के उचित उपयोग को लेकर जनसंवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों और कृषकों को जलाशय की संरचना, बांध सुरक्षा तथा नहर प्रणाली के रख-रखाव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक-04 पंडरिया श्री राजकुमार नेताम, सरपंच श्रीमती लीलाबाई, पंचगण श्रीमती शांतिबाई श्याम, श्रीमती घुलियाबाई मरकाम, श्री शंकर धुर्वे सहित ग्रामीण एवं कृषकगण उपस्थित रहे। जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी श्री के.के. शर्मा, स्थल सहायक श्री उमेश तिवारी सहित विभागीय कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। अनुविभागीय अधिकारी श्री के.के. शर्मा ने ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों को क्रांति जलाशय की बांध सुरक्षा, जल के समुचित उपयोग तथा नहर प्रणाली के नियमित रख-रखाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जल संरचनाओं के संरक्षण में स्थानीय सहभागिता की आवश्यकता पर भी जोर दिया। जनसंवाद के दौरान ग्रामीणों एवं कृषकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए जल संरक्षण और नहर प्रणाली के बेहतर रख-रखाव को लेकर अपने सुझाव साझा किए। कार्यक्रम के बाद जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों और ग्रामीणों ने कांति जलाशय के बांध स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया तथा जल संरचना की स्थिति का जायजा लिया।

### सेवा संकल्प अभियान के तहत राधामाधव गौशाला में 270 पशुधन का स्वास्थ्य परीक्षण

**कवर्धा।** सुशासन और सेवा की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न जनसेवा एवं कल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड बोड़ला के ग्राम छपरी स्थित श्री राधामाधव गौशाला में संरक्षित पशुधन के स्वास्थ्य एवं देखभाल को लेकर विशेष गतिविधि आयोजित की गई। सेवा संकल्प अभियान के तहत गौशाला में संरक्षित 270 पशुधन का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। पशु चिकित्सकों एवं संबंधित अमले द्वारा पशुओं की स्वास्थ्य स्थिति का परीक्षण कर आवश्यकता अनुसार उपचार एवं डीवर्मिंग की गई। पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य और नियमित देखभाल के लिए आवश्यक परामर्श भी दिया गया। गौशाला में पशुधन के लिए पर्याप्त मात्रा में पशु आहार एवं पैरा कुट्टी का भंडारण भी किया गया है, जिससे पशुओं को नियमित रूप से पौष्टिक एवं पर्याप्त आहार उपलब्ध कराया जा सके। गौशाला में पशुओं की देखभाल एवं व्यवस्थाओं को लेकर गौशाला समिति के सदस्यों तथा गौसेवा से जुड़े सदस्यों का भी सहयोग प्राप्त हुआ। इस दौरान गौशाला समिति एवं गौसेवा से जुड़े सदस्यों ने पशुधन की सेवा और संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।



### श्रम यशस्वी पुरस्कार के लिए 5 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन

**कवर्धा।** श्रम विभाग द्वारा श्रम के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले श्रमिकों एवं संस्थाओं को स्व. रामानुज प्रताप सिंहदेव स्मृति श्रम यशस्वी पुरस्कार प्रदान किया जाता है। पुरस्कार के लिए चयनित श्रमिक अथवा संस्था को 2 लाख रुपये की पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इसके लिए इच्छुक श्रमिक एवं संस्थाएं 5 अक्टूबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के दौरान श्रम के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रमिकों एवं संस्थाओं का उनके उल्लेखनीय योगदान के आधार पर चयन किया जाएगा। ऐसे श्रमिक एवं संस्थाएं पुरस्कार के लिए पात्र होंगे, जिन्होंने श्रमिकों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य की दिशा में विशेष एवं प्रभावी उपाय किए हों। इसके साथ ही संबंधित अवधि के दौरान संस्थान में कोई गंभीर दुर्घटना नहीं हुई हो तथा श्रमिकों की सुरक्षा के नियमों एवं उपायों के व्यापक प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय योगदान दिया गया हो। ऐसे उल्लेखनीय कार्यों के माध्यम से श्रम जगत में प्रदेश का नाम गौरवान्वित करने वाले श्रमिकों एवं संस्थाओं को पुरस्कार के लिए चयनित किया जाएगा। इच्छुक श्रमिक एवं संस्थाएं निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# राहुल गांधी को चुनाव आयोग और देश से माफी मांगनी चाहिए : विजय बघेल

## चुनाव आयोग के संयुक्त बयान से कांग्रेस के दावों की सच्चाई सामने आई

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर चुनाव आयोग सहित संवैधानिक संस्थाओं को लेकर लगातार सवाल उठाने का आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस को चुनाव आयोग तथा देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त और दोनों चुनाव आयुक्तों के संयुक्त बयान से चुनाव आयोग में मतभेद होने संबंधी कांग्रेस के दावों की सच्चाई सामने आ गई है।

सांसद विजय बघेल मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के संयुक्त बयान में स्पष्ट किया गया है कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) सहित सभी प्रमुख निर्णय तीनों चुनाव आयुक्तों की सर्वसम्मति से लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इससे कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर सवाल खड़े होते हैं। बघेल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की देश-दुनिया में अपनी संवैधानिक भूमिका और प्रतिष्ठा है। ऐसे में चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाने के बजाय राजनीतिक दलों को तथ्यों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट का हवाला देकर चुनाव आयोग में मतभेद की बात कही जा रही है, उसमें कैबिनेट सचिव को लिखे जिस पत्र का उल्लेख है, वह उनके अनुसार न तो किसी नीतिगत विषय से संबंधित था और न ही एसआईआर से। उन्होंने इसे सामान्य प्रशासनिक विषय से जुड़ा पत्र बताया।

सांसद ने कहा कि चुनाव आयोग सीधे राष्ट्रपति के प्रति जिम्मेदार संवैधानिक संस्था है। उन्होंने दावा किया कि आयुक्तों द्वारा कैबिनेट सचिव को एसआईआर या किसी नीतिगत मामले से संबंधित पत्र लिखे जाने की बात सही नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि फॉर्म-6 के घोषणापत्र सहित कई विषयों पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय आ चुके हैं, इसके बावजूद कांग्रेस द्वारा संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगाए जा रहे हैं।

**चुनाव हारने पर संस्थाओं पर आरोप लगाने का लगाया आरोप :** विजय बघेल ने कहा कि कांग्रेस जब जनता की अदालत में चुनाव हारती है तो अपनी हार के लिए ईवीएम, चुनाव आयोग अथवा अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाती है। उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा चुनाव आयुक्त डॉ. एस.एस. संधू और डॉ. विवेक जोशी द्वारा जारी संयुक्त वक्तव्य में सभी प्रमुख निर्णय सर्वसम्मति से लिए जाने की बात स्पष्ट की गई है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 27 मई 2026 को एसआईआर प्रक्रिया को कानूनी रूप से वैध ठहराया है। बघेल के अनुसार इसके बावजूद विपक्ष द्वारा चुनाव आयोग की निष्पक्षता और प्रक्रिया पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

# बोड़ला की बेटियों ने मंच से दिया सेवा और जागरूकता का संदेश

## कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक से योजनाओं के लाभ और सामाजिक जिम्मेदारी को किया प्रदर्शित

समवेत शिखर संवाददाता

**कवर्धा।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित नमो सेवा गाथा कार्यक्रम के तहत विकासखंड बोड़ला स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने बाजार चैक, संकुल केंद्र बोड़ला में नुक्कड़ नाटक एवं नाटकीय प्रस्तुतियों के माध्यम से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाई। बालिकाओं ने अपने प्रभावी अभिनय और संवाद के माध्यम से योजनाओं के उद्देश्य तथा आमजन के जीवन में उनके प्रभाव को सरल एवं रोचक ढंग से प्रस्तुत किया।



कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति आम नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के साथ ही समाज में सेवा, सहभागिता और जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने एक के बाद एक प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुतियां दीं। इनमें बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, डिजिटल बैंकिंग एवं यूपीआई तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित विषयों को शामिल किया गया।

# सेवा संकल्प शिविर में पहुंचे विधायक ललित चंद्राकर आवेदनों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता

**रिसाली।** नगर पालिक निगम रिसाली द्वारा वार्ड क्रमांक 38, 39 एवं 40 के पुरैना जगदम्बा चौक में आयोजित सेवा संकल्प अभियान शिविर में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।



उन्होंने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी ली। विधायक चंद्राकर ने विभिन्न स्टॉलों पर प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के निराकरण के लिए इस प्रकार के शिविर नागरिकों और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम हैं। अपने संबोधन में विधायक चंद्राकर ने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के तहत सेवा संकल्प अभियान के रूप में विभिन्न जनसेवा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन आयोजनों का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक सहज, सरल एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचाना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में ऐसे शिविर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने आम नागरिकों से शासन की विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। शिविर में आवास, स्वास्थ्य, लोक निर्माण, जल संसाधन, पेंशन, शिक्षा, चिकित्सा, वन, पुलिस, खाद्य विभाग सहित विभिन्न शासकीय विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। इन स्टॉलों के माध्यम से नागरिकों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ उनकी समस्याओं एवं आवेदनों को प्राप्त कर निराकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। इस अवसर पर मरोदा-पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, पार्षद रंजीता बेनुआ, संजू बाला, जी. कनकेश्वर राव, एम. लक्ष्मण, बी. कृष्णराव, डी. बालाजी, के. एल. कुमारी, टी. चंद्रवती, द्रौपती यादव, बी. गणपति सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी तथा नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 'बरदईहा' : एक ऐसा मंच, जहां लोक जीवन सांस लेता है और प्रेम राख हो जाता है

समवेत शिखर संवाददाता

**खैरागढ़।** कला और संस्कृति की धड़कन कहे जाने वाले राजकुमारी इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के कैंपस-2 प्रेक्षागृह ने बीती शाम एक ऐसी प्रस्तुति देखी, जिसने रंगमंच की परिभाषा को नए सिरे से गढ़ दिया। नाट्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा मंचित नाटक 'बरदईहा – एक प्रेम कहानी' महज एक कथा नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ी लोकजीवन की धड़कनों को शब्द, सुर और अभिनय में पिरोने का एक साहसिक प्रयास रहा।



निर्देशक डॉ. शिशु कुमार सिंह ने मंच को एक जीवंत गांव में बदल दिया – झोपड़ी, पेड़, चारा खाती गाय और मद्धम रोशनी के बीच लेखक दीपक कुमार साहू की कलम से निकली कहानी सांस लेने लगी। यह कहानी है बरदईहा मंगलु (खगेश पैकरा) और गौटिया की बेटी सुखिया (आकाशी मेश्राम) की, जिनका प्रेम सामाजिक असमानता की चट्टान से टकराकर चूर-चूर हो जाता है। खोरबहरा (काव्य त्रिमले) के क्रोध, गुरू (रूपेश तेंडुलकर) की सहृदयता, पिता जी (देव सिंह) और माता जी (वंदिता शुक्ला) की वेदना, गौटिया कैलास (समीर चंद्र साहू) और गौटनिन (सिजी सिरमौर) की सत्ता – हर किरदार ने मंच पर अपनी भूमिका को इतनी शिद्दत से जिया कि कहानी सिर्फ देखी नहीं, महसूस की गई। अंत में जब सुखिया अपने भाई से कहती है कि उसने प्रेम और मातृत्व दोनों एक साथ खोए हैं, तो पूरा प्रेक्षागृह मौन हो गया – यही मौन इस प्रस्तुति की सबसे बड़ी सफलता थी। संगीत ने इस कहानी में प्राण फूंके। हर्ष चंद्राकर के निर्देशन में साक्षी और खुशी गजेंद्र की गायकी, वेद प्रकाश रावटे की तबला-गुदुम, करन तारम की हारमोनियम-मोहरी, उजित निषाद की बैंजो, सौरभ की बांसुरी और कामेश साहू की दफड़ा वादन ने मातर और गौरी-गौरा जैसे लोकगीतों को नया जीवन दिया। मंच सजावट में हर्ष चंद्राकर और पुनेश ध्रुव, तथा सहयोग में सौरभ, करन कुंजाम, कपील मिरी और स्वास्तिक का योगदान सराहनीय रहा। कोरस टीम – दीपक साहू, हर्षित डेहरिया, आनंद वैष्णल, ओमेंद्र कावडे, चिकू, आकाश चंद्रवंशी, दीपाली और दीक्षा बघेल – ने सामूहिक दृश्यों में मंच की ऊर्जा को बनाए रखा।प्रकाश व्यवस्था सागर गुप्ता ने संभाला। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. लवली शर्मा, प्रोफेसर राजन यादव, डॉ. मानस साहू और डॉ. दीपशिखा पटेल ने विद्यार्थियों की इस संवेदनशील और सशक्त प्रस्तुति की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# बैटरी ट्राइसाइकिल ने बदली दिनेश की जिंदगी

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** जिले के नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र अंतर्गत आने वाले आमा कुऑ चौक, पुरेना के रहने वाले दिनेश साहू का जीवन संघर्ष और अदम्य साहस की एक मिसाल है। दोनों पैरों से 80 प्रतिशत दिव्यांग होने के बावजूद, दिनेश ने कभी अपनी परिस्थितियों के आगे घुटने नहीं टेके। वे अपने और अपने परिवार के बेहतर भविष्य के लिए एक प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनके इरादे जितने बुलंद थे, राह उतनी ही कठिन थी। रोज काम पर आने-जाने में उन्हें भारी शारीरिक कठिनाइयों और मानसिक पीड़ा का सामना करना पड़ता था। सफर का हर एक कदम उनके लिए एक चुनौती जैसा था, लेकिन वे हिम्मत हारने वालों में से नहीं थे। इसी बीच दिनेश को समाज कल्याण विभाग की उस योजना के बारे में जानकारी मिली, जिसके तहत दिव्यांगजनों को उनकी दिव्यांगता के आधार पर आवश्यक सहायक उपकरण प्रदान किए जाते हैं। उम्मीद की एक नई किरण देखते हुए उन्होंने बिना देर किए समाज कल्याण विभाग जिला दुर्ग से संपर्क किया। विभाग की प्रक्रिया पूरी होने के बाद वह दिन भी आया जिसने दिनेश के जीवन की राह ही बदल दी। 'सुशासन तिहार' के अवसर पर आयोजित एक विशेष शिविर में ग्रामीण विधायक श्री ललित चन्द्राकर के करकमलों से दिनेश साहू को बैटरी चलित ट्राइसायकल प्रदान किया गया। वह पल दिनेश के लिए केवल एक वाहन प्राप्त करने का नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता का नया पंख पाने जैसा था। बैटरी चलित ट्राइसायकल मिलने के बाद से अब उन्हें अपने काम पर आने-जाने में किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। सफर अब तकलीफदेह नहीं, बल्कि सुलभ और सहज हो गया है। आज दिनेश साहू बेहद खुश और आत्म-संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि जब सरकारी योजनाएं और प्रशासनिक संवेदनशीलता सही समय पर जरूरतमंदों तक पहुँचती हैं, तो वे जीवन में सकारात्मक बदलाव लाती हैं।



# वनांचल क्षेत्र बोड़ला के 113 महिलाओं का नि :शुल्क सोनोग्राफी और 121 मरीजों की हुई एनसीडी जांच

## विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दी सेवाएं, निःशुल्क दवाइयों का वितरण और 15 लोगों ने किया रक्तदान

समवेत शिखर संवाददाता

**कवर्धा।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा के निर्देश पर विकासखंड बोड़ला स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में विशाल मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर में 253 मरीजों का ओपीडी पंजीयन किया गया। वहीं 113 महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी, 121 मरीजों की एनसीडी जांच सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांच एवं उपचार की सुविधाएं प्रदान की गईं।



शिविर का शुभारंभ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री विदेशी राम धुर्वे, नगर पंचायत अध्यक्ष श्री विजय पाटिल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती बालका रामकिंकर वर्मा, श्री छोटू निर्मलकर, श्री दुर्गेश वर्मा, सभापति श्री संदीप गुप्ता एवं श्री नरेश चंद्रवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री विदेशी राम धुर्वे ने उपस्थित जनसमुदाय एवं मेडिकल कॉलेज से आए छात्र-छात्राओं को विकसित भारत की परिकल्पना तथा सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

**विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दी सेवाएं, सैकड़ों मरीज हुए लाभान्वित :** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी. के तुरे एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी के निर्देशानुसार जिले के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने शिविर में अपनी सेवाएं दीं। चिकित्सकों द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक जांच की गई तथा जरूरत के अनुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में महिलाओं, बुजुर्गों सहित विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया।

**शिविर में मिली विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाएं :** मेगा स्वास्थ्य शिविर में कुल 253 मरीजों का ओपीडी पंजीयन हुआ। इसके अलावा 27 हितग्राहियों के आयुष्मान वय वंदन कार्ड, 121 मरीजों की एनसीडी जांच, 113 महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी एवं महिला विशेषज्ञ चिकित्सक से जांच, 110 मरीजों की पैथोलॉजी जांच, 55 मरीजों की नेत्र रोग जांच, 35 मरीजों की दंत रोग जांच, 35 मरीजों की अस्थि रोग जांच, 30 मरीजों की क्षय रोग जांच तथा 22 मरीजों की एक्स-रे जांच की गई। शिविर में 125 लोगों को अन्य स्वास्थ्य जांच एवं उपचार की सुविधा मिली। इस दौरान 15 लोगों ने रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्धता में अपना योगदान दिया।

# लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने पर स्कूल बस चालकों के लाइसेंस होंगे निरस्त

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क दुर्घटना की रोकथाम पर हुई रायशुमारी

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** जिले में लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने पर स्कूल बस चालकों की लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही होगी। इसी प्रकार पुलिस विभाग की आकस्मिक चेकिंग के दौरान वाहन चालक पर मादक पदार्थ सेवन की पुष्टि होने पर लाइसेंस निरस्त किया जाएगा।

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में परिवहन विभाग के अधिकारियों को उक्त निर्देश दिये। विगत सोमवार को कलेक्टोरेट सभा कक्ष में कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में यातायात व्यवस्थाओं में सुधार एवं सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम हेतु विभागों को सौंपे गये कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक के प्रारंभ में विगत बैठक के पालन प्रतिवेदन का विभागवार समीक्षा की गई। जिसमें अधिकारियों ने कार्य पूर्ण होने, अद्यतन प्रगति एवं की गई विभागीय कार्यवाही की जानकारी दी। साथ ही जिले की सड़कों में यातायात सुरक्षा को और सुदृढ़र्ण बनाने के लिए विभिन्न सुझावों पर विचार-विमर्श कर कई महत्व निर्णय लिये गये हैं। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-53 में खराब सड़के, गडढ़ों की सुधार एवं मरम्मत कार्य प्रगति पर है। डामर कार्य अक्टूबर माह में किया जाएगा। भारतमाला निर्माण में बीएसपी के लिए कनेक्टिविटी दिये जाने की विचार पर अधिकारियों को सहमति पत्र प्रस्तुत करने कहा गया। नगर निगम दुर्ग अंतर्गत डिवाइडर निर्माण एवं बोर्ड मार्किंग, प्रकाश व्यवस्था, गड्ढे आदि की भराई आगामी 10 दिनों में पूर्ण कर दिया जाएगा। झरोखा बोगदा पुलिया से कातुलबोर्ड की ओर बिजली बोर्ड पीछे करने की कार्यवाही हेतु कार्यादेश जारी किया जा चुका है। उक्त कार्य को 15 दिवस में पूर्ण कर लिया जाएगा। रेलवे द्वारा अंडरब्रिजों की साफ-सफाई एवं सड़क सुधार कार्य 31 अक्टूबर तक पूर्ण कर लिया जाएगा। सेतु निर्माण विभाग द्वारा दुर्ग से धमधा मार्ग पर समोदा, करंजा भिलाई एवं ननकट्ठी ब्रीज चौड़ीकरण हेतु वर्क आर्डर जारी किया जा चुका है। ग्रीन चौक से सूर्या हॉटल तक सड़क सुरक्षा उपाय के संबंध में आवश्यक सुझाव हेतु रेलवे से कार्ययोजना आमंत्रित की गई है। सड़कों से मवेशी हटाने नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों के माध्यम से नियमित कार्यवाही की जा रही है। बैठक में नवरात्र में पदयात्रियों के लिए नेहरू नगर चौक से अंजोरा बायपास मार्ग का निर्णय लिया गया। इसी प्रकार पावर हाउस से सुपेला चौक तक ऑटोड्रिल अतिक्रमण हटाने एवं राष्ट्रीय राजमार्ग में प्रकाश व्यवस्था एनएचआई एवं क्षेत्रवार नगरीय निकायों द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर श्री सिंह ने यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए प्रभावी उपाय अपनाने के निर्देश दिये। उन्होंने सड़क दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार अधिकारियों को सौंपे गये विभागीय कार्य पर आवश्यक त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में नगर निगम दुर्ग की आयुक्त सुश्री लीना कोसम, नगर निगम भिलाई की आयुक्त सुश्री सुरूचि सिंह, नगर निगम रिसाली की आयुक्त श्रीमती मोनिका वर्मा, नगर निगम भिलाई चरोदा के आयुक्त डी. राजपूत, एएसपी यातायात सुश्री ऋचा मिश्रा, अपर कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, एसडीएम दुर्ग महेश राजपूत, एसडीएम धमधा लवकेश ध्रुव, एसडीएम पाटन उत्तम ध्रुव, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता ए.के. भट्टाचार्य सहित परिवहन, एनएचएआई, एनएचआई, पुलिस विभाग, बीएसपी और नगरीय निकायों के अधिकारीगण उपस्थित थे।



# विश्व हृदय दिवस पर छुईखदान में जिला स्तरीय योग शिविर आयोजित

## योग एवं प्राणायाम के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश

समवेत शिखर संवाददाता

**खैरागढ़।** विश्व हृदय दिवस के अवसर पर आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला स्तरीय योग शिविर एवं योग जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री प्रेम कुमार पटेल के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार शुक्ला के आदेशानुसार किया गया।



योग शिविर में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों सहित अन्य प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। आयुष विभाग के योग प्रशिक्षकों तथा पतंजलि योग समिति के सदस्यों ने प्रतिभागियों को योग की विभिन्न विधाओं का अभ्यास कराया। इस दौरान नियमित योग एवं शारीरिक गतिविधियों को दैनिक जीवनशैली में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विश्व हृदय दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि प्रत्येक वर्ष 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य हृदय रोगों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना और हृदय को स्वस्थ रखने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। हृदय रोगों से बचाव के लिए नियमित योग एवं शारीरिक गतिविधि, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, तंबाकू एवं नशीले पदार्थों से दूरी, तनाव का बेहतर प्रबंधन तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच को महत्वपूर्ण बताया गया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को स्वस्थ हृदय के लिए दैनिक जीवन में सकारात्मक आदतों को अपनाने का संदेश दिया गया। साथ ही योग को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए उपयोगी अभ्यास बताते हुए इसे नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार शुक्ला, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनीष बघेल, एनपीएनसीडी नोडल अधिकारी डॉ. पंकज वैष्णव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सोनल ध्रुव, जिला सलाहकार आरती चतुर्वेदानी आदि उपस्थित रहे।

# युवा केवल नौकरी मांगने वाले नहीं, रोजगार देने वाले बनें : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

### मुख्यमंत्री ने यूथ इनोवेशन एवं एंटरप्रेन्योरशिप कॉन्क्लेव-2026 में युवाओं और स्टार्टअप उद्यमियों से किया सीधा संवाद

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की युवा शक्ति प्रदेश के भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी है। हमारा प्रयास है कि प्रदेश के युवा केवल रोजगार तलाशने वाले नहीं, बल्कि अपने कौशल, नवाचार और उद्यमिता के बल पर रोजगार के नए अवसर पैदा करने वाले बनें। विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में युवाओं, नवाचारकर्ताओं और स्टार्टअप्स की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

राज्य सरकार युवाओं के विचारों को नवाचार और नवाचार को सफल उद्यम में बदलने के लिए आवश्यक वातावरण, अधोसंरचना, तकनीकी सहयोग और प्रोत्साहन उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषक मंडपम में आयोजित तीन दिवसीय 'यूथ इनोवेशन एवं एंटरप्रेन्योरशिप कॉन्क्लेव-2026' में प्रदेशभर से आए विद्यार्थियों, युवा नवाचारकर्ताओं और स्टार्टअप उद्यमियों को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आज का युवा केवल अवसर की प्रतीक्षा करने वाला युवा नहीं है, बल्कि अपनी प्रतिभा से नए अवसर गढ़ने का सामर्थ्य रखता है। सरकार का दायित्व है कि उसके विचार को सही मंच, तकनीकी सहयोग, वित्तीय सहायता और अनुकूल नीतिगत वातावरण मिले। इसी सोच के साथ राज्य में स्टार्टअप और इनोवेशन इकोसिस्टम को मजबूत किया जा रहा है।

**'युवाओं के लिए 500 करोड़ रुपए की मुख्यमंत्री स्टार्टअप एवं निपुण योजना' :** युवाओं के विचारों को व्यवसाय में बदलने में राज्य सरकार की भूमिका से जुड़े सवाल पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश के बेटे-बेटियों को उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए 'मुख्यमंत्री स्टार्टअप एवं निपुण योजना' पर काम किया जा रहा है। इसके लिए 500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना सहित केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं। छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति-2024 में भी नए उद्यमियों के लिए अनेक प्रोत्साहन रखे गए हैं। महिलाओं, अनुसूचित जाति-जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और दिव्यांगजनों सहित विभिन्न वर्गों की उद्यमिता को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर अधिक रोजगार सृजित करने वाले उद्योगों के लिए भी विशेष प्रावधान किए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने युवाओं से कहा कि वे नई औद्योगिक नीति का गंभीरता से अध्ययन करें और उसमें उपलब्ध अवसरों का अधिकतम लाभ उठाएं। प्रदेश में नए औद्योगिक पार्क विकसित किए जा रहे हैं। सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है, ताकि उद्योग लगाने के इच्छुक युवाओं और निवेशकों को अलग-अलग कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें।

## ▶▶ न्यूज ब्रीफ

### संजू की स्वर्णिम जीत पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने थपथपाई पीठ, कहा-छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को मिलेगा उनके अनुभव का लाभ

**रायपुर।** एशियन गेम्स-2026 में महिला कबड्डी में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली छत्तीसगढ़ की बेटी संजू देवी ने रायपुर लौटने के बाद उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अरुण साव से मुलाकात की। श्री साव ने अपने नवा रायपुर स्थित शासकीय निवास कार्यालय में हुई मुलाकात के दौरान संजू देवी की उपलब्धि पर उनका अभिनंदन कर हौसला बढ़ाया। उन्होंने संजू की माता श्रीमती अमरीका बाई और पिता श्री रामजी का भी अभिनंदन किया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने संजू देवी को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने भारत के साथ छत्तीसगढ़ के तीन करोड़ लोगों को भी गौरवान्वित किया है। उन्होंने संजू से एशियन गेम्स के अनुभव और उनकी टीम के स्वर्ण पदक तक के अजेय सफर की जानकारी ली। श्री साव ने उनसे प्रतियोगिता के दौरान मिले अनुभवों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की।



### रायपुर में प्राइवेट बिल्डर्स के ठिकानों पर जीएसटी का छापा, बोगस बिल और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त

**रायपुर।** रायपुर में जीएसटी विभाग ने प्राइवेट बिल्डर्स के कई ठिकानों पर छापेमारी की है। विभाग की टीम अलग-अलग जगहों पर जांच कर रही है। इस कार्रवाई के दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, बोगस बिल और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किए जाने की जानकारी सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, जीएसटी विभाग को बिल्डर्स की तरफ से टैक्स चोरी किए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद अधिकारियों की टीम ने संबंधित ठिकानों पर छापा मारा। कार्रवाई के लिए जीएसटी विभाग के 7 अधिकारी पहुंचे हैं। जीएसटी टीम ने चौबे कॉलोनी और आमानाका क्षेत्र स्थित रेसिडेंशियल्स में भी कार्रवाई की है। टीम यहां बिल्डर्स के दस्तावेज, लेन-देन और तस्‍ज्ञ से जुड़े रिकॉर्ड की जांच कर रही है। बोगस बिल और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस मिले। इसी के साथ मेग्नेटो मॉल समेत कई ठिकानों पर कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में दस्तावेज और बोगस बिल मिलने की जानकारी है। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस भी जब्त किए गए हैं।अधिकारियों की टीम इन दस्तावेजों और डिजिटल रिकॉर्ड की जांच कर रही है। फिलहाल जीएसटी विभाग की कार्रवाई जारी है। जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि कितने की जीएसटी चोरी का मामला सामने आया है। किन लोगों या कंपनियों की इसमें भूमिका है।

### एकल अभिनय से गौरी, प्रसन्न, अभिषेक ने किया प्रभावित

**रायपुर।** 'निजाम शाह ने धोखे से आबा साहब और हमारे भाइयों का कत्ल कर दिया। सचमुच हमारा मायका खत्म हो गया। आदिलशाह ने हमारे पूना को पूरी तरह तहस- नहस कर दिया। इधर देवाई शिवाई की कृपा से हिंदवी स्वराज के सूरज शिवाजी का जन्म हुआ।' नम आंखों और थरथराती आवाज से बोले गए ये संवेदनशील संवाद रंगप्रेमी दर्शकों को भावुक कर गए। बात हो रही है गौरी क्षीरसागर के प्रभावी एकल अभिनय 'जिजाऊ का चिंतन' की, जिसे अपर्णा कालेले ने लिखा और निर्देशित किया। अवसर था सिविल लाइन स्थित वृंदावन सभागृह में आयोजित बैंकर्स बंधु के एकल अभिनय कार्यक्रम का। गौरी क्षीरसागर की ही तरह प्रसन्न निमोणकर और अभिषेक बक्षी ने भी महाराष्ट्र मंडल की ओर से बेहतरीन एकल अभिनय कर झकझोर दिया। प्रसन्न ने बेहद थकी हुई मां के चिंतित बेटे की भूमिका को साकार करते हुए कहा कि 'हम बड़े हो रहे हैं, थक रहे हैं, फिर भी हम अपनी मां को बड़ा होते हुए नहीं देख सकते, बीमार नहीं देख सकते, थक हुआ नहीं देख सकते। हमें अपनी वही मां चाहिए, जो अपने हाथों से हमें खाना खिलाए, दवा दे, छोटी- छोटी बातों को लेकर हमें टोके, हमारा ख्याल रखें। इसमें वंदना निमोणकर का निर्देशन व रुपसज्जा कमाल की रहा। छत्रपति शिवाजी महाराज का अभिनय करते हुए अभिषेक बक्षी ने वाहवाही के साथ खूब तालियां बटोरीं। अभिषेक ने शिवाजी महाराज के बाजी प्रभु देशपांडे से संवादों को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत करते हुए कहा कि 'सई मेरी पत्नी ही नहीं, मेरी मार्गदर्शक थीं। बहुत ही बीमार, अंदर से टूटी हुई सई, मुझसे मिलते हुए अभिनय कर रही थी मानो उन्हें कुछ हुआ ही है। मैं भी जानता था कि सई से ये मेरी अंतिम मुलाकात है।



# पारस पोर्टल से योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग, अंतर विभागीय समन्वय से विकास कार्यों को मिलेगी गति: सीएम साय

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पारस पोर्टल के माध्यम से की प्रमुख योजनाओं एवं विकास कार्यों की राज्य स्तरीय समीक्षा

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब उनका लाभ समय पर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और उसका प्रभाव धरातल पर स्पष्ट दिखाई दे। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। पारस (Project Assessment, Review and Analysis System) पोर्टल के माध्यम से योजनाओं एवं विकास कार्यों की नियमित निगरानी के साथ विभागों और जिला प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जा रहा है, ताकि क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं की समय रहते पहचान कर उनका त्वरित समाधान किया जा सके। मुख्यमंत्री श्री साय आज मंत्रालय महानदी भवन में पारस पोर्टल के माध्यम से आयोजित राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने विभिन्न विभागों की प्रमुख योजनाओं, अधोसंरचना परियोजनाओं और जनसेवाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला कलेक्टरों से योजनाओं की जमीनी स्थिति की जानकारी ली तथा निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में प्राप्त करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शासन की कार्यप्रणाली में अंतर्विभागीय समन्वय की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है।



# छत्तीसगढ़ में 125 अफसरों का ट्रांसफर अपर-डिप्टी और संयुक्त कलेक्टर भी बदले

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के 125 अधिकारियों का तबादला किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने मंगलवार को तबादला आदेश जारी किया। अधिकारियों को प्रशासनिक आधार पर नई पदस्थापना दी गई है।

तबादला सूची में अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर और प्रवर श्रेणी के अधिकारी शामिल हैं। कई जिलों के संयुक्त कलेक्टर भी बदले गए हैं। जिलों से लेकर मंत्रालय स्तर तक अधिकारियों का फेरबदल किया गया है। पुलक भट्टाचार्य सामान्य प्रशासन विभाग में उप सचिव के पद पर पदस्थ हैं। वे पीएमओटी मिशन कर्मयोगी के समन्वयक और नगरीय प्रशासन-विकास संचालनालय में अपर संचालक के अतिरिक्त प्रभार में हैं। आदेश के अनुसार, वर्तमान दायित्वों के साथ उन्हें राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा), रायपुर के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। विपुल कुमार गुप्ता श्रम विभाग में उप सचिव के पद पर पदस्थ हैं। उन्हें वर्तमान दायित्वों के साथ सचिव, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल, रायपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। विनायक शर्मा छत्तीसगढ़ राज्य शिष्टाचार कार्यालय में राज्य शिष्टाचार अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं। उनके पास उप सचिव, खनिज साधन विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी है। आदेश के अनुसार, उन्हें नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण में प्रबंधक के पद पर पदस्थ किया गया है। डॉ. ऋतु वर्मा सामान्य प्रशासन विभाग में उप सचिव (कक्ष-6 एवं 7) के पद पर पदस्थ हैं। उन्हें वर्तमान दायित्वों के साथ उच्च शिक्षा विभाग के उप सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### छत्तीसगढ़ में 19 नायब तहसीलदार बने तहसीलदार, नई पोस्टिंग भी मिली

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 19 नायब तहसीलदारों को तहसीलदार पद पर पदोन्नति दी है। प्रमोशन के साथ ही इन अधिकारियों की नई पदस्थापना भी की गई है। कुछ अधिकारियों को दूसरे जिलों में भेजा गया है। जबकि कुछ को वर्तमान जिले में ही नई जिम्मेदारी दी गई है। पदोन्नत अधिकारियों को वर्तमान जगह से कार्यमुक्त होने के दिन से 10 दिन के भीतर नई पदस्थापना वाली जगह पर कार्यभार संभालना होगा। तय समय में ज्वाइन नहीं करने पर पदोन्नति आदेश अपने आप निरस्त माना जाएगा।

# नगरपालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम/उप निर्वाचन दिसंबर 2026 के लिए निर्वाचक नामावली कार्यक्रम जारी

### निर्वाचक नामावली आगामी 1 अक्टूबर 2026 की संदर्भ तिथि के आधार तैयार की जा रही है

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग नवा रायपुर द्वारा नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम/उप निर्वाचन दिसंबर 2026 के संबंध में निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु आज पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने बताया कि नगरपालिका आम निर्वाचन हेतु कुल 417 पद, जिनमें 04 नगरपालिक निगम क्रमशः भिलाई, भिलाई-चरौदा, रिसाली एवं बीरगांव के महापौर, 13 अध्यक्ष, 400 पार्षद तथा उप निर्वाचन हेतु 01 अध्यक्ष एवं 06 पार्षद पदों के लिए निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। इसी प्रकार त्रिस्तरीय पंचायतों के लिए कुल 814 पदों जिनमें जनपद पंचायत सदस्य के 01, सरपंच के 92 तथा पंच के 721 के लिए निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि निर्वाचक नामावली आगामी 01 अक्टूबर 2026 की संदर्भ तिथि के आधार तैयार की जा रही है। निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 23 अक्टूबर 2026 को किया जाकर दावा आपत्ति प्राप्त की जाएगी। दावा आपत्ति के निराकरण पश्चात् 30 नवंबर 2026 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्य त्रुटिरहित, पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित करने के लिए सभी 33 जिलों के लिए कुल 33 निर्वाचक नामावली प्रेक्षक नियुक्त किए जाएंगे।

# राज्योत्सव स्थल का अधिकारियों ने किया निरीक्षण तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में की चर्चा

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** नवा रायपुर अटल नगर स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर मेला ग्राउंड में आयोजित होने वाले राज्योत्सव की तैयारियों के संबंध में मुख्य सचिव श्री विकासशील के निर्देश पर पर्यटन एवं संस्कृति सचिव डॉ एस भारतीदासन एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण कर जायजा लिया।



इस दौरान सीएसआईडीसी के एमडी श्री विश्वेश झा, नगर निगम आयुक्त श्री संबित मिश्रा, पर्यटन मंडल के एमडी श्री सौमिल रंजन चौबे, एस पी ग्रामीण श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा, एडीएम श्री उमाशंकर बंदे, एनआरडीए के प्रतिनिधि सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान आगामी राज्योत्सव के आयोजन की तैयारियों और व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों ने एग्जिबिशन सेंटर, सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल, शिल्पग्राम, प्रशासनिक भवन, हेलीपैड, पार्किंग जोन, फूड जोन, फन जोन, मुख्य प्रवेश द्वार एवं बस स्टॉप सहित विभिन्न स्थलों को निर्धारित समय पूर्व सुव्यवस्थित करने के संबंध चर्चा की। इस दौरान आयोजन स्थल पर जेसीबी के माध्यम से समतलीकरण कार्य करने, पार्किंग व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, सिटिंग अरेंजमेंट तथा विभिन्न स्टालों की तैयारियों के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई। सचिव डॉ एस भारतीदासन एवं कलेक्टर डॉ गौरव सिंह से एस पी ग्रामीण श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा ने राज्योत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग जोन में वाहनों की सुचारू आवाजाही तथा कार्यक्रम स्थल पर भीड़ प्रबंधन से संबंधित व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की । उन्होंने मुख्य प्रवेश द्वार एवं निकास मार्गों, पार्किंग क्षेत्रों तथा आगंतुकों के सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए आवश्यक पुलिस बल की तैनाती एवं यातायात व्यवस्था के बेहतर समन्वय पर चर्चा की।

# 1 से 3 नवम्बर तक आयोजित होगा राज्योत्सव तैयारियों को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश

### छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2026 की तैयारियों की समीक्षा

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 1 से 3 नवंबर तक आयोजित होने वाले छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2026 की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में आज मंत्रालय महानदी भवन में राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्योत्सव एवं राज्य अलंकरण समारोह की तैयारियों की समीक्षा की गई।

मुख्य सचिव ने सभी विभागों को समय-सीमा में तैयारियां पूर्ण करने तथा विभागीय प्रदर्शनी की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने 22 अक्टूबर तक विभागवार तैयारियों एवं प्रदर्शनी की जानकारी उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने राज्योत्सव को केंद्रीय थीम आधारित स्वरूप में आयोजित करने पर जोर दिया। इसमें ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, मानव पूंजी विकास, विकसित भारत, अंजोर छत्तीसगढ़ जैसे विषयों के साथ भविष्य की दिशा और विकास पर फोकस रखने के निर्देश दिए। राज्योत्सव के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा 40 राज्य स्तरीय अलंकरण एवं पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। पुरस्कारों के चयन की प्रक्रिया निर्धारित समय-सारणी के अनुसार पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। संस्कृति विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। राज्य स्तरीय आयोजन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर (मेला ग्राउंड) नवा रायपुर अटल नगर के ग्राम-तूता में प्रस्तावित है।

**विभागों को दी गई प्रमुख जिम्मेदारियां :** सीएसआईडीसी, एनआरडीए, लोक निर्माण विभाग को मेला स्थल का ले-आउट, स्टॉल आंबटन, विकास प्रदर्शनी की व्यवस्था, मुख्य मंच, डोम, पंडाल, बैठक एवं बैरिकेटिंग की जिम्मेदारी दी गई है। जनसंपर्क विभाग एवं चिप्स द्वारा प्रचार-प्रसार और हाईटेक मीडिया सेंटर की व्यवस्था की जाएगी। नगर निगम रायपुर एवं एनआरडीए नागरिक सुविधाओं, सिटी बस, पेयजल एवं स्वच्छता की व्यवस्था करेंगे। जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग सुरक्षा, यातायात, पार्किंग एवं अग्निशमन व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। स्वास्थ्य एवं ऊर्जा विभाग चिकित्सा, एंबुलेंस तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था करेंगे। बैठक में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार पिंगुआ, पंचायत एवं गृह एवं जेल विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक सिंह, नगरीय प्रशासन विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती शहला निगार, मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अविनाश चम्पावत, सहकारिता विभाग के सचिव डॉ.सी.आर.प्रसन्ना, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के सचिव डॉ. एस.भारतीदासन, कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव बसवराजु एस. आदि उपस्थित थे।

# एमएसएमई छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास की मजबूत आधारशिला : उपमुख्यमंत्री शर्मा

### सीआईआई एमएसएमई कॉन्क्लेव 2.0 का उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने किया शुभारंभ

समवेत शिखर न्यूज



### एमएसएमई राज्य की औद्योगिक मूल्य-श्रृंखला की रीढ़

सीआईआई छत्तीसगढ़ राज्य परिषद के चेयरमैन एवं श्री बजरंग पावर एंड इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री बजरंग गोयल ने एमएसएमई को राज्य की औद्योगिक मूल्य-श्रृंखला की रीढ़ बताते हुए कहा कि सीआईआई उद्योग और शासन के बीच सेतु के रूप में अपनी भूमिका निभाता रहेगा। सीआईआई छत्तीसगढ़ एमएसएमई पैनल के संयोजक एवं आरती स्पंज एंड पावर लिमिटेड के निदेशक श्री आदित्य मूंदड़ा ने विषय प्रवर्तन करते हुए तकनीक, वित्त और अनुपालन सुधार को एमएसएमई के विकास के तीन महत्वपूर्ण आधार बताया। सीआईआई छत्तीसगढ़ राज्य परिषद के वाइस चेयरमैन एवं अविनाश ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री आनंद सिंघानिया ने आभार व्यक्त किया।

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) छत्तीसगढ़ राज्य परिषद द्वारा आयोजित दो दिवसीय एमएसएमई कॉन्क्लेव 2.0 का सोमवार को उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा और उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने शुभारंभ किया। ÷नवाचार एवं सतत औद्योगिक विकास द्वारा एमएसएमई का सशक्तिकरण÷ विषय पर आयोजित कॉन्क्लेव के पहले दिन 250 से अधिक उद्यमियों, नीति-निर्माताओं और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान ईज ऑफडूइंग बिजनेस, वित्तपोषण, तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और औद्योगिक विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

सीआईआई एमएसएमई कॉन्क्लेव 2.0 का उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा और उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने किया शुभारंभ

कॉन्क्लेव का उद्घाटन सत्र में उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के औद्योगिक और आर्थिक विकास में छोटे उद्योगों, कारखानों और कार्यशालाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। एमएसएमई के विकास के लिए बेहतर कानून-व्यवस्था, सुगम सड़क संपर्क और त्वरित स्वीकृतियां आवश्यक हैं। राज्य सरकार इन तीनों क्षेत्रों में बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इसके लिए शासन द्वारा उद्योग नीति बनाई गई है जिसमें एमएसएमई के साथ समावेशी विकास दिखाई देता है। उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि राज्य की औद्योगिक विकास नीति के केंद्र में एमएसएमई है। सरकार का प्रयास है कि बस्तर और सरगुजा जैसे क्षेत्रों के उद्यमियों को भी उद्योग स्थापना और संचालन से संबंधित सेवाएं उतनी ही सहजता और तेजी से मिलें, जितनी राजधानी रायपुर में उपलब्ध हैं। छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम (सीएसआईडीसी) के अध्यक्ष श्री राजीव अग्रवाल ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में तैयार भूमि और प्लग-एंड-प्ले अधोसंरचना विकसित होने से छोटी औद्योगिक इकाइयों को तेजी से उत्पादन शुरू करने में मदद मिलेगी।

**वित्त पोषण और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर विशेष चर्चा :** एमएसएमई विकास का वित्त पोषण विषय पर आयोजित सत्र में भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री विनम्र मिश्रा ने एमएसएमई क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर हुई प्रगति की जानकारी दी।

# बस्तर में बारिश और बाढ़ से तबाही मुख्यमंत्री का दौरा केवल खानापूर्ति : दीपक बैज

### भाजपा की बेरुखी, बस्तर से सरगुजा तक जनता पानी में, सरकार आराम में

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बस्तर संभाग का अधिकांश हिस्सा बारिश और बाढ़ के कारण तबाह हो चुका है। बस्तर संभाग के 571 गांव बाढ़ से पूरी तरह बर्बाद हो चुका है। 22 हजार से अधिक लोग बाढ़ की चपेट में आये है। 8 लोगों की मौतें भी हुई है। लोगों के घर, घर के सामान राशन सामग्री, कॉपी-किताब, दस्तावेज सब बर्बाद हो गया है। इस बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में सरकार के द्वारा जिस मुस्तैदी से राहत और बचाव कार्य किया जाना चाहिए वह नहीं दिखा।

मुख्यमंत्री कल एक दिन के बस्तर और सुकमा प्रवास पर गये लेकिन उनका दौरा भी केवल खानापूर्ति रहा। मुख्यमंत्री प्रभावित परिवारों को केवल 10 हजार की सहायता राशि घोषित करके आये, यह तो एसडीएम और तहसीलदार भी कर सकते थे। मुख्यमंत्री से बस्तरवासियों को उम्मीद थी की कुछ ठोस घोषणा करेंगे लेकिन उन्होंने निराश किया। हमारी मांग है सरकार बस्तर संभाग के बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता और क्षेत्र के पुल-पुलिया, सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण के लिए विशेष राहत पैकेज दें। पिछले वर्ष भी बारिश की तबाही से बस्तर के अनेकों पुल-पुलिया टूट गये थे, सड़कें बह गयी थी, वे अभी तक नहीं बनी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मुख्यमंत्री साय, हर साल बाढ़ में बस्तर सिर्फ फोटो खिंचवाने आते हैं फिर पीड़ितों को उनके हाल में छोड़कर भूल जाते हैं, पिछले साल के आपदा राहत के अधूरे काम कब पूरे करेंगे? 2025 की बाढ़ में सड़कें, पुल-पुलिया क्षतिग्रस्त हुए थे, तब जल्द मरम्मत और पुनर्निर्माण का भरोसा दिया गया था, लेकिन एक साल बाद भी यह पूरी सड़क टूटी पड़ी है। पिछले साल बाढ़ में बहे सड़क को ही बनवा दीजिए सरकार, ताकि यहां के ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा मिल सके। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार की अकर्मण्यता से आम जनता के स्वास्थ्य का खतरा मंडरा रहा है, बारिश के बाद जलजनित बीमारियों डेंगी, मलेरिया, डायरिया का खतरा मंडरा रहा है। भाजपा की बेरुखी से बस्तर से सरगुजा तक जनता पानी में है और सरकार आराम में।

शिखर बने उतुंग शिखर, अपने प्रताप से।
डरे कभी वह नहीं, किसी के उग्र शाप से।।

## संपादकीय


### कोचिंग पर निर्भरता

शिक्षा मंत्रालय नीट, जेईई और ऐसी ही अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कोचिंग पर निर्भरता घटाने के लिए जो पहल करने जा रहा है, उसमें सफलता तब मिलेगी, जब स्कूली स्तर पर और विशेष रूप से 11वीं एवं 12वीं की कक्षाओं में पठन-पाठन का स्तर उन्नत होगा। यह निजी के साथ सरकारी स्कूलों में भी उन्नत होना चाहिए। और भी अच्छा होगा कि आठवीं के बाद ही जब छात्र विज्ञान एवं गणित विषयों का चयन करते हैं, तभी से उनके पाठ्यक्रम और प्रश्नपत्रों का स्तर ऐसा किया जाए, जिससे वे आगे चलकर नीट और जेईई जैसी परीक्षाओं में कोचिंग का सहारा लेने के लिए विवश न हों।

एक समय था, जब इंटरमीडिएट के छात्रों को इंजीनियरिंग और मेडिकल की प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होने के लिए किसी कोचिंग की जरूरत नहीं पड़ती थी, लेकिन धीरे-धीरे स्थितियां बदलीं और फिर कोचिंग के चलन ने एक बड़े उद्योग का रूप ले लिया। इसका कारण हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के पठन-पाठन के स्तर में कमी के साथ यह भी रहा कि इंजीनियरिंग और मेडिकल की प्रवेश परीक्षाओं में पूछे जाने वाले प्रश्नों का स्तर कठिन होता गया। समझना कठिन है कि जिस स्तर के प्रश्न उक्त परीक्षाओं में पूछे जाते हैं, उसी स्तर के प्रश्न 11वीं और 12वीं परीक्षाओं में क्यों नहीं शामिल किए जा सकते? आखिर जब पाठ्यक्रम एक है तो स्कूली और प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्नों का स्तर अलग-अलग क्यों? निःसंदेह यह अंतर इसलिए आया, क्योंकि शिक्षा बोर्डों का उद्देश्य अधिक से अधिक छात्रों को 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में सफल बनाना होता है और वह भी अच्छे नंबरों से। यह किसी से छिपा नहीं कि आजकल कुछ शिक्षा बोर्डों की परीक्षाओं में 90 प्रतिशत अंक लाना बहुत आम हो गया है। शिक्षा बोर्डों और साथ ही विद्यालयों का उद्देश्य छात्रों को केवल स्कूली परीक्षाओं में पास होने लायक ही नहीं, बल्कि मेडिकल, इंजीनियरिंग आदि क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम बनाना भी होना चाहिए। यह अच्छा हुआ कि शिक्षा मंत्रालय ने यह समझा कि इंजीनियरिंग और मेडिकल की प्रवेश परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों को तैयार करने में एनसीईआरटी के साथ दूसरे शिक्षा बोर्डों के पाठ्यक्रम को भी आधार बनाने की आवश्यकता है, लेकिन इस आवश्यकता की पूर्ति तब होगी, जब केंद्रीय और राज्यों के शिक्षा बोर्डों के पाठ्यक्रम में साम्य होगा। शिक्षा मंत्रालय को यह भी समझना होगा कि केवल इंजीनियरिंग और मेडिकल की प्रवेश परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों को ही कोचिंग संस्कृति से बचाने की आवश्यकता नहीं है। यह आवश्यकता अन्य परीक्षाएं देने वाले छात्रों के संदर्भ में भी है। इसी के साथ उसे ट्यूशन संस्कृति पर भी विराम लगाने पर विचार करना चाहिए।

# बिखरी हुई व्यवस्था की कीमत अब छिपी नहीं है

■ डॉ. गिरधर जे. ज्ञानी



भारत के कई हिस्सों में आज भी एक डॉक्टर से दूसरे डॉक्टर तक मरीज की जानकारी पहुंचाने का मुख्य जरिया खुद मरीज ही है। वह हर बार अपनी पुरानी मेडिकल रिपोर्ट लेकर जाती है- कागजों की फाइल, मोबाइल में जांच की तस्वीरें या फिर सिर्फ अपनी याददाश्त के भरोसे। इलाज के हर चरण में नई जानकारी तैयार होती है, लेकिन अक्सर वह अगले डॉक्टर या अस्पताल तक नहीं पहुंच पाती।

अस्पतालों के लिए इस कमी को दूर करना लंबे समय तक प्राथमिकता नहीं रहा। जब स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल बनाने की बात हुई, तो मुख्य सवाल यही रहा कि इसमें कितना खर्च आएगा और अस्पतालों को अपनी व्यवस्था में कितना बदलाव करना पड़ेगा।

स्वास्थ्य क्षेत्र में कोई नई डिजिटल व्यवस्था एक सप्ताहांत में लागू नहीं की जा सकती। अस्पतालों में वर्षों पुराने सॉफ्टवेयर, अलग-अलग तरह की काम करने की प्रक्रियाएं और डिजिटल तकनीक के इस्तेमाल का अलग-अलग स्तर है। छोटे अस्पतालों के लिए तकनीक पर खर्च किया गया हर रुपया बिस्तरों, उपकरणों और कर्मचारियों पर होने वाले खर्च से जुड़ा होता है। इसलिए हमेशा यह सवाल रहा कि क्या नई व्यवस्था वास्तव में ऐसी समस्या का समाधान करेगी, जिसका समाधान जरूरी है। अब सवाल बदल गया है। ज्यादा महत्वपूर्ण सवाल यह है कि मरीजों की जानकारी अलग-अलग जगह बंटी रहने की वजह से अस्पतालों और मरीजों को पहले से कितना नुकसान हो रहा है।

मरीज के इलाज का पूरा सफर इस समस्या को साफ दिखाता है। वह पहले किसी स्थानीय डॉक्टर को दिखा सकती है, फिर किसी जांच केंद्र पर जांच करा सकती है, उसके बाद विशेषज्ञ डॉक्टर से सलाह ले सकती है और अंत में अस्पताल में भर्ती हो सकती है। इलाज के हर चरण में मरीज से जुड़ी नई जानकारी तैयार होती है, लेकिन यह जानकारी अक्सर डॉक्टर, क्लिनिक और जांच केंद्र के बीच आगे नहीं पहुंचती। इसके बाद क्या होता है, यह हम सभी अच्छी तरह जानते हैं कि मरीज की पूरी मेडिकल हिस्ट्री उपलब्ध नहीं होती, वही जांच दोबारा करानी पड़ती है, इलाज में अनावश्यक देरी होती है और ऐसी जानकारी जुटाने में घंटों लग जाते हैं जो पहले से कहीं और मौजूद होती है।लंबे समय तक डेटा को अस्पताल या संस्था की अपनी संपत्ति की तरह देखा गया, जिसे अपने पास रखा जाए। जबकि असल में यह ऐसी जानकारी है, जिसे मरीज के साथ आगे बढ़ना चाहिए। अलग-अलग कंपनियों के अलग-अलग प्रारूप और एक-दूसरे से मेल न खाने वाली डिजिटल व्यवस्थाओं ने इस समस्या को और बढ़ाया है। अब जानकारी को अलग-अलग जगह बंद रखने की कीमत इतनी बढ़ गई है कि इसका नुकसान मरीजों और अस्पतालों, दोनों को हो रहा है। इसी वजह से निजी अस्पतालों ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन यानी एबीडीएम को एक अलग नजरिए से देखना शुरू किया है।




विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी कहा है कि अलग-अलग डिजिटल स्वास्थ्य प्रणालियों के बीच जानकारी के आदान-प्रदान के लिए एक समान मानकों की जरूरत है। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि मरीज जहां भी इलाज कराए, उसकी जरूरी स्वास्थ्य जानकारी अगले डॉक्टर या अस्पताल के काम आ सके। दुनिया के अलग-अलग देशों के अनुभव बताते हैं कि जब मरीज की स्वास्थ्य जानकारी एक जगह से दूसरी जगह आसानी से नहीं पहुंचती, तो मरीज को खराब अनुभव हो सकता है, एक ही जांच बार-बार हो सकती है और इलाज में देरी हो सकती है। इसके विपरीत, अलग-अलग स्वास्थ्य प्रणालियों के बीच बेहतर तालमेल से जांचों की दोहराव वाली जरूरत और अस्पताल में दोबारा भर्ती होने के मामलों में कमी देखी गई है।प्रशासन के स्तर पर भी यही समस्या दिखाई देती है। एक अस्पताल कई बीमा कंपनियों और भुगतान करने वाली संस्थाओं के साथ काम करता है। इनमें से हर संस्था की अपनी डिजिटल व्यवस्था और अपने तरीके होते हैं। जब ये व्यवस्थाएं एक-दूसरे से ठीक से बात नहीं कर पातीं, तो बीमा दावों की प्रक्रिया बेवजह धीमी और महंगी हो जाती है। इसका सीधा असर अस्पताल की वित्तीय टीम और उसके पैसे के प्रवाह पर पड़ता है।नेशनल हेल्थ क्लेम्स एक्सचेंज (एनएचसीएक्स) इसी समस्या को दूर करने की कोशिश करता है। यह बीमा दावों की प्रक्रिया को एक समान बनाने पर काम करता है। चाहे डॉक्टर के लिए जरूरी जांच रिपोर्ट हो या अस्पताल और बीमा कंपनी के बीच भेजा जाने वाला दावा, अगर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एक जगह से दूसरी जगह आसानी से नहीं पहुंच सकती, तो यह पूरी व्यवस्था की कमी है।

एनएचसीएक्स और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन स्वास्थ्य क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों पर काम करते हैं, लेकिन दोनों के पीछे मूल सोच एक ही है-जानकारी सुरक्षित तरीके से, एक समान व्यवस्था के तहत और जरूरी सुरक्षा उपायों के साथ एक जगह से दूसरी जगह पहुंच सके।लेकिन स्वास्थ्य क्षेत्र में डिजिटल व्यवस्था सिर्फ ऊपर से लागू नहीं की जा सकती। इसे डॉक्टरों, अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवाएं देने वालों के साथ मिलकर तैयार करना होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी चेतावनी दी है कि अगर डिजिटल व्यवस्था अलग-अलग और केवल ऊपर से तय करके लागू की जाती है, तो इससे स्वास्थ्य व्यवस्था में बिखराव और स्वास्थ्य कर्मचारियों पर प्रशासनिक बोझ बढ़ सकता है। इसलिए अलग-अलग प्रणालियों को आपस में जोड़ना ही मुख्य लक्ष्य होना चाहिए।भारत में यह बात खास तौर पर महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां निजी स्वास्थ्य क्षेत्र बहुत विविध है। महानगर का एक बड़ा कॉरपोरेट अस्पताल और दूसरे या तीसरे स्तर के शहर का छोटा अस्पताल एक जैसी तकनीक, संसाधन या डिजिटल व्यवस्था लागू करने की क्षमता नहीं रखते।छोटे अस्पताल में अलग से तकनीकी टीम भी नहीं हो सकती। अगर डिजिटल व्यवस्था सही तरीके से नहीं बनाई गई, तो उसे लागू करने का अतिरिक्त बोझ भी अस्पताल पर पड़ सकता है। इसलिए डिजिटल व्यवस्था को अपनाने की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि अस्पतालों को कितना व्यावहारिक सहयोग मिलता है और नई व्यवस्था मरीजों के इलाज के मौजूदा तरीके के साथ कितनी आसानी से जुड़ पाती है।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के दूत और एनएचसीएक्स के समर्थक के रूप में, एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स ऑफ इंडिया (एएचपीआई) राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के साथ मिलकर काम कर रहा है। इसका उद्देश्य अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा देने वालों को इन डिजिटल व्यवस्थाओं का व्यावहारिक लाभ समझाना, अलग-अलग तरह के अस्पतालों में इनके इस्तेमाल को बढ़ावा देना और अस्पतालों के अनुभवों को उन लोगों तक पहुंचाना है, जो इन डिजिटल व्यवस्थाओं को तैयार कर रहे हैं।निजी स्वास्थ्य क्षेत्र सिर्फ भारत की डिजिटल स्वास्थ्य व्यवस्था का इस्तेमाल करने वाला नहीं रह सकता। अस्पताल इस व्यवस्था के सबसे महत्वपूर्ण उपयोगकर्ताओं में हैं, इसलिए उन्हें इसे बनाने में भी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा देने वालों को जानकारी के अलग-अलग जगह बंटे होने और आपसी तालमेल की कमी का जो अनुभव होता है, उसे देश में डिजिटल स्वास्थ्य व्यवस्था को आगे बढ़ाने की योजना में शामिल करना होगा। आगे का काम चार हिस्सों में बांटा जा सकता है।

इस पेज में प्रकाशित लेख लेखक के उनके निजी विचार हैं।

## प्रेरक प्रसंग

### किसान और उसके आलसी बेटे

एक गांव में एक किसान रहता था उसके दो बेटे थे और दोनों पहले दर्ज के आलसी थे !

किसान दिनभर खेत में मेहनत करता और दोनों बेटों का भरण पोषण करता ! एक दिन किसान बीमार पड़ गया! हर तरह के इलाज के बाद भी उसकी बीमारी ठीक होने का नाम नहीं ले रही थी !

आज समझ गया था कि अब वह ज्यादा दिन तक जीवित नहीं रहेगा उस अपने दोनों बेटों की चिंता थी कि उसके मरने के बाद उनका क्या होगा !

एक दिन लेटे-लेटे उसे एक तरकीब सूझी ! दोनों बेटे को बुलाकर कहा,÷ मेरे अंगूरों के बाग में बहुत नीचे तुम्हारे लिए खजाना दबाया हुआ है ! मेरे मरने के बाद उसे खोदकर निकाल देना !

किसान के मरने के बाद किसान के बेटे अंगूरों के बाग में गए ! उन्होंने पूरा खेत खोद डाला पर वहां उनके हाथ कुछ भी नहीं लगा ! वे अपने पिता को कोसने लगे! कुछ दिनों बाद बरसात हुई और उनकी अंगूर की बेल लहलहाने लगी ! बेले अंगुरो से लद गई थी ! अंगूर पकने पर उन्होंने उन्हें महंगे भाव से बेचा और अमीर बन ! उन्हें बात समझ आई कि उनके पिता ने इस खजाने के बारे में कहा था !

निष्कर्ष : इस प्रेरणादायक लघु कहानी से सीख मिलती है - परिश्रम से ही सफलता मिलती है !

## धर्म-कर्म

### 'ब्रह्मकपाल' में होता है अंतिम श्राद्ध, इसके बाद नहीं होता कोई श्राद्ध, गया से भी 8 गुना पुण्यफलदायी

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार मृत व्यक्ति की मोक्ष प्राप्ति के लिए पिंडदान करने का विशेष महत्व है। इनमें भी गया, पुष्कर, प्रयागराज, हरिद्वार, काशी आदि तीर्थों में पिंडदान करने का विशेष महत्व है, लेकिन स्कंद पुराण के अनुसार बद्रीनाथ तीर्थ के अलकनंदा नदी के तट पर स्थित 'ब्रह्मकपाल' क्षेत्र में श्राद्ध के दिनों में किया गया पिंडदान 'गया' तीर्थ में किए गए पिंडदान से आठ गुना अधिक पुण्यदायी है।

**कहां होता है अंतिम श्राद्ध :** ऐसी मान्यता है कि बद्रीनाथ में ब्रह्मकपाल में अंतिम श्राद्ध किया जाता है। इसके पश्चात संबंधित व्यक्ति के निमित्त किसी भी प्रकार का श्राद्ध कर्म या पिंडदान नहीं किया जाता है ऐसी मान्यता है कि जिन पितरों को गया में श्राद्ध करने पर भी मुक्ति नहीं मिलती, उनका श्राद्ध यहां करने पर उन्हें मुक्ति मिल जाती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार ब्रह्मा यहां ब्रह्मकपाल के रूप में निवास करते हैं। अलकनंदा नदी के तट पर ब्रह्मा के पाचवें सिर की आकृति की शिला आज भी मौजूद है।

**पितरों का पिंडदान व तर्पण करने से उसके कुल के सभी पितृ मुक्त :** श्रीमद्भागवत महापुराण के अनुसार पांडवों ने अपने कुल के नाश के दोष से मुक्ति पाने के लिए स्वर्गारोहण के समय ब्रह्मकपाल में ही अपने पितरों का तर्पण किया था। ब्रह्मकपाल की पितरों की मोक्ष प्राप्ति के सर्वोच्च तीर्थ के रूप में महत्ता है।

## आंचलिक

# बाढ़ की विभीषिका के बीच प्रभावित गांवों में पहुंचे पूर्व विधायक रेखचंद जैन

### नदी बोड़ना, भेजापदर और रामपाल में हालात का लिया जायजा, ग्रामीणों को बांटी राहत सामग्री

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** बस्तर में लगातार बारिश के बाद बाढ़ से उपजे हालात का जायजा लेने पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन मंगलवार को प्रभावित गांवों के दौरे पर पहुंचे। उन्होंने नदी बोड़ना, भेजापदर और रामपाल गांव पहुंचकर बाढ़ से प्रभावित परिवारों और ग्रामीणों से मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं और नुकसान की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने प्रभावित ग्रामीणों को राहत सामग्री भी वितरित की।



बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों से चर्चा के दौरान रेखचंद जैन ने शासन-प्रशासन से प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत और पुनर्वास की सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा ने कई परिवारों के सामने रोजी-रोटी और आवास का संकट खड़ा कर दिया है। ऐसे में शासन को संवेदनशीलता के साथ प्रभावित परिवारों की मदद के लिए आगे आना चाहिए।

**आवास, ऋण माफी और कृषि सहायता की मांग :** पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने शासन से मांग की कि बाढ़ से प्रभावित परिवारों को तत्काल आवास योजना का लाभ देते हुए सुरक्षित आवास उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही प्रभावित किसानों और ग्रामीणों के ऋण माफ किए जाएं तथा खेती-किसानी से जुड़ी सभी आवश्यक सुविधाएं एवं शासकीय लाभ उपलब्ध कराए जाएं, ताकि आपदा के बाद प्रभावित परिवार दोबारा अपने जीवन और आजीविका को पटरी पर ला सकें। उन्होंने बाढ़ से हुए नुकसान का शीघ्र सर्वेक्षण कराने और शासन द्वारा निर्धारित मुआवजा राशि का वितरण जल्द से जल्द किए जाने की मांग भी की। जैन ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाना और उन्हें आर्थिक रूप से संभालना शासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। इस दौरान हेमू उपाध्याय, सुरेंद्र झा, गौरनाथ नाग, लैखन बघेल, बुधसन नाग, घनश्याम महापात्र सहित अन्य कार्यकर्ता एवं सहयोगी मौजूद रहे।

## साप्ताहिक समय-सीमा की हुई बैठक

समवेत शिखर संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज समय सीमा बैठक का आयोजन कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में कलेक्टर सर्वप्रथम माननीय उच्च न्यायालय छ ग द्वारा पारित निर्णयों पर आवश्यक कार्यवाही, लंबित याचिका के जवाबदावा प्रस्तुतिकरण, के संबंध में संबधित विभागों से जानकारी चाही। बैठक में निर्देश दिया गया कि संबंधित विभागों द्वारा उच्च न्यायालय में यदि रिप्लाई फाइल हो गया है तो उसकी कॉपी में प्रस्तुत करें। अथवा यदि नही हुआ है तो उसकी समय सीमा में अवगत कराया जाए। इसके अलावा हाई कोर्ट के ऑडर के कंप्लायंस की जानकारी एवं उसके अद्यतन की जानकारी के संबंध में कलेक्टर से जरूरी चर्चा करें।

इस क्रम में कलेक्टर द्वारा सीएम हेल्पलाइन पोर्टल की भी समीक्षा की गई इसमें विभागों के समक्ष निराकृत एवं लंबित शिकायतें एवं समय सीमा तथा तीन दिवस के अंदर दी जाने वाली निराकृत शिकायतों के संबंध में पूनः विभागों को सचेत करते हुए कहा कि विभाग प्रमुख शिकायतों का औचित्यपूर्ण निराकरण करें। इस दौरान उन्होंने विलंब कर रहे विभागों के प्रति नाखुशी जाहीर की। इसके साथ ही कलेक्टर ने ग्रामीण और कृषि सेवा सूचकांक''(पारस पोर्टल) के तहत अपडेट, जिले की प्रविष्टियां एवं अन्य जिलों की तुलनात्मक स्थिति के संबंध में भी विभागों को कहा कि जिन-जिन योजनाओं में जिले की स्थिति संतोषप्रद नही है इसके लिए विभाग प्रमुख अपने मैदानी कर्मचारियों को लक्ष्य देते हुए उसकी पूर्ति के लिए विशेष रणनीति अपनाएं। कलेक्टर ने सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उदाहरण देते हुए कहा कि कई अन्य जिले इसमें बेहतर प्रदर्शन कर रहे है जबकि वहां की भौगोलिक परिस्थितियां कमोबैश हमारी जैसी ही है।

## आज का इतिहास

- 1687 : औरंगजेब ने हैदराबाद के गोलकुंडा के किले पर क़ब्ज़ा किया।
- 1947 : पाकिस्तान और यमन संयुक्त राष्ट्रसंघ में शामिल हुए।
- 1984 : उत्तरी एवं दक्षिणी कोरिया के बीच 1945 के बाद पहली बार सीमाएँ खोली गईं।
- 1993 : भारत के महाराष्ट्र राज्य के औरंगाबाद में भूकम्प के कारण 10,000 हज़ार से अधिक लोग मारे गए एवं लाखों बेघर हो गए।
- 2001 : इस्रायल की आतंरिक मंत्रिपरिषद ने फ़िलिस्तीन के साथ हुए समझौते को मंज़ूरी दी।
- 2001 - कांग्रेस के वरिष्ठ नेता माधव राव सिंधिया का निधन।
- 2002 : पाकिस्तान में कट्टरपंथी मुसलमानों ने एक मंदिर को तोड़ा, चीन ने भारत के साथ स्वेच्छा वार्ता को और सार्थक बनाने की इच्छा व्यक्त की।
- 2003 : विश्वनाथन आनंद ने विश्व रैपिड शतरंज चैम्पियनशिप जीती।

## प्रथम पेज का शेष

### भारत को शूटिंग ट्रैप स्पर्धा ...

महिलाओं की 4×400 मीटर रिले में गोल्ड है खास : भारत की किरण पहल, मचेत्तिरा राजू पूवम्मा, प्राची चौधरी और विथ्या रामराज ने महिलाओं की 4×400 मीटर रिले में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने फ़ाइनल में 3¬29.69 का समय लिया। बहरीन ने 3¬30.21 के समय के साथ सिल्वर मेडल जीता, जबकि चीन ने 3¬31.02 के समय के साथ ब्रॉन्ज़ मेडल हासिल किया। आइची-नागोया 2026 में एथलेटिक्स में भारत का यह पहला गोल्ड मेडल है।

भारत के लिए महिलाओं की 4×400 मीटर रिले का गोल्ड बेहद अहम रहा। इस गोल्ड के बिना भारत के लिए 1994 के बाद यह पहला एशियन गेम्स होता, जिसमें एथलेटिक्स में कोई गोल्ड नहीं मिलता। इस जीत को इसलिए भी खास माना जा रहा है क्योंकि भारत की सबसे सफल एथलेटिक्स टीम ने यह उपलब्धि हासिल की। पीटी उषा और उनकी 400 मीटर रिले टीम ने 1980 और 1990 के दशक में एशियन स्तर पर भारत की एथलेटिक्स पहचान मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई थी। अब वित्या रामराज और उनकी टीम ने उसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए एची-नागोया गेम्स में भारत को यादगार गोल्ड दिलाया। वित्या के लिए यह जीत और खास रही। उन्होंने एक दिन पहले ही 400 मीटर हर्डल्स में पीटी उषा का रिकॉर्ड तोड़ा था और कहा था कि एक और मेडल आएगा। अगले ही दिन उन्होंने 4×400 मीटर रिले में गोल्ड जीतकर अपना तीसरा मेडल हासिल किया।

**4×100 मीटर मिक्स्ड रिले में ब्रॉन्ज :** भारत ने 4×100 मीटर मिक्स्ड रिले में 41.06 सेकेंड के साथ ब्रॉन्ज जीता। चीन 40.78 सेकेंड के साथ गोल्ड और थाईलैंड 40.87 सेकेंड के साथ सिल्वर रहा। गुरिंदरवीर सिंह ने भारत को तेज शुरुआत दिलाई, स्नेहा ने लय बनाए रखी। अनिमेष को थाईलैंड के बूनसन ने पीछे छोड़ा, लेकिन आखिरी लेग में हरिता ने बेहतरीन दौड़ लगाकर भारत को पोडियम तक पहुंचाया।

महिला हाई जंप में पूजा को ब्रॉन्ज : पूजा ने महिला हाई जंप में ब्रॉन्ज जीता। उन्होंने 1.84 मीटर की ऊंचाई पार की। 1.87 मीटर पर उनके तीनों प्रयास असफल रहे।

पुरुष 4×400 मीटर रिले में भी ब्रॉन्जः महिला टीम के गोल्ड के बाद पुरुष टीम गोल्ड की उम्मीद लेकर उतरी, लेकिन ब्रॉन्ज जीत सकी। जापान ने गोल्ड और कतर ने सिल्वर जीता। भारत के लिए मनु टी. और विशाल टीके ने दूसरे और चौथे लेग में मजबूत प्रदर्शन किया, लेकिन टीम जापान और कतर की बराबरी नहीं कर सकी। भारतीय टीम में धर्मवीर चौधरी, मनु टी., जय कुमार और विशाल टीके शामिल थे।देव मीणा ने नेशनल रिकॉर्ड बनाया : पुरुष पोल वॉल्ट में देव कुमार मीणा ने 5.50 मीटर की छलांग लगाकर अपना ही नेशनल रिकॉर्ड बेहतर किया, लेकिन वह सातवें स्थान पर रहे। कुलदीप कुमार 5.35 मीटर के साथ 10वें स्थान पर रहे।

बॉक्सिंग में दो फाइनल, नरेंद्र को ब्रॉन्ज : महिला 65 किग्रा में परवीन ने चीन की ली शु को 5-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। अब उनका मुकाबला चाइनीज ताइपे की चेन निएन-चिन से होगा। वहीं पुरुष 80 किग्रा में अंकुश पंघाल ने उज्बेकिस्तान के फजलीद्दीन एर्किनबोएव को 4-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अंकुश ने निर्णायक तीसरा राउंड 5-0 से जीता। पुरुष +90 किग्रा सेमीफाइनल में नरेंद्र को कजाकिस्तान के आइबेक ओरलबाय ने सर्वसम्मत फैसले से हराया। नरेंद्र को ब्रॉन्ज मिला।

### सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम...

उन्होंने कहा कि आम नागरिकों तक यह संदेश प्रभावी रूप से पहुंचना चाहिए कि सड़क दुर्घटना देखकर घबराएं नहीं, बल्कि पीड़ित व्यक्ति की सहायता के लिए आगे आएं। बैठक में बताया गया कि पीएम-राहत योजना के अंतर्गत पात्र सड़क दुर्घटना पीड़ितों को दुर्घटना की तारीख से अधिकतम सात दिनों तक 1.50 लाख रुपए तक कैशलेस उपचार की सुविधा का प्रावधान है। वहीं राहवीर योजना सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की समय पर सहायता करने वाले नागरिकों की भागीदारी को प्रोत्साहित करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता से सड़क दुर्घटना पीड़ितों को समय पर उपचार दिलाने में बड़ी मदद मिल सकती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना की समीक्षा करते हुए इसे और विस्तार देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे ग्रामीण, वनांचल और दूरस्थ क्षेत्रों को प्राथमिकता से चिन्हित किया जाए, जहां अभी नियमित सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन केवल आवागमन का माध्यम नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बाजार जैसी आवश्यक सुविधाओं तक पहुंच का महत्वपूर्ण आधार है। दूरस्थ गांव को बस सेवा से जोड़ने का अर्थ वहां के लोगों के लिए अनेक नए अवसरों के द्वार खोलना है। शासन का प्रयास होना चाहिए कि प्रदेश के अंतिम छोर पर रहने वाले व्यक्ति तक भी सुगम, सुरक्षित और सुलभ सार्वजनिक परिवहन सेवा पहुंचे।

बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के अंतर्गत वर्तमान में 13 जिलों के 106 मार्गों पर 107 बसों का संचालन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने परिवहन सुविधा से वंचित क्षेत्रों का सर्वे कर नए मार्गों की संभावनाओं का परीक्षण करने और आवश्यकता के अनुसार योजना का विस्तार करने के निर्देश दिए।

**कोंटा-जगरगुंडा बस सेवा से दुर्गम क्षेत्र में आसान हुआ सफर :** बैठक में दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के सकारात्मक प्रभावों की भी जानकारी दी गई। कोंटा से जगरगुंडा के बीच पहली बार प्रारंभ हुई बस सेवा से क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिली है।बताया गया कि अंदरूनी और सुदूर क्षेत्रों से इस यात्रा में पहले लगभग छह घंटे तक का समय लग जाता था। बस सेवा प्रारंभ होने के बाद यही सफर लगभग 45 मिनट में पूरा हो रहा है। इससे स्थानीय लोगों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच आसान हुई है।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी विकास की गति को तेज करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। जिन क्षेत्रों में वर्षों तक सार्वजनिक परिवहन सीमित रहा है, वहां नियमित बस सेवा आम नागरिकों के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है।

**पर्यटन मिशन से जुड़े परिवहन विभाग, पर्यटन स्थलों तक बढ़े कनेक्टिविटी :** मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश में पर्यटन विकास की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पर्यटन स्थलों तक सुरक्षित और सुविधाजनक पहुंच सुनिश्चित करने में परिवहन विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने पर्यटन मिशन के साथ परिवहन विभाग की भूमिका को प्रभावी रूप से जोड़ने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रमुख पर्यटन स्थलों के लिए बेहतर सार्वजनिक परिवहन और कनेक्टिविटी विकसित करने की संभावनाओं पर कार्य किया जाए। पर्यटकों के लिए सुविधाजनक आवागमन की व्यवस्था से प्रदेश के पर्यटन स्थलों तक पहुंच बढ़ेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### तरेगांव वन परिक्षेत्र के आमापानी में क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण, पौधों की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**कवर्धा।** पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को जनभागीदारी से आगे बढ़ाने के उद्देश्य से जिले में सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न सेवा एवं जनहितकारी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में वन विभाग द्वारा तरेगांव वन परिक्षेत्र के आमापानी परिसर में क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण एवं कौशल विकास से संबंधित गतिविधि आयोजित की गई। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत केजुअल्टी कार्य कक्ष क्रमांक आरएफ/35 के परिसर में पौधरोपण कार्य किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण और वन क्षेत्र को हराभरा बनाए रखने के उद्देश्य से पौधों का रोपण कर उनकी सुरक्षा एवं नियमित देखभाल पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय स्तर पर कौशल विकास से जुड़ी गतिविधियों को भी प्रोत्साहित किया गया। प्रतिभागियों को पौधरोपण, पौधों की देखभाल एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। इससे स्थानीय लोगों में प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ रोजगारोन्मुखी कौशल को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस गतिविधि में वन संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन और कौशल विकास को एक साथ जोड़ते हुए जनभागीदारी को बढ़ावा दिया गया। पौधरोपण के साथ उनकी सुरक्षा और नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया गया।

### पांडातराई में सफाई मित्रों के लिए लगा स्वास्थ्य-सुरक्षा शिविर

**कवर्धा।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के अंतर्गत नगर पंचायत पांडातराई में सफाई मित्र सुरक्षा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य नगर पंचायत में कार्यरत सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जांच करने के साथ उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। शिविर के दौरान सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। सफाई कार्य के दौरान होने वाली संभावित स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचाव के उपायों की जानकारी देते हुए सुरक्षा उपकरणों के अनिवार्य उपयोग, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के प्रति जागरूक किया गया। सफाई मित्रों को कार्य के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने, नियमित रूप से व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने तथा स्वास्थ्य संबंधी किसी भी परेशानी को नजरअंदाज न करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही स्वच्छता कार्य में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देने का संदेश दिया गया।



# जैन मंदिर रोड के नाम परिवर्तन के मुद्दे पर दो पक्षों में विवाद की स्थिति, सकल जैन समाज ने नाम यथावत रखने महापौर से लगाई गुहार

### 136 साल पुराने ऐतिहासिक जैन मंदिर से जुड़ा है मार्ग का नाम, मुद्दा सामने आने से सकल जैन समाज में आक्रोश

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** शहर के ब्राह्मणपारा वार्ड क्रमांक 32 स्थित कंकालिन मंदिर चौक को गांधी चौक से जोड़ने वाले जैन मंदिर रोड के नाम परिवर्तन को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई है। इस मार्ग पर करीब 136 वर्ष पुराना ऐतिहासिक श्री दिगंबर जैन मंदिर (बड़ा जैन मंदिर) स्थित है। जैन समाज के अनुसार मंदिर की स्थापना के समय से ही इस मार्ग को जैन मंदिर रोड के नाम से जाना जाता है। ऐसे में मार्ग का नाम बदले जाने के मुद्दे का सकल जैन समाज ने विरोध करते हुए इसे यथावत रखने की मांग की है।

बताया गया है कि उक्त मार्ग का नाम वरिष्ठ भाजपा नेता रहे स्व. चैनसुख भट्टड़ के नाम पर किए जाने को लेकर नगर निगम में आवेदन दिया गया है। इसके बाद नामकरण को लेकर क्षेत्र में दो पक्षों के बीच मतभेद की स्थिति बनी है। इसे लेकर मंगलवार को श्री दिगंबर जैन पंचायत दुर्ग एवं सकल जैन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने महापौर अलका बाघमार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और जैन मंदिर रोड का नाम यथावत रखने की मांग की। इस दौरान सकल जैन समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि जैन मंदिर रोड केवल एक सड़क का नाम नहीं, बल्कि जैन समाज की ऐतिहासिक एवं धार्मिक पहचान से जुड़ा हुआ है। प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि मार्ग के नाम में किसी भी प्रकार का परिवर्तन समाज के लिए स्वीकार्य नहीं होगा। श्री दिगंबर जैन पंचायत के महामंत्री संदीप लुहाड़िया ने बताया कि जैन मंदिर रोड का उल्लेख गूगल मैप, मानचित्र तथा नगर निगम के वर्ष 1960 के अभिलेखों में भी इसी नाम से दर्ज है।



मार्ग के आसपास करीब 300 परिवार निवास करते हैं, जिनकी आबादी एक हजार से अधिक है। उन्होंने कहा कि यहां निवासरत लोगों के आधार कार्ड सहित अनेक शासकीय एवं अर्धशासकीय दस्तावेजों में भी जैन मंदिर रोड पता दर्ज है। ऐसे में नाम परिवर्तन से आम लोगों को दस्तावेजों में संशोधन सहित अनेक व्यवहारिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि जैन मंदिर रोड का नाम ऐतिहासिक रूप से स्थापित है और इसे बदलना व्यवहारिक दृष्टि से भी उचित नहीं होगा। समाज की धार्मिक एवं ऐतिहासिक भावनाएं भी इस मार्ग के नाम से जुड़ी हुई हैं।

**दिगंबर जैन पंचायत के महामंत्री :** संदीप लुहाड़िया ने कहा कि सकल जैन समाज वरिष्ठ भाजपा नेता रहे स्व. चैनसुख भट्टड़ का सम्मान करता है। भाजपा संगठन और सार्वजनिक जीवन में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। समाज को उनके नाम पर किसी अन्य स्थान का नामकरण किए जाने पर कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि जैन मंदिर रोड को छोड़कर शहर में किसी अन्य उपयुक्त स्थान का नाम स्व. चैनसुख भट्टड़ के नाम पर किया जाता है तो सकल जैन समाज उसका स्वागत करेगा। महापौर को ज्ञापन सौंपने के दौरान श्री दिगंबर जैन पंचायत के संरक्षक कैलाश बाकलीवाल, महावीर गंगवाल, संतोष जैन, अध्यक्ष ज्ञानचंद पाटनी, महामंत्री संदीप लुहाड़िया, उपाध्यक्ष सुरेश जैन, उपमंत्री रमेश सेठी, कोषाध्यक्ष महेंद्र पाटनी, श्री दिगंबर जैन खंडेलवाल पंचायत के अध्यक्ष राकेश छाबड़ा, मंत्री पंकज छाबड़ा, उपमंत्री मनोज बाकलीवाल, महावीर जयंती समारोह समिति के उपाध्यक्ष मनीष विमल बड़जात्या, अक्षय जैन, हाउसिंग बोर्ड मंदिर के अध्यक्ष रमेश जैन बाकलीवाल, मंत्री राकेश जैन, स्टेशन रोड मंदिर के अध्यक्ष अनिल जैन, मंत्री धर्मेंद्र जैन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। महिला मंडल अध्यक्ष मीना पाटनी, मंत्री अनीता बाकलीवाल, ममता पाटनी, सुनीता गोधा, चुन्नी बाई गोधा, सुनीता लुहाड़िया, रंजू सेठी, बबीता बाकलीवाल, श्रीमती रतन पाटनी सहित सकल जैन समाज के अन्य सदस्य भी प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे।

# पंडरिया में आरआरआर सेंटर और एमआरएफ प्लांट की हुई विशेष सफाई



### स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत परिसर का रख-रखाव कर कचरे के पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण को दिया बढ़ावा

समवेत शिखर संवाददाता

**कवर्धा।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद पंडरिया द्वारा आरआरआर सेंटर के रख-रखाव एवं एमआरएफप्लांट की साफ-सफाई का विशेष अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ कचरे के पुनः उपयोग, पुनर्चक्रण एवं उचित प्रबंधन को बढ़ावा देना रहा।

अभियान के दौरान आरआरआर सेंटर एवं एमआरएफप्लांट परिसर की साफ-सफाई कर उसे व्यवस्थित एवं स्वच्छ बनाया गया। साथ ही परिसर में उपलब्ध व्यवस्थाओं का रख-रखाव किया गया, ताकि अनुपयोगी एवं पुनः उपयोग योग्य वस्तुओं के संग्रहण और उचित प्रबंधन की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सके। इस दौरान नागरिकों को आरआरआर सेंटर के महत्व के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि घरों में अनुपयोगी लेकिन पुनः उपयोग योग्य वस्तुओं को इधर-उधर फेंकने के बजाय आरआरआर सेंटर में जमा किया जा सकता है। इससे ऐसी वस्तुओं का पुनः उपयोग एवं उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी और कचरे की मात्रा को कम किया जा सकेगा।

# सेवा संकल्प अभियान की सभी गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित करें : कलेक्टर प्रजापति

### समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

समवेत शिखर संवाददाता



**कवर्धा।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में आयोजित होने वाली सभी गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत अब तक संपन्न गतिविधियों तथा आगामी आयोजनों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के कार्यों एवं शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी योजनाओं का निर्धारित समयावधि में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने भोरमदेव शक्कर कारखाना द्वारा लगातार पिछले दो वर्षों तक पूरे देश में सर्वाधिक शक्कर रिकवरी का कीर्तिमान स्थापित कर नेशनल अवार्ड प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

उन्होंने शक्कर कारखाना के अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने भोरमदेव शक्कर कारखाना के अधिकारियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री नरेंद्र पैकरा, श्री आर.पी. अचला, श्री सागर सिंह राज, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रूचि शार्दुल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**सेवा संकल्प अभियान की गतिविधियों में जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश :** कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले के सभी नगरीय निकायों में आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। इनमें सेवा मेरा योगदान उत्सव, सेवा और स्वच्छता, विद्या दान एवं शिक्षा सहयोग, अन्न एवं वस्त्र दान, कौशल ज्ञान दान एवं प्रशिक्षण, हरित छत्तीसगढ़ एवं पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सुरक्षा एवं जागरूकता, स्वास्थ्य, रक्तदान एवं कल्याण तथा स्थानीय उत्पाद एवं महिला सशक्तिकरण सहित विभिन्न गतिविधियां शामिल हैं।

# सेवा संकल्प अभियान में ग्रामीणों की भागीदारी से बनेगी गांव की प्रगति की रूपरेखा

### जल संरक्षण, आजीविका एवं महिला सशक्तीकरण जैसे प्रमुख विषयों पर रहेगा जोर

समवेत शिखर संवाददाता



**कवर्धा।** सेवा संकल्प अभियान के दौरान जिले के ग्राम पंचायतों के लिए ग्रामीणों की भागीदारी और गांव की आवश्यकताओं को मिलाकर विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण योजना में निर्माण कार्यों की रूपरेखा बनेगी। गांव में उपलब्ध संसाधन, गांव की वास्तविक जरूरतें और भविष्य में रोजगार सृजन के साथ आजीविका संवर्धन की गतिविधियों को देखते हुए कार्य योजना का निर्माण किया जाना है। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देशानुसार जिले के सभी कार्यक्रम अधिकारियों, तकनीकी सहायकों एवं अन्य मैदानी कर्मचारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला जिला पंचायत कबीरधाम के सभा कक्ष भवन में आयोजित कर विकसित ग्राम पंचायत प्लान तैयार करने प्रशिक्षित किया गया।

कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने बताया कि 2 अक्टूबर की ग्राम सभाओं के द्वारा योजना निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। ग्रामीण अपने गाँव की जरूरतों, रोजगार और आजीविका के अवसरों की पहचान कर समस्या और विकास की प्राथमिकताओं को तय करने सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। योजना का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर सफल हो और ग्रामीणों की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिले के सभी ग्रामीणों से अपील किया जाता है कि वह 2 अक्टूबर की ग्राम सभा में अपने गांव के विकास प्लान को तैयार करने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनाए जाने के लिए यह आवश्यक है कि ग्रामीण क्षेत्रों में योजना अंतर्गत सशक्तिकरण, विकास, अभिसरण एवं संतृप्ति के स्तंभों पर कार्य किया जाए। जीपीडीपी के साथ वीजीपीपी के पांच चरणों पर समय बद कार्य करने कहा गया। जिसमें सितंबर महीना में प्रथम चरण पर ग्राम सभा पूर्व गतिविधियों के तहत मैदानी अम्लों का क्षमता निर्माण किया जा रहा है।

# राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला एवं शासकीय आयुर्वेदिक फार्मेसी अनुसंधान संस्थान में विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण

समवेत शिखर संवाददाता



**कुम्हारी।** श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, कुम्हारी द्वारा विद्यार्थियों को औषधि अनुसंधान, परीक्षण एवं निर्माण की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से केंद्रीय आयुर्वेदिक अनुसंधान संस्थान, रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।

श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, कुम्हारी, का प्रथम फार्मेसी कॉलेज की स्थापना वर्ष 2004 में हुई थी। संस्थान द्वारा प्रारंभ से ही विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण फार्मेसी शिक्षा के साथ-साथ अनुसंधान केंद्रों एवं औषधि उद्योगों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने पर विशेष जोर दिया जाता रहा है। इस शैक्षणिक भ्रमण में डिप्लोमा इन फार्मेसी एवं बी.फार्मेसी प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। भ्रमण के दौरान संस्थान के डॉ. नागेंद्र चौहान, साइंटिफिक ऑफिसर के मार्गदर्शन में वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री अरुण एवं श्री चंदन कुमार साहू द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न परीक्षण प्रयोगशालाओं, आधुनिक उपकरणों एवं औषधि परीक्षण की प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रयोगशालाओं एवं आधुनिक मशीनरी का अवलोकन किया तथा उपकरणों की कार्यप्रणाली, उनके उपयोग एवं आयुर्वेदिक औषधियों के गुणवत्ता परीक्षण, अनुसंधान एवं निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों को इंडियन फार्माकोपिया (ढ्रक्क) बुक, परीक्षण प्रक्रिया एवं संबंधित दस्तावेजों के बारे में भी जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से विभिन्न विषयों पर संवाद करते हुए अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इस अवसर ने विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ औषधि अनुसंधान एवं परीक्षण की वास्तविक प्रयोगशाला प्रक्रियाओं को समझने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया।

### आंगनबाड़ी केंद्र परसदा डंग-1 में धूमधाम से मनाया गया 'आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम'

**बालोद।** कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के दिशा-निर्देशानुसार तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के सौजन्य से 28 सितंबर 2026 को सेक्टर खप्परवाड़ा के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र परसदा डंग-1 में उत्साहपूर्वक 'आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना और पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि कुलदीप साहू, महिला एवं बाल विकास विभाग की सभापति हेमलता देशलहरा, सदस्य संध्या खरे, ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती सत्यवती साहू तथा समस्त पंचों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### कलेक्टर-एसपी ने ली जिला सड़क सुरक्षा समिति की अहम बैठक

**बेमेतरा।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आम नागरिकों को सुरक्षित यातायात का माहौल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई और पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गई।

**नाम परिवर्तन**

**प्रारूप-(1)**

**समाचार प्रपत्र में प्रकाशित की जाने वाली सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **श्रेयांश सिंह सिंद्राम** (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) **पिता श्री नीरज सिंह** निवासी कुदर बहार, पो. गढ़ उपरोड़ा, तहसील कटघोरा जिला कोरबा छ.ग. ने अपना **श्रेयांश सिंह सिंद्राम** (पुराना नाम) से बदलकर **श्रेयांश कुमार** (नया नाम) रख लिया है।

श्रेयांश कुमार
हस्ताक्षर (पुराने नाम से)

**नाम परिवर्तन**

**प्रारूप-(1)**

**समाचार प्रपत्र में प्रकाशित की जाने वाली सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हिन्दी में नाम **रोशनलाल** तथा अंग्रेजी में नाम **ROSHAN LAL** (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) पिता भागीरथी निवासी ग्राम अछोला, पोस्ट जोबा, तहसील व जिला महासमुंद छत्तीसगढ़ राज्य ने अपना नाम हिन्दी में **रोशनलाल** (पुराना नाम) तथा अंग्रेजी में **ROSHAN LAL (Old Name)** पिता भागीरथी से बदलकर हिन्दी में **तुलाराम यादव (नया नाम)** तथा अंग्रेजी में **TULARAM YADAV (New Name)** पिता भागीरथी रख लिया है।

रोशनलाल
हस्ताक्षर (पुराने नाम से)

**आम सूचना**

दिनांक : 26.09.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमि. जिसकी शाखा कायालय तृतीय तल, कोमा शोरूम के उपर, पेट्रोल पंप के पास, भाटागांव बस स्टैण्ड के पास, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)-492001, में स्थित है, की तरफ से, यह सूचित करता हूँ कि एक ग्राहक श्रीमती अगसिया बाई यादव पति बलीराम यादव, निवासी गोकुल नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ ने एक संपत्ति जो कि मौजा-कोपेडीह, प.ह.नं. 07. रा.नि.मं. भिलाई-3, तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.), खसरा नं. 542/4, रकबा 1480 वर्गफिट ह, पर लोन प्राप्त करने हेतु मेरे उक्त पक्षकार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त संपत्ति का उक्त श्रीमती अगसिया बाई यादव ने किंतव चौहान, धनेंद्र चौहान एवं कमलेश चौहान से पंजीकृत विकय पत्र दिनांक 11-09-2026 के माध्यम से कय किया है। उक्त संपत्ति को श्रीमती रीता चौहान पति कमलेश चौहान ने श्री संतोष साहू पिता पीलूराम साहू से पंजीकृत विकय पत्र दिनांक 31-03-2013 के माध्यम से कय किया था। उक्त पंजीकृत विकय पत्र दिनांक 31-03-2013 की मूलप्रति कहीं गुम हो गई है जिसकी सूचना संबंधित पुलिस थाने में दी जा चुकी है।

अत: उपरोक्त परिस्थितियों में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्था, शासकीय व अर्धशासकीय निकाय, कंपनी, निगम, ग्राम पंचायत, साहूकार, फर्म आदि को उपरोक्तवर्णित संपत्ति की खरीदी/ बिक्री/बंधक पर किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं उपस्थित होकर लिखित में दावा आपत्ति दर्ज करावे। समयावधि पश्चात् उक्त संपत्ति से संबंधित पंजीकृत विकय पत्र दिनांक 31-03-2013 की प्रमाणित प्रति को मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमि. द्वारा बंधक रखकर ऋण की प्रक्रिया पूर्ण किया जावगा। तत्पश्चात् किया गया कोई भी दावा आपत्ति अवैध व शून्य माना जावेगा जो मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमि. पर बंधनकारी नहीं होगा।

अस्तु सूचना जानें।

**अश्विनी सिंह**
**(अधिवक्ता)**
**वास्ते अश्विनी सिंह एण्ड एसोसिएट्स**
**पता-शॉप नं. 207, ऑरेंज हाईव,**
**मोवा, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**
**मो. नं. 9302887265**

# वडनगर से वाराणसी जा रही जल जन कलश यात्रा दुर्ग पहुंची

### बाइक रैली निकालकर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने किया यात्रा का स्वागत

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न सेवा एवं जनभागीदारी के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गुजरात के वडनगर से प्रारंभ होकर वाराणसी तक जाने वाली जल जन कलश यात्रा सोमवार को दुर्ग पहुंची। जल, जन और सेवा संकल्प का संदेश लेकर आगे बढ़ रही इस यात्रा का भाजपा कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

दुर्ग पहुंचने पर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के मार्गदर्शन तथा भाजयुमो जिला अध्यक्ष हिमांशु सिंह के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बाइक रैली भी निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, युवा मोर्चा पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। बाइक रैली अंजोरा बायपास रोड से प्रारंभ होकर पुलगांव चौक, गंजपारा चौक, पटेल चौक, राजेंद्र पार्क चौक एवं मालवीय नगर चौक होते हुए दुर्ग साइंस कॉलेज पहुंची, जहां रैली का समापन हुआ। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, राज्यसभा सांसद एवं यात्रा के नेतृत्वकर्ता राजेश शुक्ला, दुर्ग संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीतपाल बेलचंदन, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य माया बेलचंदन, जिला महामंत्री विनोद अरोरा, युवा मोर्चा जिला महामंत्री अनिकेत यादव, आरुणि दानी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि जल जन कलश यात्रा केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और जनभागीदारी के संदेश को समाज के बीच पहुंचाने का माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सार्वजनिक जीवन में सेवा और जनकल्याण को प्राथमिकता दी है। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से इसी सेवा भाव को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से प्रारंभ हुआ सेवा संकल्प अभियान सेवा और सामाजिक सहभागिता की भावना को मजबूत करने वाला अभियान है। वडनगर से वाराणसी तक निकली यह यात्रा प्रधानमंत्री की जन्मभूमि और कर्मभूमि को जोड़ते हुए सेवा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण का संदेश दे रही है। दुर्ग में यात्रा के स्वागत को लेकर कार्यकर्ताओं और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत दुर्ग जिले में लगातार विभिन्न सेवा गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

**न्यायालय तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202609100900027 अ-6
वर्ष 2026-27

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम देमार प.ह.नं. 33 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक वेदप्रकाश साहू पिता स्व. उभयराम साहू निवासी ग्राम देमार, तहसील पाटन द्वारा ग्राम देमार प.ह.नं. 33 तहसील पाटन, जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 409/2, 468, 699, 704, 1368 रकबा क्रमशः 0.10, 0.12, 0.10, 0.16, 0.27 हे. कुल खसरा 05 कुल रकबा 0.75 हे. भूमि में दर्ज अपने पिता उभयराम साहू उर्फ अभेराम साहू का दिनांक 15.06.2026 को फौत होने से उनके वारिसानों का नाम फौती नामांतरण दर्ज किये जाने एवं शेष खातेदारों का नाम यथावत रखे जाने आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक वेदप्रकाश साहू पिता स्व. उभयराम साहू निवासी ग्राम देमार, तहसील पाटन द्वारा प्रस्तुत आवेदन उपरोक्तानुसार नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 07.10.2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.09.2026 को जारी किया गया।

(मुहर)

तहसीलदार
पाटन

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग, रायपुर (छ.ग.)**

**ज्ञाप क्र. 5177/व.ले.लि./2026-27** **रायपुर, दिनांक 25.09.2026**

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 15.10.2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 19.10.2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि :- 21.10.2026 पूर्वान्ह 11.00 बजे तक

| एन.आई.टी.क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम No.of Call | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु. में) बैंक साल्वेंसी (रु. में) | निविदा प्रपत्र की कीमत (रु. में) | निविदाकारों की श्रेणी | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1<br>T0015 | लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण उपसंभाग बलौदाबाजार के अंतर्गत विभिन्न पुल-पुलियों पर रंगाई-पोताई का कार्य वर्ष 2026-27 प्रथम आमंत्रण | 9.44<br>7100.00<br>141600.00 | A<br>750.00 | ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक | 31.03.2027 वर्षा ऋतु सहित |
| 2<br>T0016 | लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण उपसंभाग धमतरी के अंतर्गत विभिन्न पुल-पुलियों पर बी.टी. पेंच के मरम्मत का कार्य वर्ष 2026-27 प्रथम आमंत्रण | 8.42<br>6400.00<br>126300.00 | A<br>750.00 | ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक | 31.03.2027 वर्षा ऋतु सहित |
| 3<br>T0017 | लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण उपसंभाग महासमुंद के अंतर्गत विभिन्न पुल-पुलियों पर बी.टी. पेंच के मरम्मत का कार्य वर्ष 2026-27 प्रथम आमंत्रण | 8.49<br>6400.00<br>127400.00 | A<br>750.00 | ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक | 31.03.2027 वर्षा ऋतु सहित |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-262703585/6

कार्यपालन अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग,
रायपुर (छ.ग.)

## न्यूज़ ब्रीफ

### सितंबर माह के खाद्यान्न वितरण की अवधि बढ़ी, अब 15 अक्टूबर तक मिलेगा राशन

**महासमुंद।** छग शासन द्वारा माह सितंबर के खाद्यान्न वितरण की निर्धारित अवधि में वृद्धि करते हुए अब 15 अक्टूबर 2026 तक खाद्यान्न वितरण की अनुमति दी गई है। इससे ऐसे राशन कार्डधारी जो किसी कारणवश सितंबर माह का राशन निर्धारित अवधि में प्राप्त नहीं कर सके हैं, उन्हें अपना खाद्यान्न प्राप्त करने का अतिरिक्त अवसर मिलेगा। खाद्य विभाग द्वारा जिले के सभी संबंधित राशन कार्डधारियों से अपील की गई है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए 15 अक्टूबर तक अपना खाद्यान्न अनिवार्य रूप से प्राप्त करें तथा इस संबंध में अपने आसपास के पात्र हितग्राहियों को भी जानकारी दें। साथ ही खाद्य विभाग द्वारा सेवा सेतु अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय सेवा सेतु कैंप का आयोजन 30 सितम्बर को कलेक्टर परिसर किया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक लोगों को शिविर में उपस्थित होकर सेवा का लाभ उठाने की अपील की गई है।

### सार्वजनिक स्थान पर धारदार चाकू लहराकर दहशत फैलाने वाला बदमाश गिरफ्तार

**धमतरी।** पुलिस अधीक्षक धमतरी श्रीमती भावना पांडेय के निर्देशन में धमतरी पुलिस द्वारा जिले में



असामाजिक तत्वों, गुंडे-बदमाशों एवं चाकूबाजों के विरुद्ध लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। सार्वजनिक स्थानों पर धारदार हथियार लेकर घूमने तथा आमजन में भय एवं दहशत का माहौल उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध धमतरी पुलिस द्वारा शून्य सहनशीलता की नीति के तहत वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना सिहावा पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सार्वजनिक स्थान पर धारदार चाकू लहराकर राहगीरों को डराने-धमकाने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना सिहावा पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खडपधरा के स्कूल पारा के पास मुख्य मार्ग पर एक व्यक्ति हाथ में धारदार हथियार लेकर आने-जाने वाले राहगीरों को डरा-धमका रहा है। सूचना मिलते ही सउनि. श्यामकुमार सोरी एवं सिहावा पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। पुलिस टीम ने आरोपी को सार्वजनिक स्थान पर खुलेआम धारदार चाकू लहराते हुए राहगीरों को आतंकित करते हुए मौके पर ही पकड़ लिया। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से 01 नग लोहे का धारदार चाकू विधिवत जब्त किया गया। गिरफ्तार आरोपी : हेम कुमार निषाद, पिता इतवारी निषाद, उम्र 33 वर्ष, निवासी ग्राम खडपधरा, थाना सिहावा, जिला धमतरी (छ.ग.) आरोपी के विरुद्ध थाना सिहावा में आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। धमतरी पुलिस द्वारा जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा आम नागरिकों को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से असामाजिक तत्वों एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# जन्मदिन पर विधायक सिन्हा ने किए मां महामाया के दर्शन, भाजपा कार्यालय में हुआ समारोह और विधायक कार्यालय में रुद्राभिषेक

समवेत शिखर संवाददाता





**महासमुंद।** मंगलवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपने जन्मदिन के अवसर पर नगर कुलदेवी मां महामाया मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा.अर्चना की और माता रानी का आशीर्वाद लिया। विधायक ने प्रदेशवासियों एवं क्षेत्रवासियों की सुख.समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि मां महामाया की कृपा सभी पर बनी रहे और क्षेत्र में निरंतर विकास, समृद्धि एवं सौहार्द का वातावरण कायम रहे। इसके पश्चात् भाजपा कार्यालय में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का जन्मदिन उत्साह और आत्मीयता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा के नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विधायक श्री सिन्हा को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और उनके स्वस्थए सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर विधायक का अभिनंदन किया। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के जन्मदिन के अवसर पर विधायक कार्यालय के पीछे विशाल मेगा मार्ट परिसर में पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक व पूजन हुआ। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को देर शाम तक बधाई देने के लिए लोग पहुंचते रहें। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वें सभी का स्नेह और आशीर्वाद पाकर काफी प्रफुल्लित हैं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, इंद्रजीत सिंह गोल्डी,थान सिंह दीवान, सतपाल सिंह पाली, मनीष बंसल, संदीप दीवान, माधव राव टांकसाले,संदीप घोष, राकेश चंद्राकार, मोती साहू, ललिता अग्रवाल, धरम साहू, स्वप्निल तिवारी, आनंद साहू, श्याम साकरकर, प्रेम चंद्राकर, पवन पटेल, देवीचंद राठी, अरविंद प्रहरे, महेंद्र सिका, दिग्विजय साहू, डिगेश्वरी चंद्राकर, तेजेन्द्र शर्मा, नितिन जैन, भीखम सिंह ठाकुर, हुलसी चंद्राकर, देवेश निषादए मीना वर्मा, अग्रज शर्मा, मानिक सोनवानी, साजन यादव, माखन सिन्हा, मुन्ना साहू, ऋषभ बाफना, बंटी शर्मा, रमेश साहू, गोविंद ठाकुर, शम्मी सलूजा, एम आर विश्वनाथन, निर्भय नायक, पार्वती राधेश्याम साहू, भाऊराम साहू, कल्पना सूर्यवंशी, भारती राजू चंद्राकर, शुभ्रा मनीष शर्मा, माखन पटेल, लाल विजय सिंह, प्रभा साहू, हनीश बग्गा, मधु यादव, सुनैना पप्पू ठाकुर, पीयूष साहू, प्रीति बादल मक्कड़, नारायण साहू, अमन वर्मा, आकाश पांडे, नंदू जलक्षत्री, विजय नायक, देवेंद्र चंद्राकर, प्रकाश शर्मा, चुनेश्वरी साहू, गिरिजा दास, मोहन साहू, पवन साहू, मनोज यादव, होरीलाल पटेल, रवि सोनकर,गोपी कन्नौजे, गुड्डा सिन्हा सहित सभी मोर्चे के पदाधिकारी, समस्त कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# पक्की सड़क से खम्हन-कुदारीदादर क्षेत्र के ग्रामीणों को मिली आवागमन की नई सुविधा

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा यात्रा का मूल भाव जनसेवा और विकास को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना रहा है। इसी सेवा संकल्प को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में ग्रामीण क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में लोक निर्माण विभाग द्वारा जिले के खम्हन से कुदारीदादर मार्ग का निर्माण पूर्ण होने से ग्रामीणों के आवागमन, कृषि



उपज के परिवहन और विद्यार्थियों की शिक्षा तक पहुंच को नई सुविधा मिली है। लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत खम्हन से कुदारीदादर मार्ग की कुल लंबाई 2.50 किलोमीटर है। इस मार्ग के निर्माण के लिए 258.76 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। मार्ग का निर्माण कार्य 12 जनवरी 2026 को पूर्ण हुआ। यह मार्ग पौनी, बिरलाईगढ़, बम्हनी, बसना, पदमपुर मार्ग के किलोमीटर 38.4 स्थित ग्राम जबलपुर से निकलकर ग्राम कुदारीदादर होते हुए ग्राम खम्हन तक पहुंचता है और आगे महासमुंद जिले की अंतिम सीमा से बलौदाबाजार जिले को जोड़ता है। इस प्रकार यह मार्ग ग्रामीण क्षेत्रों के बीच संपर्क स्थापित करने के साथ.साथ दो जिलों के बीच आवागमन को भी सुगम बना रहा है। सड़क निर्माण से इन गांवों के किसानों के लिए अपनी कृषि उपज को धान संग्रहण केंद्र तक पहुंचाना पहले की तुलना में अधिक सुविधाजनक हुआ है। पक्की सड़क बनने से कृषि उपज के परिवहन में समय और श्रम की बचत के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति मिलने की उम्मीद है।

# कलेक्टर जनदर्शन में मिले 55 आवेदन, संबंधित अधिकारियों को निराकरण के लिए निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता




**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आमजनों की समस्याएं एवं मांगें सुनीं। जनदर्शन में जिले के अलग.अलग विकासखंडों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित कुल 55 आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए।

कलेक्टर ने आवेदकों से उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण करते हुए प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों में धान बिक्री के लिए वसीयत के आधार पर आदेश जारी करने, सर्वेयर कार्य का मानदेय भुगतान, जामबाहरा से कोसमखार में सड़क एवं पुलिया निर्माण, केशलडीह से कोसम नाला में पुलिया निर्माण, खीरसाली से केशलडीह तक वन भूमि में डब्ल्यूबीएम सड़क निर्माण एवं पुलिया निर्माण, राजस्व प्रकरण अंतर्गत नाम सुधार, बटवारा, नवीन खसरा, नक्शा बटानकन, डिजिटल पट्टा जारी करने, बागबाहरा और तुमगांव में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा को हटाने, बिजली बिल माफ करने, पेंशन, नोनी सशक्तिकरण योजना से लाभ दिलाने,वद्युत खम्बा हटाने, हाईकोर्ट के आदेश पर दिवंगत पटवारी पति के सेवाकाल की सम्पूर्ण राशि का भुगतान दिलाने, पीएम आवास स्वीकृति, आदिवासी जमीन के फर्जी नामांतरण, संलग्नीकरण, बोकरामुड़ा में बोरखनन, मकान के छत से जा रही विद्युत लाइन को हटाने, प्राकृतिक आपदा प्रकरण स्वीकृत करने, प्रमाणित नकल, रसोई गैस सिलेंडर दिलाने आदि के आवेदन पत्र शामिल हैं। कलेक्टर श्री लंगेह ने प्रत्येक आवेदक की बात गंभीरता से सुनी और संबंधित अधिकारियों को प्रकरण की वस्तुस्थिति की जांच कर पात्रतानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री अनुपमा आनंद, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# शांत्रीबाई कॉलेज में हिंदी पखवाड़ा पर विविध आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुन्द।** स्थानीय शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में हिंदी दिवस अंतर्गत हिंदी पखवाड़ा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सविता चन्द्राकर, संचालक सदस्य हर्षित चन्द्राकर द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पित व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। समारोह के दौरान हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक श्रीमती आकांक्षा सिंह द्वार द्वारा हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया।

विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सामाजिक एवं समसामयिक विषयों पर आधारित नाटकों का मंचन किया गया। इनमें भारतेंदु हरिश्चंद्र का प्रसिद्ध हास्य.व्यंग्य नाटक अंधेर नगरी, सामाजिक मुद्दे पर आधारित एकांकी एक दिन, तथा न्याय व्यवस्था में हिंदी की स्थिति पर आधारित नाटक ,अदालत में हिंदी प्रमुख रहे। कविता पाठ एवं भाषण. विद्यार्थियों ने कविता पाठ एवं प्रेरणादायी भाषण के माध्यम से हिंदी भाषा के इतिहास, वर्तमान स्थिति तथा इसके संरक्षण एवं संवर्धन के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए साथ ही विभिन्न कविताएं, भाषण, दोहा, चैपायी की प्रस्तुतियाँ दीं गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सविता चंद्राकर ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों एवं प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हिंदी हमारी संस्कृति और अस्मिता की पहचान है।उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के संरक्षण, संवर्धन एवं अधिकाधिक प्रयोग के लिए प्रेरित किया ।कार्यक्रम में हिन्दी विभाग की सहायक प्राध्यापक आकांक्षा सिंह, बीएड विभागाध्यक्ष मेनका चन्द्राकर व मंच संचालन कर रही समहायक प्राध्यापक नेहा साहू द्वारा कविताएं प्रस्तुत किया गया। जिसे उपस्थित मंचस्थ अतिथियों ने खुब सराहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बीएड विभागाध्यक्ष मेनका चंद्राकर द्वारा सभी अतिथियों, प्राध्यापकोंए कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ नारायण चक्रधारी, गायत्री चन्द्राकर, हीना चन्द्राकर, शत्रुघन पटेल, अर्शिन श्लोमन, नरेन्द्र ताण्डी, दामिनी साहू, हंसराज चन्द्राकर, गुलाब चन्द्राकर, विष्णु चन्द्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चन्द्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चन्द्राकर, मानिक पटेल एवं महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# 6 महीने में 828 प्रकरणों में 15 हजार 340 किलोग्राम लाहन व 3273 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त कर नष्ट किया गया

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** महासमुंद जिले में आबकारी विभाग अंतर्गत अवैध मदिरा के निर्माण और अंतरराज्यीय परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के साथ.साथ राजस्व संग्रहण में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। जिला आबकारी अधिकारी रमेश अग्रवाल ने बताया कि ओडिशा राज्य की सीमा से लगे महासमुंद जिले की पिथौरा, बसना, सरायपाली और बागबाहरा तहसीलें



भौगोलिक दृष्टि से संवेदनशील हैं। घने जंगल, नदी.नाले और दुर्गम क्षेत्र अवैध महुआ शराब के निर्माण तथा अन्य राज्यों से अवैध मदिरा के परिवहन के लिए चुनौतीपूर्ण परिस्थितियां उत्पन्न करते रहे हैं।

ऐसे क्षेत्रों में अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आबकारी विभाग द्वारा सतत गश्त, निगरानी, सूचना तंत्र और संयुक्त कार्रवाई को मजबूत किया गया। जिले में वर्तमान में 08 आबकारी वृत्त, 02 आबकारी जांच चौकी तथा कुल 39 मदिरा दुकानें संचालित हैं। इनमें 01 देशी मदिरा, 01 विदेशी मदिरा, 34 कम्पोजिट मदिरा तथा 03 प्रीमियम मदिरा दुकान शामिल हैं। आबकारी विभाग द्वारा मदिरा की आपूर्ति श्रृंखला में डिजिटल तकनीक का उपयोग बढ़ाया गया है। जीपीएस आधारित वाहन निगरानी, क्यूआर कोड और बारकोडिंग जैसी व्यवस्थाओं से मदिरा के निर्माण से लेकर परिवहन और बिक्री तक ट्रैकिंग को अधिक पारदर्शी बनाया गया है। मदिरा दुकानों में यूपीआईए पीओएस एवं डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने से बिक्री राशि के पारदर्शी संग्रहण में भी मदद मिली है। अंतर्राज्यीय सीमा से होने वाले अवैध परिवहन पर नियंत्रण के लिए आबकारी दो जांच चौकियों में सघन जांच की जा रही है। प्रमुख मार्गों पर संदिग्ध वाहनों की निगरानी, सीसीटीवी सर्विलांस और विभागीय टीमों की सक्रियता से अवैध मदिरा परिवहन के मामलों में कार्रवाई तेज हुई है। जिले के जंगलों एवं नदी.नालों के आसपास अवैध महुआ लाहन और कच्ची शराब निर्माण के संभावित ठिकानों को चिन्हित कर लगातार दबिश दी गई।

# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत दीपों से जगमगाया

समवेत शिखर संवाददाता




**बागबाहरा।** नगर पालिका परिषद बागबाहरा क्षेत्रांतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ 17 सितंबर 2026 को फॉरेस्ट रेस्ट हाउस के सामने दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वच्छता दीदियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम के मुख्य स्थल फॉरेस्ट रेस्ट हाउस के सामने दीप प्रज्वलित कर स्वच्छता, सेवा एवं जनभागीदारी का संदेश दिया गया। इसके साथ ही बागबाहरा नगर के विभिन्न शासकीय कार्यालयों एवं संस्थानों को दीपों से रोशन किया गया। नगर पालिका परिषद कार्यालय परिसर, अटल परिसर, जनपद पंचायत बागबाहरा कार्यालय परिसर, तहसील कार्यालय परिसर, वन विभाग कार्यालय परिसर, बीईओ कार्यालय परिसर एवं आदिवासी छात्रावास सहित विभिन्न शासकीय एवं निजी संस्थानों में दीप प्रज्वलित किए गए।

**घरों में भी जले दीप, जनभागीदारी बनी कार्यक्रम की विशेष पहचान :** कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों ने भी अपने-अपने घरों में दीप प्रज्वलित कर सहभागिता निभाई। नागरिकों की व्यापक भागीदारी के चलते बागबाहरा शहर में लगभग 10 हजार दीप प्रज्वलित किए गए, जिससे पूरा नगर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। इस अवसर पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में श्रीमती अलका नरेश चंद्राकर, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, सुश्री डॉली ध्रुव, अध्यक्ष भाजपा मंडल शहरी, श्री जसराज बाला चंद्राकर, श्री अतुल गंडेचा, श्री हर्मेश सिंह बग्गा, श्री नरेश चंद्राकर एवं श्री नरेश जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के पार्षद श्री रूपेश प्रेम साहू, श्रीमती प्रीति महेन गुप्ता एवं श्री उदय जीतू चंदेल, समस्त एल्डरमेन सहित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बागबाहरा श्री शुभम देव, तहसीलदार श्रीमती प्रेरणा सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री गिरीश कुमार चंद्रा उपस्थित रहे। इसके अलावा नगर पालिका परिषद के समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं स्वच्छता दीदियों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई।

**स्वच्छता के साथ जनभागीदारी का संदेश :** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ स्वच्छ एवं सुंदर बागबाहरा के निर्माण में जनभागीदारी को मजबूत करना है। दीप प्रज्वलन के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम ने स्वच्छता, सेवा, सामाजिक सहभागिता एवं सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश दिया।

# तीन माह से मानदेय नहीं, आंदोलन पर गिरफ्तारियां रसोइया बहनों की आवाज दबाने में लगी सरकार : रश्मि

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** शासकीय स्कूलों में बच्चों के लिए रोज भोजन पकाने वाली रसोइया बहनों को तीन माह से मानदेय नहीं मिला है। अपने हक और लंबित मानदेय की मांग को लेकर रसोइया संघ अनिश्चितकालीन आंदोलन पर है। इस मामले को लेकर कांग्रेस की पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि एक तरफसरकार गरीबों और महिलाओं के सम्मान की बात करती है, वहीं



दूसरी तरफ स्कूलों में बच्चों का भोजन तैयार करने वाली महिलाओं को तीन.तीन महीने तक मानदेय के लिए तरसाया जा रहा है। जब रसोइया बहनों ने अपने हक की आवाज उठाई तो उनकी समस्याएं सुनने के बजाय उन्हें दबाने और डराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आंदोलन कर रही रसोइया बहनों को गिरफ्तार कर डराया.धमकाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग रखने वाली महिलाओं के खिलाफ कार्रवाई करना लोकतांत्रिक अधिकारों का अपमान है। सरकार को यह समझना चाहिए कि गिरफ्तारी और दबाव से रसोइया बहनों की समस्याएं खत्म नहीं होंगी। उन्होंने भाजपा सरकार से सवाल करते हुए कहा कि सरकार के पास बड़े.बड़े दावे और घोषणाएं करने के लिए समय और संसाधन हैं, लेकिन मेहनत करने वाली रसोइया बहनों को तीन महीने का मानदेय देने के लिए पैसा और व्यवस्था क्यों नहीं है।

# आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में बच्चों और मातृशक्ति का हुआ सम्मान

### आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण, महिला सशक्तीकरण और जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** सेवा संकल्प अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 14 स्थित दो आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों, महिलाओं, पालकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के बीच आत्मीय संवाद और जुड़ाव बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिक्का, भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री एवं पार्षद सुभा शर्मा, पार्षद पीयूष साहू, महिला मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीमती सुधा साहू, भाजपा नेत्री उषा पाल, एल्डरमैन मधु यादव, चित्रलेखा साहू, निशा नायक, हेमा पटवा एवं सरला मदनकर सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। आंगनबाड़ी केंद्रों में पहुंचने वाले बच्चों का तिलक लगाकर सम्मान किया गया। वहीं वार्ड की मातृशक्ति के लिए मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। केंद्रों को आकर्षक रंगोली से सजाया गया था। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गायत्री निषाद, श्रीमती राधिका देवांगन एवं श्रीमती मंजू ठाकुर तथा सहायिका दुर्गा ठाकुर, संतोषी साहू, मितानिन सविता भोसले एवं पूजा साहू को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों, पालकों और वार्ड की मातृशक्ति के साथ न्यौता भोज का आयोजन किया गया। पोषण आहार से सजी थालियों के माध्यम से संतुलित एवं पौष्टिक भोजन की उपयोगिता की जानकारी दी गई। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों, महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और समुदाय के बीच आत्मीय जुड़ाव को मजबूत करना है। आंगनबाड़ी केंद्र समाज को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण इकाई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं, जो विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। आज महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बन रही हैं। भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री सुभा शर्मा ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने लोगों से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिक्का ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से वार्ड के छोटे बच्चों को पोषण आहार सहित विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के सेवाभावी कार्य की सराहना की। महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष सुधा साहू ने महिलाओं से चर्चा कर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महतारी वंदन योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली और पात्र हितग्राहियों से योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास परियोजना शहर की पर्यवेक्षक रितु सिन्हा ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए कार्यक्रम के सफल संचालन में सहयोग किया। कार्यक्रम में मोहल्ले एवं वार्ड के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जी-जामगांव में नुक्कड़ नाटक से नशामुक्ति का संदेश

### सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों और उपचार-पुनर्वास की दी गई जानकारी

समवेत शिखर संवाददाता




**धमतरी।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा नशामुक्त भारत अभियान के तहत ग्राम जी-जामगांव में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से स्थानीय विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

विद्यार्थियों ने नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक नुकसान को रेखांकित करते हुए ग्रामीणों से नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नशे की लत केवल व्यक्ति को ही प्रभावित नहीं करती, बल्कि पूरे परिवार और समाज पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए परिवार, विद्यालय और समुदाय की सामूहिक भूमिका को भी रेखांकित किया गया। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने 'नमो सेवा गाथा' गीत की प्रस्तुति के माध्यम से सेवा, सामाजिक जिम्मेदारी और सकारात्मक सोच का संदेश दिया। विभागीय योजनाओं एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी भी गीत एवं संवाद के माध्यम से सहज रूप में ग्रामीणों तक पहुंचाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों, ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं अन्य सहभागियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण की शपथ ली। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने नशे की लत से प्रभावित व्यक्तियों के उपचार, परामर्श एवं पुनर्वास के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देते हुए कहा कि नशे की समस्या से जूझ रहे व्यक्ति को तिरस्कार नहीं, बल्कि उपचार और सहयोग की आवश्यकता होती है। ग्रामीणों से अपील की गई कि वे ऐसे व्यक्तियों को उपचार एवं परामर्श के लिए आगे लाएं तथा उनके पुनर्वास में परिवार और समाज की सकारात्मक भूमिका सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को नशे के विरुद्ध जागरूकता को केवल एक अभियान तक सीमित न रखते हुए इसे दैनिक जीवन में व्यवहारिक रूप से अपनाने का संदेश दिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### सेवा से संस्कार और पोषण से सशक्त भविष्य का संदेश, आलेखूंटा में हुआ आंगन मिलन कार्यक्रम

**नवापारा राजिम।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सेवा और समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चल रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम आलेखूंटा आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्रीमती लक्ष्मी वर्मा शामिल हुईं और क्षेत्रीय विधायक इंद्रकुमार साहू के साथ आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर माताओं एवं बहनों से संवाद किया। इस दौरान राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने महिलाओं से पोषण, शिशु देखभाल एवं स्वस्थ जीवनशैली से जुड़े विषयों पर चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि बच्चों का स्वस्थ और संस्कारित भविष्य ही विकसित समाज की मजबूत नींव है। आंगनबाड़ी केंद्र केवल पोषण का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के बेहतर भविष्य की पहली पाठशाला भी हैं। अभनपुर विधायक श्री इंद्र कुमार साहू ने कहा कि बच्चों का स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों को पोषण, प्रारंभिक शिक्षा और संस्कार देने का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। जब हमारी माताएं और बहनें स्वस्थ एवं जागरूक होंगी तभी हमारा परिवार और समाज सशक्त होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सेवा और समर्पण की भावना से प्रेरणा लेकर हमें पोषण, स्वास्थ्य और संस्कार को प्रत्येक परिवार तक पहुंचाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान माताओं एवं बहनों से संवाद करते हुए बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

### गर्भवती माताओं की गोदभराई किया गया



**नवापारा राजिम।** निकटस्थ ग्राम जौन्दी में सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलो कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें बच्चों को अन्नप्रासन कराया गया तथा गर्भवती माताओं की गोदभराई किया गया। साथ ही तीनों आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को साड़ी श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। तथा बच्चों को बिस्कुट मिठाई केला फ्ल आदि वितरित करके न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं पूर्व सरपंच टीकम चन्द साहू के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार एवं राज्य की विष्णु देव सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं को बताया गया । इस अवसर पर गांव की सरपंच श्रीमती कुन्ती साहू उपसरपंच पोखन यदु महिला मोर्चा की प्रदेश सह समन्वयक माधुरी साहू जिला मंत्री लता साहू महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष कविता साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गण खेमिन साहू त्रिवेणी बाई तारा साहू सहायिका जमुना यदु रीना साहू ज्योति नेताम पंच गण जानकी साहू सूरेश साहू शम्भू साहू सहित ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों की उपस्थिति रही।

### गर्भवती महिला को दी गई सहायता राशि

**भाटापारा।** प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना एवं गर्भवती महिलाओं तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण को बेहतर बनाने की दिशा में शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत सहायता दी जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम खोखली के एक हितग्राही ज्योति मिरी को 5 हजार रूपयें की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। उक्त राशि से महिला को गर्भावस्था के दौरान पोषण और स्वास्थ्य संबंधी जरूरतो को पुरा करने में मदद मिल रही है।

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**खरोरा।** पुलिस अधीक्षक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण)श्रीमती चंचल तिवारी के मार्गदर्शन में तथा अनुविभागीय अधिकारी (विधानसभा) वीरेन्द्र चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में आबकारी एक्ट में गिरफ्तार किया गया है। इस प्रकार है कि आज 29/09/2026 को मुखबीर से विश्वसनीय सूचना मिला कि ग्राम बुड़ेरा सब्जी मण्डी के पास में अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब रखकर बिक्री हेतू ग्राहक की तलाश करने की सूचना मिलने पर थाना खरोरा पुलिस पार्टी मुखबिर के बताए स्थानों पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही करते हुए आरोपी का नाम - गंभीर टण्डन पिता स्व. गंगाराम टण्डन उम्र 39 साल पता वार्ड क्रमांक 09 सिर्री थाना खरोरा जिला रायपुर, सोनू वर्मा पिता चंपालाल वर्मा उम्र 21 साल पता वार्ड क्रमांक 05 सिर्री थाना खरोरा जिला रायपुर मशरूका-एक काला रंग के पिठ्ठू बैग के अंदर रखे कुल 60 पौवा (प्लास्टिक) देशी मदिरा मसाला सवा शेरा जिसके प्रत्येक पौवा मे 180-180 एमएल भरी हुई जुमला मात्रा 10 लीटर 800 मिली लीटर जुमला कीमती 6000/- रूपये को समक्ष गवाहान जप्त कर आरोपियों को शराब रखने के संबंध में नोटिस दिया गया जो कोई कागजात नही होना लिखित में दिये गये आरोपियों का उक्त कृत्य धारा-34(2) आबकारी एक्ट पाये जाने मौके पर गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना उनके परिजनों को देकर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

### मितानिन दीदियों का सम्मान किया गया



**भाटापारा।** ग्राम कड़ार में महिला एवं बाल विकास द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं और मितानिन दीदीयों का सम्मान किया गया। उपरोक्त अवसर पर जिला पंचायत सभापति राजा जायसवाल ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की डबल इंजन सरकार गांव की आखिरी महिला और बच्चों तक पोषण स्वास्थ्य और सम्मान पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उक्त मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

## सेवा संकल्प अभियान के तहत 2 अक्टूबर को कलेक्टोरेट परिसर से जोबा तक आयोजित की जाएगी साइकिल रैली, कलेक्टर ने शिविर में पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के दिए निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता



**गरियाबंद।** संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने समय-सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, शासन की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन तथा सेवा संकल्प अभियान के तहत चलाए जा रहे आगामी कार्यक्रमों के तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय साइकिल रैली आयोजित की जाएगी।यह रैली कलेक्टोरेट परिसर से ग्राम जोबा तक जाएगी। जिसमें जिले के नागरिकों, मीडिया प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी को सायकिल रैली में बढ़-चढ़कर शामिल होने का आग्रह किया गया हैं।

बैठक में बताया गया कि सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार के तहत सभी विकासखण्ड में शिविर लगाएं जाएंगे। इनमें गरियाबंद विकासखण्ड में 1 अक्टूबर को नहरगांव के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल में शिविर का आयोजन किया जाएगा।इसी प्रकार 3 अक्टूबर को छुरा विकासखण्ड के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल दुल्हा में,4 अक्टूबर को फिंगेश्वर विकासखण्ड के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल जेंजरा में,5 अक्टूबर को मैनपुर विकासखण्ड के उन्मुक्त प्ले ग्राउंड भाठीगढ़ में एवं 6 अक्टूबर को देवभोग विकासखण्ड के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल खोकसरा में शिविर लगाएं जाएंगे। इस शिविर के लिए संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

कलेक्टर श्री शर्मा ने सभी जिलाधिकारियों को शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर केंद्र एवं राज्य सरकार के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए है।उन्होंने कहा शिविर में संबंधित विभाग स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा कि सेवा सेतु अभियान के दौरान पात्र हितग्राहियों को शिविर स्थल पर विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के समन्वय से पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़कर और उन्हें लाभान्वित करने का प्रयास करें।

कलेक्टर श्री शर्मा ने जिला अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासकीय कार्य शासन के नियमों के अनुसार ही करें। शासकीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में अत्यधिक बारिश के कारण कहीं जनहानि,पशुहानि एवं धनहानि हुई है,तो उसका तत्काल प्रकरण तैयार कर नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराने की कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर शासकीय भवन बनकर तैयार हो चुके हैं,वहां संबंधित कार्यालयों को शिफ्ट करने की कार्रवाई की जाए। जिले में आत्मसमर्पित एवं नक्सल प्रभावित परिवारों को रोजगार मूलक योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश भी दिए।इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ प्रखर चंद्राकर, अपर कलेक्टर त्रिशा ठाकुर,पंकज डाहिरे,नवीन भगत सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# रक्तदान शिविर में नपाध्यक्ष एवं पार्षदों ने किया रक्तदान



समवेत शिखर संवाददाता

**फिंगेश्वर।**देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, राजिम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधायक रोहित साहू सहित जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, जीवन दीप समिति सदस्य चंद्रशेखर साहू, सुश्री छाया राही, सोमनाथ पटेल,सहित पार्षदगण आकाश राजपूत तुषार कदम,सुरेश पटेल,भारत यादव,उत्त्तम निषाद,बलराम यादव,देवकी साहू,एल्डरमेन मधु नत्थानी उपस्थित रहे।

शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव सहित पार्षदों ने स्वयं रक्तदान कर आम नागरिकों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। जनप्रतिनिधियों की इस पहल से युवाओं एवं नागरिकों में भी रक्तदान के प्रति उत्साह देखने को मिला।

विधायक रोहित साहू ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न सेवा एवं जनहित के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। रक्तदान महादान है। एक व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाने में सहायक हो सकता है। प्रधानमंत्री जी के सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना से प्रेरणा लेकर हम सभी को समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए आगे आना चाहिए।

# 315 ग्रामीणों की हुई नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच, 31 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित

## भुरसुदा में संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड का सीएसआर अभियान, जरूरतमंदों को दवाइयां और चश्मे भी वितरित

समवेत शिखर संवाददाता



**तिल्दा नेवरा।** ग्रामीण अंचलों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने की दिशा में संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड की ओर से ग्राम भुरसुदा में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। कंपनी के सीएसआर मद से आयोजित इस शिविर में एमजीएम हॉस्पिटल रायपुर और ओम हॉस्पिटल तिल्दा-नेवरा के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने ग्रामीणों की जांच कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श और उपचार उपलब्ध कराया। शिविर में 315 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया, जबकि 31 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया।

ग्राम पंचायत भुरसुदा में आयोजित शिविर में भुरसुदा, गुजरा सहित आसपास के आधा दर्जन से अधिक गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। इस दौरान नेत्र परीक्षण के साथ रक्त जांच, बीपी, शुगर और सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों की जांच कर आवश्यक उपचार एवं परामर्श दिया। जरूरतमंद मरीजों को आगे के इलाज के लिए पंजीकृत भी किया गया।

शिविर में जांच के दौरान 31 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया है। इन मरीजों को संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड के सहयोग से रायपुर स्थित एमजीएम हॉस्पिटल ले जाकर निःशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। मरीजों के आने-जाने के साथ उनके ठहरने की व्यवस्था भी कंपनी द्वारा की जाएगी।

संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड के एम.जी.के. मूर्ति ने ग्रामीणों से शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। वहीं कंपनी की सीएसआर हेड श्रीमती शीतल गोयल ने कहा कि कंपनी समय-समय पर ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का प्रयास करती रही है। उन्होंने ग्रामीणों से छोटी से छोटी बीमारी को नजरअंदाज न करने और समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की अपील की।

शिविर में मरीजों को निःशुल्क दवाइयों और नजर के चश्मों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत भुरसुदा की सरपंच श्रीमती सरोजनी वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि सतीश वर्मा, उपसरपंच राजेश नायक, पंच श्रीमती पूजा बघेल सहित पंचगण एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

शिविर को सफ्ल बनाने में संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड के एम.जी.के. मूर्ति, सुचिता जैन, धर्मेश नायक, लक्ष्मी, राकेश कुमार निर्मलकर, जितेंद्र वर्मा तथा डॉ. राहुल दुबे का सराहनीय योगदान रहा।

# जपं सभाकक्ष में आयोजित हुआ सेवा सेतु शिविर

## तर्रा, किरवई, बासीन और खपरी में चार नवीन राशन दुकान खोलने की कार्यवाही सुनिश्चित करने दिए आदेश

समवेत शिखर संवाददाता





**फिंगेश्वर।** छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुरूप और सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत फिंगेश्वर के सभागार में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचलों तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाना और आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था।

कार्यक्रम में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शिविर के दौरान राजिम विधायक रोहित साहू ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों और नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित किया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मंच से ही त्वरित कार्रवाई करने और निर्धारित समय-सीमा के भीतर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के कड़े निर्देश दिए गए। विधायक श्री साहू ने अपने संबोधन में कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित सेवा सेतु शिविर जनता और शासन के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य कर रहे हैं।

हमारा प्रमुख उद्देश्य यह है कि आम जनता को अपने छोटे-छोटे कार्यों या सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें, बल्कि प्रशासन खुद चलकर उनके द्वार तक पहुंचे। इस कार्यक्रम के दौरान विधायक रोहित साहू ने फिंगेश्वर ब्लॉक में चार नवीन राशन दुकान खोलने के लिए आदेश दिए जिसमें ग्राम तर्रा, किरवई, बासीन, लचकेरा के आश्रित ग्राम खपरी शामिल हैं।

कार्यक्रम में विशेष रूप से जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, जिला पंचायत सभापति नंदनी साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष धनराज सूर्यवंशी, पूर्व अध्यक्ष जगदीश यदु,राजू साहू, संतोषी श्रीवास्तव, पदमा यदु, के अलावा अन्य भाजपा के नेतागण मौजूद रहे, कार्यक्रम का संचालन सिर्रीखुर्द सरपंच देवेंद्र वर्मा ने किया।

# पुलिस ने 4 सटोरियों को किया गिरफ्तार

## सट्टा-पट्टी, डांट पेन, नगदी रकम 34670 रुपए एवं 4 नग मोबाइल

समवेत शिखर संवाददाता



**खरोरा।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण)श्रीमती चंचल तिवारी के मार्गदर्शन में तथा अनुविभागीय अधिकारी (विधानसभा) वीरेन्द्र चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में सटोरियों को गिरफ्तार किया गया है।

मुखबिर से विश्वसनीय सूचना मिला कि खरोरा के महामाया अस्पताल के पास कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर सट्टा नामक जुआ खेलवा रहे है कि सूचना पर थाना खरोरा पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर रेड कार्यवाही किया जहां पर से *आरोपी* सतविन्दर सिंग बग्गा, जगमोहन नशीने, धर्मेन्द्र देवांगन एवं बसंत देवांगन को अवैध रूप से रूपये की दांव लगाकर सट्टा पर्ची लिखते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी सतविंदर सिंग बग्गा उर्फ रिंकू के कब्जे से पीला रंग का कोरा कागज का टुकड़ा रूपये का हिसाब जिसमें नीला पेन से सट्टा का अलग-अलग अंक अंकित है,नगदी रकम 9,885/-? रूपये, एक ओप्पो कंपनी का पुरानी इस्तेमाली स्कीनटच मोबाईल पुरानी इस्तेमाली केल्क्युलेटर चालू स्थिति में एवं 01 नग पुरानी इस्तेमाली नीला डॉट पेन को गवाहो के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। *आरोपी* जगमोहन नशीने के कब्जे से पीला रंग का कोरा कागज का टुकड़ा जिसमें रूपये का हिसाब जिसमें नीला पेन से सट्टा का अलग-अलग अंक अंकित है, नगदी रकम 7,665 रूपये, एक नोकिया कंपनी का पुरानी इस्तेमाली कीपैड मोबाईल नीला डॉट पेन को गवाहो के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी बसंत देवांगन के कब्जे सफेद रंग का कोरा कागज का टुकड़ा जिसमें लाल पेन से सट्टा का अलग-अलग अंक अंकित है, नगदी रकम 8,650/- रूपये, एक वीवो कंपनी का पुरानी इस्तेमाली स्कीनटच मोबाईल, पेन को गवाहो के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। *आरोपी* धर्मेन्द्र देवांगन के कब्जे सफेद रंग का कोरा कागज का टुकड़ा जिसमें नीला पेन से सट्टा का अलग-अलग अंक अंकित है,नगदी रकम 8,470 रूपये, इस्तेमाली स्कीनटच मोबाईल नग पुरानी इस्तेमाली नीला डॉट पेन को गवाहो के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपियों को सट्टा पट्टी पर्ची लिखने के संबंध में कागजात पेश करने नोटिस दिया गया जो कोई कागजात पेश नही किये। आरोपियो के विरूध्द अपराध घटित करना पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना उनके परिजनों को देकर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

# सेवा और संवेदना से सशक्त हो रहा समाज, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता निभा रहीं महत्वपूर्ण भूमिका: अग्रवाल

## बिलाड़ी में 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम, बच्चों को पोषण आहार एवं गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित

समवेत शिखर संवाददाता



**खरोरा।** यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम बिलाड़ी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में ÷आंगन मिलन सेवा÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने बच्चों को पोषण आहार खिलाया तथा गर्भवती महिलाओं को पोषण किट का वितरण किया।

कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं महिलाओं से संवाद करते हुए नवीन अग्रवाल ने पोषण, स्वास्थ्य एवं मातृ-शिशु देखभाल के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ बचपन ही मजबूत भविष्य की नींव है और बच्चों को समय पर पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि* आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बहनें गांव-गांव तक शासन की पोषण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने वाली महत्वपूर्ण कड़ी हैं। वे बच्चों के पोषण, प्रारंभिक शिक्षा और माताओं के स्वास्थ्य के लिए निरंतर समर्पण के साथ कार्य करती हैं। एक स्वस्थ और सुपोषित पीढ़ी का निर्माण केवल योजनाओं से नहीं, बल्कि उनके जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन और कार्यकर्ताओं की मेहनत से संभव होता है। उन्होंने कहा कि *÷सुपोषित बच्चे, स्वस्थ माताएं और जागरूक परिवार ही विकसित एवं सशक्त समाज की वास्तविक पहचान हैं।÷* आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के समर्पण को नमन करते हुए उन्होंने सभी बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर चलाया जा रहा *÷सेवा संकल्प अभियान÷* सेवा, संवेदना और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने की भावना को मजबूत करता है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों तक पोषण और जनकल्याण का संदेश पहुंचता है तथा समाज में सेवा की भावना और अधिक सशक्त होती है।

कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, गर्भवती महिलाएं, बच्चों के परिजन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# 'आंगन मिलन सेवा' और पोषण आहार दिवस मनाया गया

समवेत शिखर संवाददाता



**खरोरा।** आज 'सेवा संकल्प अभियान' 2026 के अंतर्गत ग्राम पंचायत बंगोली के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1, 2 और 3 में एक साथ 'आंगन मिलन सेवा' और पोषण आहार दिवस कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें हमारे रायपुर जिला पंचायत के अध्यक्ष माननीय नवीन अग्रवाल जी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य गुलाब टिकरिहा जी, ग्राम पंचायत बंगोली के सरपंच उत्तम वर्मा जी, बंगोली क्लस्टर बिहान से कविता सेन जी, समाज सेवक प्रियंकर सेन जी, बंगोली पंचायत की सचिव राजिम ध्रुव, भाजपा बंगोली मंडल अध्यक्ष हीरा वर्मा जी, भाजपा बंगोली मंडल कार्यालय प्रभारी दीपक धनकर जी, प्राथमिक विद्यालय बंगोली की प्रधान अध्यापिका सविता चंद्राकर जी, उप स्वास्थ्य केंद्र बंगोली से ऐश्वर्या वर्मा जी और दुर्गा साहू जी, ग्राम बंगोली की मितानिन दीदियां रूखमणि सेन, वंदना बैरागी, रूखमणि मानिकपुरी, सपना खूंटे और लक्ष्मी वर्मा, ग्राम पंचायत बंगोली के पंच राजू खूंटे, विमला धीवर, बंगोली आंगन बाड़ी केंद्र क्रमांक 1 से ज्योति सेन जी, केंद्र क्रमांक 2 से शकुन वर्मा जी, केंद्र क्रमांक 3 से संगीता सेन जी और ग्राम बंगोली से समस्त माताएं बहने और पालक गण उपस्थित रहे। समाज के स्वास्थ्य चक्र को मजबूती प्रदान करने वाली हमारी समर्पित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आशा दीदियों के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए जन प्रतिनिधियों द्वारा श्रीफ्ल से सहृदय सम्मान किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित बच्चों के पालकों के साथ आत्मीय संवाद कर बच्चों के संतुलित पोषण, उचित भरण-पोषण, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं प्रारंभिक देखभाल के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा किया गया। गर्भवती माताओं का गोद भराई का कार्यक्रम किया गया। गर्भवती माताओं द्वारा हमारे प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय जी को बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य के लिए दी जाने वाली मातृ वंदना और अन्य सहायता योजनाओं के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राथमिक विद्यालय बंगोली में वृक्षारोपण भी किया गया।

# खेल और खिलाड़ियों की तरक्की के लिए छत्तीसगढ़ सरकार प्रतिबद्ध : साव

## उप मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों और युवाओं से किया संवाद

समवेत शिखर संवाददाता




**राजनांदगांव।** उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने मंगलवार राजनांदगांव के पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में खिलाड़ियों और युवाओं से संवाद किया। वे जल, जन एवं सेवा संकल्प यात्रा के अभिनंदन और स्वागत कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने खिलाड़ियों को निरंतर मेहनत, अनुशासन, एकाग्रता और समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव की पहचान खेल नगरी के रूप में है और यहां की खेल प्रतिभाओं ने प्रदेश एवं देश का नाम गौरवान्वित किया है। एक खिलाड़ी की सबसे बड़ी विशेषता एकाग्रता होती है। खिलाड़ी को अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह केंद्रित और अनुशासित रहना चाहिए।

उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि वे खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा को निखारें और आने वाले समय में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करें। उन्होंने छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाओं की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश की बेटियां विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। कबड्डी में संजू देवी ने एशियन गेम्स-2026 में स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने बताया कि संजू देवी बिलासपुर की बहतराई कबड्डी अकादमी में प्रशिक्षण ले रही हैं। उन्होंने जूनियर महिला हॉकी एशिया कप विजेता टीम की सदस्य छत्तीसगढ़ की बेटियों गीता यादव और मधु सिदार तथा कॉमनवेल्थ गेम्स में रजत पदक जीतने वाली ज्ञानेश्वरी यादव की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार खेल और खिलाड़ियों की तरक्की एवं बेहतरी के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में पहली बार राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित हॉकी लीग का आयोजन किया जा रहा है। यह लीग 21 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक आयोजित होगी। लीग के लिए लगभग 400 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया है, जिनमें से 223 खिलाड़ियों ने पहले दिन के ट्रायल में हिस्सा लिया है। चयन प्रक्रिया के बाद छह टीमें गठित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव की टीम का नाम यहां की पहचान संस्कारधानी के नाम पर रखा गया है। इसी प्रकार विभिन्न क्षेत्रों की सांस्कृतिक एवं स्थानीय पहचान को टीमों के नाम से जोड़ा गया है। हॉकी लीग में छत्तीसगढ़ की स्थानीय संस्कृति एवं पहचान को भी विशेष महत्व दिया गया है।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलो इंडिया सहित विभिन्न माध्यमों से खेल और खिलाडियों को प्रोत्साहित करने का कार्य किया जा रहा है। विकसित भारत के लक्ष्य में आर्थिक विकास के साथ खेल सहित प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत को खेलों के क्षेत्र में भी विश्व के अग्रणी देशों में शामिल करने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में वड़नगर-वाराणसी सेवा संकल्प अभियान यात्रा के तहत राजनांदगांव पहुंचे बाइकर्स का जोरदार स्वागत किया गया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि गुजरात के वड़नगर से निकली यह सेवा यात्रा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की जन्मस्थली से जुड़ी है। उन्होंने यात्रा में शामिल युवाओं का स्वागत करते हुए सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना के साथ आगे बढने का आह्वान किया।

सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कार्यक्रम में कहा कि वड़नगर से वाराणसी तक की यह यात्रा सेवा, आस्था और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी है। उन्होंने यात्रा में शामिल सभी सेवा यात्रियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि यात्रा की भारतीय परंपरा में विशेष महत्ता रही है। सेवा और सद्भावना के उद्देश्य से निकली इस यात्रा से समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचता है।

उन्होंने यात्रियों को मां बम्लेश्वरी सहित छत्तीसगढ़ की धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया तथा उनकी यात्रा की सफलता की कामना की। उन्होंने युवाओं और खिलाडियों से संवाद करते हुए उनसे अपने अनुभव साझा करने तथा सेवा एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। महापौर मधुसूदन यादव ने भी युवाओं और खिलाड़ियों को संबोधित किया।

सेवा संकल्प यात्रा के प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद राजेश शुक्ला, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष श्री सचिन बघेल, राजगामी संपदा न्यास की अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू, श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री सौरभ कोठारी और श्रीमती गीता साहू सहित जनप्रतिनिधियों, खिलाड़ियों और युवाओं ने बड़ी संख्या में कार्यक्रम में भागीदारी की।

## न्यूज ब्रीफ

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का शिवरतन शर्मा ने किया नाव से दौरा



**भाटापारा।** लगातार हुई बारिश के कारण शिवनाथ नदी के उग्र तेवर के चलते क्षेत्र में आई बाढ़ को देखते हुए भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने मैदान में उतरते हुए विधानसभा क्षेत्र के सिमगा इलाके के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नाव में बैठकर ग्राम तोरा, चक्रवाय में शिवनाथ नदी के बढ़ते जलस्तर एवं जलभराव की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने गावों के प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। शिवरतन शर्मा ने शिवनाथ नदी के जलस्तर की स्थिति का जायजा लेते हुए आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए सुरक्षा एवं बचाव व्यवस्थाओं की समीक्षा की। अधिकारियों से नदी के जलस्तर, आवागमन एवं संभावित प्रभावित क्षेत्रों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों की आवश्यकताओं का निरंतर ध्यान रखा जाए और जरूरत के अनुसार हर संभव सहायता एवं आवश्यक सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि इस कठिन परिस्थिति में शासन-प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है और नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए शिवरतन शर्मा ने सभी नागरिकों से नदी एवं जलभराव वाले क्षेत्रों से दूरी बनाए रखने की अपील की।

### बढ़ती लागत और सहायता में कटौती के खिलाफ किसानों का प्रदर्शन

**रायपुर।** बढ़ती निर्माण लागत और सहायता में बदलाव के विरोध में 10 राज्यों के 11 शहरों में पॉलीहाउस किसानों ने एनएचबी कार्यालयों के बाहर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। किसानों, निर्माताओं और आपूर्तिकर्ताओं ने नई जीओसी प्रक्रिया शुरू करने और सहायता बहाल करने की मांग की। किसानों का कहना है कि जून से नई जीओसी जारी नहीं हुई है, जिससे परियोजनाएं और बैंक ऋण प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने 21 अगस्त का सर्कुलर वापस लेने, 50 % सहायता बहाल करने, लंबित आवेदनों का समयबद्ध निपटारा और सरकारी देरी से प्रभावित परियोजनाओं को अतिरिक्त समय देने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने पॉलीहाउस सामग्री पर 18 % के बजाय 5% जीएसटी, वास्तविक बाजार लागत के आधार पर सहायता की समीक्षा और संरक्षित खेती के लिए 1,000 करोड़ वार्षिक बजट की मांग भी रखी। किसानों ने केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री एवं एनएचबी के पदेन उपाध्यक्ष भागीरथ चौधरी से जवाब मांगते हुए सात दिन में लिखित निर्णय की मांग की। मांगें पूरी नहीं होने पर गुरुग्राम स्थित एनएचबीमुख्यालय पर फिर प्रदर्शन की चेतावनी दी गई।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत स्कूल पोड़ में पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता



**नवापारा राजिम।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोड़ में सेवा संकल्प अभियान के तहत पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो छात्र-छात्राएं ने अपने पेंटिंग के माध्यम से पर्यावरण, आजादी के समय का भारत, आज का भारत, विकसित भारत, स्पेस के क्षेत्र में भारत, पवन चक्की, सौर्य ऊर्जा, ए आई, मोबाइल के उपयोग में व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, उन्नत कृषि को दर्शाया गया।

बच्चों ने अपने भाषण में प्राचीन गुरुकुल शिक्षा प्रणाली से लेकर आज की शिक्षा प्रणाली तक, नशा मुक्त भारत, सेवा समर्पण स्वच्छता, पर्यावरण, संरक्षण शिक्षा एवं सामाजिक जिम्मेदारी विषयों पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना से शुरू हुआ। जनप्रतिनिधियों के द्वारा नेबता भोज का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में अतिथि के रूप में ब्रह्मानंद साहू सभापति जनपद पंचायत अभनपुर, एम एल वर्मा सेवानिवृत्त व्याख्याता, कन्हैयालाल जांगड़े अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति,शाला के प्राचार्य घनश्याम चेलक, वरिष्ठ व्याख्याता सुरेश तारक, कृपाराम माहेश्वरी, विष्णु राम साहू, मीनाक्षी वर्मा, सावित्री कुलदीप, सावित्री यदु, टामीन साहू, मिता राठी, मोहिता राजपूत, रामेंश्वरी ध्रुव, पीटीआई विजय रत्नाकर,भृत्य पारसमणी तारक उपस्थित रहे।

# बिजली पोल शिफ्टिंग के दौरान करंट की चपेट में आने से दो की मौत

## हाईटेंशन बिजली तार में बिजली प्रवाह चालू

समवेत शिखर संवाददाता





**पत्थलगांव।** 11:00 बजे गुडलक पेट्रोल पंप के सामने ट्रैक्टर के जरिए नए पोल लगाने का काम करते समय लोहे का पुल ऊपर से गुजर रही 11, केवी हाई टेंशन बिजली तार से टकराया गया।

और दो बिजली कार्य करते मजदूर टीकू उर्फ टोमन ध्रुव पिता परमेश्वर निवासीबामंडी व आलेख भगत पिता रंजीत भगत निवासी भेड़िमुडा थाना लेंलूंगा की मौत हो गई एवं घायल त्रिभुवन ध्रुव पिता टहल राम लोचन मानसी पिता कमल मांझी का लाज सिविल अस्पताल में जारी है।जानकारी अनुसार बिजली कार्य करने वक्त परमिट ले लिया गया है लाइट बंद है कहा गया जैसे ही पोल सीधा किया गया ऊपर से गुजर रही तार से टकरा गया और पूरे पोल में करंट फैल गया जिससे मजदूर करंट की चपेट में आ गए इस हादसेके बाद मौके पे अफरा तफरी मच गई घटना के बाद स्थानीय लोगों ने 108 डायल कर एम्बुलेंस बुलाया और उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया बिजली पोल का काम कर रहे मजदूर सुरक्षामानकों के तहत कार्य कर रहे थे या नहीं यह जांच का विषय है।

पत्थलगांव बिजली विभाग के कार्यपालन यंत्री सजेंद्र मरकाम ने बताया कि पाकरगांव के पास बिजली कार्य करते वक्त दो मजदूरों की मौत एवं 5 लोग घायल हुए है।जिनमें दो की हालत गंभीर है। पालीडीह फिड्रर में बिजली कार्य करने हेतु ठेकेदार के द्वारा परमिट ली गई थी जबकि दुर्घटना स्थल पाकरगांव पे बिजली कार्य करने हेतु बटूराबहार लुड़ेग वितरण केंद्र से बिजली बंद करने की परमिट की जानी चाहिए थी अभी तक यह जानकारी है। आगे जांच से सभी तथ्य सामने आ पाएंगे।

पत्थलगांव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सधुर्वेश जायसवाल ने बताया कि मेरे द्वारा घटना स्थल का दौरा किया गया है। ग्राम पाकरगांव के पास बिजली पोल का कार्य किया जा रहा था जबकि वहां मौजूद हाईटेंशन बिजली तार में बिजली प्रवाह चालू था इसी दौरान बिजली के पोल के कार्य करने के दौरान बिजली तार से खंभे के टकराने से दो बिजली मजदूर की मौत एवं 5 घायल हो गए दो की हालत गंभीर है। जिनका इलाज सिविल अस्पताल में किया जा रहा है। पुलिस के द्वारा मृग कायम कर पोस्टमार्टम की कारवाही की जा रही ी है। आगे जांच अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

# जर्जर सड़क से 15 गांवों का रास्ता बेहाल, सीएसआर मद से निर्माण की मांग

समवेत शिखर संवाददाता



**कोरबा।** रिस्दी चौक से रजगामार तक लंबे समय से जर्जर सड़क क्षेत्रवासियों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। जगह-जगह बड़े गड्ढों के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्राम पंचायत रजगामार की उपसरपंच श्रीमती पूनम चौरसिया ने कलेक्टर कुणाल दुदावत और एसईसीएल-कोरबा क्षेत्र के महाप्रबंधक को पत्र सौंपकर सीएसआर मद से राशि स्वीकृत करने की मांग की है।

उपसरपंच के अनुसार, रिस्दी से रजगामार तक का यह मार्ग करीब 15 गांवों के ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण आवागमन मार्ग है। लंबे समय से मरम्मत और निर्माण न होने से सड़क की स्थिति बेहद खराब हो गई है। बड़े गड्ढों के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ती है। ग्रामीणों ने दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ने की बात कही है।

श्रीमती चौरसिया ने कहा कि एसईसीएल से प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए सीएसआर मद का प्रभावी उपयोग होना चाहिए। उन्होंने कलेक्टर के प्रयासों से कोरबा शहर की कुछ प्रमुख सड़कों के निर्माण के लिए एसईसीएल के सीएसआर मद से राशि स्वीकृत किए जाने का हवाला देते हुए रिस्दी चौक-रजगामार मार्ग को भी प्राथमिकता देने की मांग की। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से रजगामार सहित आसपास के करीब 15 गांवों के लोगों को सीधे लाभ मिलेगा। विद्यार्थियों, कर्मचारियों, किसानों और रोजमर्रा के काम से आवागमन करने वाले ग्रामीणों के लिए यह मार्ग अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक हो सकेगा।

मामले में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सड़क की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक प्रक्रिया आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। वहीं एसईसीएल-कोरबा क्षेत्र के महाप्रबंधक ने कहा कि मुख्यालय से स्वीकृति प्राप्त होने के बाद सड़क निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। ग्रामीणों के साथ भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता अनिल चौरसिया भी कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे और सड़क निर्माण की मांग को लेकर आवेदन सौंपा। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि सड़क निर्माण केवल आवागमन की सुविधा का मामला नहीं, बल्कि क्षेत्र की सुरक्षा और बुनियादी जरूरत से जुड़ा विषय है। ग्रामीण अब कलेक्टर और एसईसीएल प्रबंधन के आश्वासन पर कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

# कुंडेरा दादर में सेप्टिक टैंक से मिला तेंदुए का शव

- » सेप्टिक टैंक में मिला बूढ़े तेंदुए का शव, एक दिन पहले इसी टैंक से निकला था बछड़े का शव
- » बछड़े का पीछा करते टैंक में गिरने की आशंका, 8 से 10 फीट पानी में डूबने से दोनों की मौत

समवेत शिखर संवाददाता



**गरियाबंद।** जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर परसुली वन परिक्षेत्र के ग्राम कुंडेरा दादर में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब निर्माणाधीन सेप्टिक टैंक में ग्रामीणों को एक तेंदुए का शव तैरता हुआ दिखाई दिया।खास बात यह है कि इसी सेप्टिक टैंक से एक दिन पहले 27 सितंबर को ग्रामीणों ने एक बछड़े का शव भी बाहर निकाला था। लगातार दो दिनों में एक ही टैंक से दो वन्यजीवों के शव मिलने की घटना से ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।

जानकारी के अनुसार गांव में एक मकान के लिए सेप्टिक टैंक का निर्माण कराया जा रहा था। बारिश के कारण टैंक में करीब 8 से 10 फीट तक पानी भर गया था। 27 सितंबर को ग्रामीणों की नजर टैंक में तैर रहे बछड़े के शव पर पड़ी,जिसे बाहर निकाल लिया गया था। इसके अगले ही दिन 28 सितंबर की सुबह ग्रामीणों ने उसी टैंक में एक तेंदुए का शव तैरता देखा। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी।

सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से तेंदुए के शव को टैंक से बाहर निकाला। प्रारंभिक जांच में तेंदुआ काफी उम्रदराज बताया गया है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार तेंदुए की उम्र अधिक होने के कारण वह कमजोर हो गया होगा। आशंका जताई जा रही है कि वह करीब दो दिन पहले टैंक में गिरा होगा।

**बछड़े का पीछा करते टैंक में गिरने की आशंका**-गांव जंगल से लगा होने के कारण वन्यजीवों की आवाजाही यहां बनी रहती है। ग्रामीणों और वन विभाग द्वारा जताई गई आशंका के अनुसार बूढ़ा तेंदुआ बछड़े का पीछा करते हुए गांव तक पहुंचा होगा। इसी दौरान बछड़ा निर्माणाधीन सेप्टिक टैंक में गिर गया और उसके पीछे तेंदुआ भी टैंक में छलांग लगा बैठा होगा। टैंक में अधिक गहराई तक पानी भरा होने के कारण दोनों जानवर बाहर नहीं निकल सके और डूबने से उनकी मौत हो गई।

पहले बछड़े का शव पानी के ऊपर आ गया, जिसके चलते 27 सितंबर को उसे ग्रामीणों ने बाहर निकाल लिया।वहीं तेंदुए का शव संभवतः पानी में नीचे रहने के कारण अगले दिन ऊपर आया और 28 सितंबर को ग्रामीणों की नजर उस पर पड़ी।

**वन विभाग ने कराया अंतिम संस्कार**-तेंदुए का शव बाहर निकालने के बाद वन विभाग के अधिकारियों ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद वन विभाग और पुलिस की मौजूदगी में तेंदुए के शव का अंतिम संस्कार कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि तेंदुआ काफी बूढ़ा था और प्रथम दृष्टया किसी संघर्ष या शिकार की घटना के बजाय टैंक में गिरने से उसकी मौत होने की आशंका है। घटना को लेकर वन विभाग द्वारा आवश्यक जांच की जा रही है।

# नई दिल्ली राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन में शामिल हुए मंत्री रामविचार नेताम

## छत्तीसगढ़ को 182 करोड़ रुपए की राशि का आवंटन

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम आज नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन में शामिल हुए। 28 और 29 सितंबर को आयोजित इस सम्मेलन में देशभर के कृषि मंत्रियों, कृषि वैज्ञानिकों, कृषि क्षेत्र के विशेषज्ञों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। भारत सरकार के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं राज्यमंत्री की उपस्थिति में आगामी रबी फसल को लेकर व्यापक कार्ययोजना तैयार करने पर विचार-विमर्श किया गया।

सम्मेलन में कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए कृषि क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने तथा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के विभिन्न घटकों का प्रभावी क्रियान्वयन करने को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। इसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ के अधिक से अधिक किसानों को कृषि योजनाओं का लाभ पहुंचाना, कृषि की लागत को कम करना और किसानों की आय में वृद्धि के लिए प्रभावी कदम उठाना है।

उन्होंने बताया कि सम्मेलन के दौरान भारत सरकार के कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा छत्तीसगढ़ के लिए 182 करोड़ रुपए का आवंटन जारी किया गया और इसका पत्र भी प्रदान किया गया। उन्होंने प्रदेश के किसानों की ओर से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह राशि छत्तीसगढ़ में कृषि विकास को नई गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा कि इस राशि से प्रदेश में चलाए जाने वाले 'विकसित संकल्प अभियान' को भी मजबूती मिलेगी। इसके साथ ही आगामी समय में 'खेत बचाओ अभियान' के माध्यम से किसानों को बेहतर उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। दलहन और तिलहन के रकबे को बढ़ाने, कृषि उत्पादन में वृद्धि करने तथा किसानों को बेहतर उपज दिलाने के लिए भी इस सहायता का प्रभावी उपयोग किया जाएगा।

मंत्री श्री नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का प्रयास है कि केंद्र सरकार की योजनाओं और राज्य की कृषि नीतियों के बेहतर समन्वय से प्रदेश के किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिले। कृषि क्षेत्र में नई तकनीक, कम लागत और बेहतर उत्पादन के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से प्राप्त यह सहायता छत्तीसगढ़ में कृषि विकास को और गति प्रदान करेगी तथा प्रदेश को कृषि क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने में सहयोगी होगी। उन्होंने इसके लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया।

# मप्र में 103 पंचायत पदों के लिए हुआ मतदान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में पंचायत उपचुनाव के लिए मंगलवार को 103 पदों पर मतदान हुआ। वहीं, आगर-मालवा के सुसनेर में नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए भी वोटिंग कराई गई। इस तरह कुल 104 पदों के लिए मतदान हुआ। सुसनेर में भाजपा ने प्रदीप सोनी और कांग्रेस ने विष्णु पाटीदार को प्रत्याशी बनाया है। यहां वार्ड-7 स्थित मतदान केंद्र पर ईवीएम को लेकर करीब 15 मिनट तक मतदान रुका रहा। स्थानीय विधायक भैरों सिंह परिहार ने ईवीएम के फर्जी होने का आरोप लगाया। मशीन से संबंधित जानकारी लिखित में उपलब्ध नहीं कराने पर उन्होंने आपत्ति जताई। विधायक के पास मौजूद पुरानी सूची और ईवीएम के सीरियल नंबर में अंतर मिलने के बाद दोनों दलों के समर्थक मतदान केंद्र पर इकट्ठा हो गए। विधायक ने मतदान केंद्र से तहसीलदार को फोन कर बिना सूचना ईवीएम बदले जाने पर आपत्ति जताई। इस दौरान उन्होंने कहा, 'क्या तुम्हारे बाप का राज है?' रायसेन और खरगोन में ग्रामीणों ने सड़क, श्मशान तक रास्ते और पुलिया की मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार किया।

# सेवा संकल्प अभियान: भव्य 'आंगन मिलन समारोह' आयोजित

समवेत शिखर संवाददाता



**गरियाबंद।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों में भव्य एवं गरिमामय 'आंगन मिलन समारोह' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों, महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। समारोह का उद्देश्य मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता एवं स्वस्थ समाज के निर्माण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में वार्ड क्रमांक 14 की पार्षद *पुष्पा साहू* एवं वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद *सूरज सिन्हा* उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और पोषण का केंद्र नहीं, बल्कि स्वस्थ परिवार और सशक्त समाज की मजबूत नींव हैं। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और जनजागरूकता पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया।

समारोह के दौरान उत्कृष्ट सेवाओं के लिए आंगनबाड़ी *कार्यकर्ता सरस्वती ठाकुर, सहायिका रोहणी निर्मलकर* तथा वार्ड 14-15 की मितानिन *सीमा गुप्ता* का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। वहीं मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करते हुए गोद भराई रस्म का आयोजन भी किया गया। स्वस्थ बच्चों का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर उनके उज्वल एवं स्वस्थ भविष्य की मंगलकामना की गई।इस अवसर पर पुष्पा साहू,मिलेश्वरी साहू,सूरज सिन्हा,मंजरी गुप्ता, सरिता साहू,अर्चना उपाध्याय,माही यादव, शशिप्रभा सिन्हा,कृष्ण सिन्हा,तुलसी सिन्हा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं,बच्चे एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।आंगन मिलन समारोह ने सेवा, सम्मान और संस्कार का ऐसा संदेश दिया,जिसने सेवा संकल्प अभियान की भावना को जनभागीदारी के साथ और अधिक मजबूत किया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*
( * पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2026-28 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com

## न्यूज ब्रीफ

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 8 अक्टूबर को

जगदलपुर। जिला पंचायत बस्तर की सामान्य सभा की पूर्व में 30 सितम्बर को नियत बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। अब उक्त बैठक आगामी 08 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। इस बैठक में सर्व संबंधित अधिकारियों को अद्यतन विभागीय जानकारी के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### रायपुर में 7 और 8 अक्टूबर को राज्य स्तरीय मेगा रोजगार मेला

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के शिक्षित और तकनीकी रूप से प्रशिक्षित युवाओं के लिए निजी क्षेत्र में करियर संवारने का एक बड़ा अवसर है। रायपुर स्थित सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आगामी 7 और 8 अक्टूबर को दो दिवसीय राज्य स्तरीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य आयोजन के दूसरे दिन, यानी 8 अक्टूबर को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की गरिमामयी उपस्थिति प्रस्तावित है, जहां वे चयनित अभ्यर्थियों को सीधे नियुक्ति पत्र (ऑफर लेटर) वितरित करेंगे। इस राज्य स्तरीय मेले के माध्यम से अब तक 36 अग्रणी औद्योगिक प्रतिष्ठानों और प्लेसमेंट एजेंसियों से कुल 8,720 रिक्तियां जुटाई जा चुकी हैं। मेले में भाग लेने वाले प्रमुख नियोक्ताओं में क्रेस कॉर्प, रैंडस्टैड इंडिया, वर्धमान टेक्सटाइल्स, राजस्थान टेक्सटाइल मिल्सदुसतलुज टेक्सटाइल्स, जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर, एयरटेल पेमेंट्स बैंक, इंस्टाकार्ट, एनआईआईटी, आईसेक्ट, स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंशियल, स्वतंत्र माइक्रोफिन, शांता टेक्नो, रजत इक्विपमेंट्स और फर्स्ट फ्लाई कॉर्पोरेट जैसे बड़े नाम शामिल हैं। इन कंपनियों में 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, इंजीनियरिंग के साथ-साथ सामान्य स्नातक और स्नातकोत्तर योग्यताधारी युवाओं के लिए तकनीकी और गैर-तकनीकी दोनों क्षेत्रों में करियर के ढेरों अवसर उपलब्ध रहेंगे।

### किसान की बेटी मनीषा बनेगी डॉक्टर, नीट में पाई सफलता

जगदलपुर। दृढ़ संकल्प, अनुशासन और सच्ची लगन हो तो सीमित संसाधन भी सपनों की राह में बाधा नहीं बन सकते। इसे सच कर दिखाया है बस्तर जिले के दरभा विकासखंड स्थित ग्राम छिंदावाड़ा-कावारास की होनहार बेटी मनीषा कश्यप ने। एक साधारण कृषक परिवार से ताल्लुक रखने वाली मनीषा ने अपनी अथक मेहनत के बल पर नीट-2026 में शानदार सफलता अर्जित कर सरकारी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस सीट पक्की कर ली है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ ही मनीषा अपने गांव से डॉक्टर बनने की दिशा में कदम बढ़ाने वाली पहली छात्रा बन गई है, जिससे पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व की लहर दौड़ गई है। किसान पिता चंदन सिंह कश्यप और माता गौरी कश्यप के मार्गदर्शन में पली-बढ़ी मनीषा ने अपनी इस मंज़िल को पाने के लिए जगदलपुर स्थित ज्ञानगुड़ी कोचिंग सेंटर से मेडिकल प्रवेश परीक्षा की गंभीर तैयारी शुरू की थी। कोचिंग के साथ-साथ उन्होंने लाला जगदलपुरी लाइब्रेरी में घंटों नियमित अध्ययन कर अपनी दिनचर्या को पूरी तरह पढ़ाई के प्रति समर्पित रखा।

# सड़क के गड्ढों पर जनसहयोग का मरहम श्रमदान से बदली कुमारपारा चौक की तस्वीर

समवेत शिखर संवाददाता

नारायणपुर। शहर के कुमारपारा चौक में सोमवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत जनसहयोग और श्रमदान की ऐसी पहल देखने को मिली, जिसने लंबे समय से सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों की समस्या को कुछ ही घंटों में काफी हद तक दूर कर दिया। सड़क की बदहाल स्थिति से परेशान वार्डवासियों ने नगर के पार्षदों के साथ मिलकर स्वयं आगे आते हुए गड्ढों को भरने का काम किया।

यह मार्ग चांदनी चौक से कुमारपारा की ओर जाने वाला पीडब्ल्यूडी का मार्ग है। लंबे समय से सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे बने हुए थे, जिससे राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सड़क की स्थिति को देखते हुए वार्डवासियों और पार्षदों ने समस्या के समाधान के लिए प्रशासनिक इंतजार करने के बजाय आपसी सहयोग से पहल करने का निर्णय लिया। किसी ने दी रेती, किसी ने गिट्टी-सीमेंट, सभी ने किया श्रमदान-सेवा संकल्प अभियान के तहत हुए इस कार्य में जनसहयोग की मिसाल देखने को मिली। स्थानीय लोगों ने अपनी क्षमता के अनुसार योगदान दिया। किसी ने रेती उपलब्ध कराई, किसी ने गिट्टी और सीमेंट, तो कई लोगों ने मौके पर पहुंचकर स्वयं श्रमदान किया। पार्षदों और वार्डवासियों ने मिलकर सड़क के गड्ढों को भरने का काम किया। इस दौरान पार्षद प्रवीण गोलछा, पार्षद कौशल बघेल, वार्ड के वरिष्ठ नागरिक



श्यामलाल कश्यप, राजू यादव, महेंद्र समरथ, दीना यादव और खिरेंद्र पांडे सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे। इस पहल को लेकर स्थानीय स्तर पर लोगों की ओर से सराहना की जा रही है। नागरिकों का कहना है कि सार्वजनिक समस्या के समाधान में प्रशासन के साथ-साथ समाज की सहभागिता भी महत्वपूर्ण है। वार्डवासियों ने श्रमदान और संसाधनों के सहयोग से यह संदेश दिया कि शहर की समस्याओं को लेकर नागरिक स्वयं भी जिम्मेदारी निभा सकते हैं।विशेषकर शहर में स्कूलों, बाजार और अन्य प्रमुख स्थानों की ओर जाने वाले मार्गों पर सड़क की स्थिति सीधे आम लोगों की रोजमर्रा की आवाजाही को प्रभावित करती है। ऐसे में कुमारपारा चौक पर जनसहयोग से गड्ढे भरने की पहल को स्थानीय लोगों ने सकारात्मक कदम बताया है।हालांकि जनसहयोग से तत्काल राहत के लिए गड्ढों को भर दिया गया है, लेकिन यह मार्ग पीडब्ल्यूडी के अधीन होने के कारण स्थानीय लोगों को अब सड़क की स्थायी मरम्मत और बेहतर निर्माण की भी उम्मीद है। नागरिकों का कहना है कि गड्ढे दोबारा न बनें, इसके लिए संबंधित विभाग को मार्ग की तकनीकी जांच कर आवश्यक मरम्मत कार्य कराना चाहिए। सेवा संकल्प अभियान के तहत कुमारपारा चौक में हुई यह पहल फिलहाल छोटी जरूर है, लेकिन इसने जनभागीदारी और सामूहिक जिम्मेदारी की बड़ी तस्वीर जरूर सामने रखी है।

# बाढ़ का पानी उतरा, अब नुकसान का हिसाब जरूरी : कांग्रेस

समवेत शिखर संवाददाता

जगदलपुर। बस्तर में हालिया बाढ़ और जलभराव से प्रभावित परिवारों के सामने अब राहत के बाद पुनर्वास और नुकसान की भरपाई की चुनौती खड़ी हो गई है। घरों में पानी घुसने से राशन, घरेलू सामान, कपड़े, बच्चों की किताबें और जरूरी दस्तावेजों को हुए नुकसान का हवाला देते हुए कांग्रेस ने प्रभावित परिवारों का तत्काल घर-घर सर्वे कराकर वास्तविक क्षति के आधार पर मुआवजा देने की मांग की है।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि बाढ़ के दौरान राहत सामग्री और भोजन उपलब्ध कराना जरूरी था, लेकिन आपदा के बाद प्रभावित परिवारों को दोबारा सामान्य जीवन में लौटाना भी सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को प्रत्येक प्रभावित वार्ड और पंचायत में विशेष सर्वे दल भेजकर मकानों, राशन, घरेलू उपयोग की वस्तुओं और अन्य नुकसान का वास्तविक आकलन करना चाहिए।मौर्य ने कहा कि कई परिवारों के राशन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर आईडी, बैंक पासबुक, आयुष्मान कार्ड, श्रमिक कार्ड, जमीन के दस्तावेज और बच्चों के शैक्षणिक कागजात भी पानी में खराब या नष्ट हुए हैं। ऐसे दस्तावेजों को प्रशासन की निगरानी में प्राथमिकता के आधार पर निःशुल्क उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सर्वे केवल औपचारिकता न हो, बल्कि प्रत्येक परिवार को हुए वास्तविक नुकसान को दर्ज किया जाए। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने कहा कि बाढ़ के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों और राजनीतिक दलों ने प्रभावित लोगों तक राहत पहुंचाई, लेकिन अब राहत से आगे पुनर्वास पर फोकस करने का समय है। उन्होंने कहा कि कई परिवारों का राशन खराब हुआ है, घरेलू सामान नष्ट हुआ है और बच्चों की किताबें, स्कूल ड्रेस व कपड़े पानी से खराब हुए हैं। कुछ मकानों को भी क्षति पहुंची है। चौधरी ने मांग की कि प्रभावित परिवारों को मुआवजे के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। सर्वे, दस्तावेजों के पुनर्निर्माण और मुआवजा वितरण की प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाई जाए।

# सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर नम्रता जैन

समवेत शिखर संवाददाता



नारायणपुर। जिला कार्यालय के सभा कक्ष में कलेक्टर श्रीमती नम्रता जैन की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, शासन की योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनसमस्याओं के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा की जाए। बैठक में सुशासन एवं अभिसरण विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने पात्र हितग्राहियों के राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय पर पहुंचाने के निर्देश दिए।

**स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में विकसित होंगे किचन गार्डन-** कलेक्टर ने जिले के सभी स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में किचन गार्डन विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे बच्चों एवं हितग्राहियों को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक सब्जियों के उत्पादन एवं उपयोग से जोड़ा जा सकेगा। संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से इसके लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।

# बाढ़ पीड़ितों की मदद को आगे आया उत्कल समाज, राहत कोष में दिए 21 हजार रुपए

### कलेक्टर को सौंपा सहायता राशि का चेक, आपदा की घड़ी में प्रशासन के साथ खड़े रहने का दिया संदेश

समवेत शिखर संवाददाता

जगदलपुर। बस्तर संभाग में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा और बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए सामाजिक संगठन लगातार आगे आ रहे हैं। इसी क्रम में उत्कल समाज बस्तर संभाग ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए मुख्यमंत्री बाढ़ आपदा राहत कोष में 21 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है।



समाज ने आपदा की इस कठिन घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ खड़े रहने और राहत एवं पुनर्वास कार्यों में प्रशासन का सहयोग करने का निर्णय लिया था। इसी निर्णय के तहत मंगलवार को उत्कल समाज का प्रतिनिधिमंडल कलेक्ट्रेट पहुंचा और बस्तर कलेक्टर आकाश छिकारा को 21 हजार रुपये का चेक सौंपा।इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय खन्ना, अपर कलेक्टर सीपी बघेल और नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने उत्कल समाज की इस पहल की सराहना करते हुए आपदा प्रभावितों की सहायता के लिए किए गए सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। उत्कल समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के समय प्रभावित परिवारों की सहायता करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## खेल-व्यापार-मनोरंजन

# डीएलएफ गोल्फ क्लब में 22 अक्टूबर से शुरू होगा महिला इंडिया ओपन, 5 लाख डॉलर का होगा मुकाबला



नई दिल्ली (ए)। महिला इंडिया ओपन 2026 गोल्फ टूर्नामेंट का आयोजन गुरुग्राम के डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में 22 से 25 अक्टूबर तक किया जाएगा। गत चैंपियन सिंगापुर की शेनोन टेन अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगी जबकि 2024 की विजेता इंग्लैंड की लिज यंग और 2022 की विजेता जर्मनी की ओलीविया कोवान भी इस पांच लाख डॉलर इनामी प्रतियोगिता में आकर्षण का केंद्र होंगी। भारत की महिला गोल्फरों की नजरें 10 साल में पहली बार इंडिया ओपन का खिताब जीतने पर टिकी होंगी।

भारतीय खिलाड़ियों में पिछली बार अदिति अशोक ने 2016 में यह खिताब जीता था। भारत को दीक्षा डागर से काफी उम्मीदें हैं। वह प्रणवी उर्स के साथ आइची-नागोया में चल रहे एशियाई खेलों में हिस्सा लेने के बाद इस टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगी।

इसके अलावा स्थानीय खिलाड़ियों में अवनि प्रशांत, हिताशी बख्शी और वाणी कपूर पर भी नजरें रहेंगी। महिला इंडिया ओपन एशिया की शीर्ष लेडीज यूरोपीय टूर प्रतियोगिताओं में से एक है। लेडीज यूरोपीय टूर ऑर्डर ऑफ मेरिट 2025 में शीर्ष पर रहने वाली टेन के अलावा 2024 में शीर्ष पर रहने वाली स्विट्जरलैंड की चियारा टेंबरलिनी , 2023 में शीर्ष पर रहने वाली थाईलैंड की त्रिचात चेंगलाब और पिछले साल इंडिया ओपन की उप विजेता एलिस ह्युसन भी कड़ी चुनौती पेश करेंगी।

# एशियन गेम्स : में बारिश से सभी क्वार्टर फाइनल रद्द, ,सेमी फाईनल में श्रीलंका से भिड़ेगा इंडिया

नई दिल्ली। मंगलवार को नागोया में नेपाल के खिलाफ़ श्रीलंका का क्वार्टर-फ़ाइनल मैच बारिश की वजह से रद्द हो जाने के बाद, एशियाई खेलों के सेमी-फ़ाइनल में भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का मुक़ाबला श्रीलंका से होगा। कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में होने वाला यह मैच बिना टॉस के ही रद्द कर दिया गया, क्योंकि लगातार बारिश के कारण खेल शुरू करना नामुमकिन था। श्रीलंका अपनी बेहतर ट्वेंटी20आई रैंकिंग के आधार पर सेमी-फ़ाइनल में पहुँचा; श्रीलंका नौवें और नेपाल 14वें स्थान पर है।

इस नतीजे का मतलब है कि खराब मौसम की वजह से एशियाई खेलों में पुरुषों के सभी चार क्वार्टर-फ़ाइनल मैच रद्द हो गए हैं। सोमवार को अफ़गानिस्तान के खिलाफ़ क्वार्टर-फ़ाइनल मैच रद्द होने के बाद भारत पहले ही सेमी-फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुका था। मौजूदा चैंपियन ट्वेंटी20 रैंकिंग में नंबर 1 पर हैं, जबकि अफ़गानिस्तान 10वें नंबर पर है। नागोया में बारिश की वजह से मलेशिया के खिलाफ़ क्वार्टर-फ़ाइनल मैच रद्द होने के बाद बांग्लादेश भी सेमी-फ़ाइनल में पहुँच गया। इससे पहले हांगकांग के खिलाफ़ क्वार्टर-फ़ाइनल मैच रद्द होने पर बेहतर रैंकिंग वाली टीम के तौर पर पाकिस्तान आगे बढ़ा था। दूसरे सेमी-फ़ाइनल में पाकिस्तान का मुक़ाबला बांग्लादेश से होगा, और सेमी-फ़ाइनल के दोनों मैच गुरुवार को खेले जाने हैं। पिछले कुछ दिनों से नागोया में बारिश लगातार परेशानी का कारण बनी हुई है। शनिवार को जापान के खिलाफ नेपाल का आखिरी ग्रुप-स्टेज मैच भी मौसम से प्रभावित हुआ। मैच को घटाकर 15 ओवर का कर दिया गया, जिसमें नेपाल ने चार विकेट पर 149 रन बनाए, लेकिन फिर बारिश शुरू हो गई और जापान अपनी पारी शुरू नहीं कर सका। इससे पहले नेपाल ने अफगानिस्तान के खिलाफ पांच विकेट से जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी।



# नानी की फिल्म 'द पैराडाइज़' ने 4 दिन में पलटा खेल दुनियाभर में 138 करोड़ के पार पहुंची कमाई



मुंबई। तेलुगु सुपरस्टार नानी की फिल्म 'द पैराडाइज' बीते गुरुवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। रिलीज के बाद से ही फिल्म की कमाई में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। रविवार की छुट्टी का भी फिल्म को फायदा मिला और चौथे दिन इसके दुनियाभर के कलेक्शन में इजाफा हुआ। पीरियड ड्रामा एक्शन थ्रिलर 'द पैराडाइज' ने रिलीज के तीन दिनों में ही दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया था। अब फिल्म का वर्ल्डवाइड सकल कलेक्शन 138.25 करोड़ तक पहुंच गया है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने पहले दिन 34.65 करोड़ की कमाई की थी। इसके बाद दूसरे दिन कमाई में करीब 60 प्रतिशत की गिरावट आई और फिल्म ने शुक्रवार को 14.9 करोड़ कमाए। शनिवार को फिल्म का कलेक्शन 15.25 करोड़ रहा, जबकि रविवार को इसने 15.07 करोड़ का कारोबार किया। रिपोर्ट के अनुसार, 'द पैराडाइज' का भारत में कुल सकल कलेक्शन 109 करोड़ और शुद्ध कलेक्शन 92.1 करोड़ हो गया है। वहीं, विदेशों से फिल्म ने 29.25 करोड़ का सकल कलेक्शन किया है। फिल्म की कमाई को लेकर रिपोर्ट में बताया गया है कि यह 150 करोड़ के आंकड़े की ओर बढ़ रही है। हालांकि, फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से मिली प्रतिक्रिया काफी नकारात्मक रही है। 'द पैराडाइज' ने नानी की पिछली फिल्म 'हिट- द थर्ड केस' के लाइफटाइम कलेक्शन को भी पीछे छोड़ दिया है। 'हिट- द थर्ड केस' ने अपनी पूरी सिनेमाघर रिलीज के दौरान दुनियाभर में करीब 120 करोड़ का सकल कारोबार किया था। इस तरह 'द पैराडाइज' नानी के करियर की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है।

# राजनांदगांव पहुंची केनरा रोबेको की निवेश बस यात्रा

### केनरा रोबेको एएमसी' का निवेशकों को जागरूक करना उद्देश्य



राजनांदगांव। केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ क्षेत्र में निवेश बस यात्रा शुरू की है। यह कंपनी केनरा रोबेको म्यूचुअल फंड की निवेश प्रबंधक है, जो भारत का दूसरा सबसे पुराना म्यूचुअल फंड है। इस पहल का मकसद निवेशकों को म्यूचुअल फंड निवेश के बारे में बताना और जागरूकता फैलाना है।

इस यात्रा के जरिये राज्य की राजधानी और उसके आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों के बीच वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने और म्यूचुअल फंड निवेश के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम किया जा रहा है। बस ने रायपुर और भिलाई से अपनी यात्रा शुरू की और अब राजनांदगांव पहुंच गई है। इसके बाद यह बिलासपुर और कोरबा जाएगी और इन सभी स्थानों के समुदायों तक वित्तीय शिक्षा पहुंचाएगी। केनरा रोबेको एएमसी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रजनीश नरूला के अनुसार ÷आज के बदलते वित्तीय माहौल में जानकारी उतनी ही ताकतवर है, जितनी समझ। जो निवेशक जानकार होता है, वह न सिर्फ अपने लिए बेहतर फैसले लेता है, बल्कि एक मजबूत वित्तीय इकोसिस्टम बनाने में भी योगदान देता है। निवेश की जानकारी आसान हो, सबकी पहुंच में हो और उस पर अमल भी हो सके, यही हमारा संकल्प है।

# न्युवोको ने राजस्थान में 46.4 मेगावॉट के विंड-सोलर हाइब्रिड रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट के लिए क्लीनमैक्स के साथ साझेदारी की

मुंबई (ए)। न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड (न्युवोको), भारत की भरोसेमंद बिल्डिंग मटीरियल कंपनी, ने कमर्शियल और इंडस्ट्रियल (÷सीएंडआई÷) सेक्टर के लिए भारत की सबसे बड़ी रिन्यूएबल एनर्जी सॉल्यूशन प्रोवाइडर, क्लीनमैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (÷क्लीनमैक्स÷) के साथ राजस्थान में 46.4 मेगावॉट के विंड-सोलर हाइब्रिड रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट के लिए साझेदारी की है। यह पहल न्युवोको के सीमेंट ऑपरेशन्स को साफ-सुथरी बिजली उपलब्ध कराएगी और कंपनी की लंबे समय की रिन्यूएबल एनर्जी और डीकार्बोनाइज़ेशन स्ट्रैटेजी को मज़बूत करेगी। इस प्रोजेक्ट का मकसद न्युवोको की बिजली खपत में रिन्यूएबल एनर्जी की हिस्सेदारी बढ़ाना है, जिससे फॉसिल-फ्यूल की खपत और उससे होने वाला उत्सर्जन कम हो सके।



यह प्रोजेक्ट राजस्थान के भीखमखोर में एक इंडिपेंडेंट पावर प्रोड्यूसर (आईपीपी), क्लीनमैक्स द्वारा डेवलप किया जाएगा। इसमें 20 मेगावॉट की विंड क्षमता और 26.4 मेगावॉटडीसी की सोलर क्षमता शामिल होगी, जिसमें 2-एमडब्ल्यूएच का बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) भी होगा। प्रोजेक्ट से पैदा होने वाली बिजली स्टेट ट्रांसमिशन यूटिलिटी (एसटीयू) ओपन एक्सेस नेटवर्क के ज़रिए न्युवोको को सप्लाई की जाएगी। इस पहल से सालाना लगभग 1,25,485 टन सीओ2 उत्सर्जन (स्कोप 1 और स्कोप 2) को कम करने में मदद मिलने की उम्मीद है। एक बार चालू होने के बाद, इस हाइब्रिड प्रोजेक्ट से सालाना लगभग 100 एमयू रिन्यूएबल बिजली पैदा होने की उम्मीद है, साथ ही यह न्युवोको के लंबे समय के एनर्जी और सस्टेनेबिलिटी लक्ष्यों को भी पूरा करने में मदद करेगा। यह पहल, रिन्यूएबल एनर्जी, वेस्ट हीट रिकवरी सिस्टम (डब्ल्यूएचआरएस), एनर्जी-एफिशिएंसी के उपायों और वैकल्पिक ईंधन के ज़्यादा इस्तेमाल के ज़रिए अपने मैन्युफैक्चरिंग ऑपरेशन्स की कार्बन इंटेंसिटी को कम करने की न्युवोको की चल रही कोशिशों को आगे बढ़ाती है।

# इस फेस्टिव सीजन एआई+ स्मार्टफोन पल्स 2 एफई, नोवाटैब और लैपटैब के साथ लाखों लोगों तक पहुंचा रहा फ्लैगशिप इनोवेशन

रायपुर। फेस्टिव सीजन से पहले एआई+ स्मार्टफोन ने आज अपने पोर्टफोलियो के विस्तार की घोषणा करते हुए, पल्स 2 एफई, नोवाटैब और लैपटैब को लॉन्च किया है। इन तीन नए डिवाइसेज के जरिए कंपनी ने उपभोक्ताओं के लिए कम्युनिकेशन, लर्निंग, एंटरटेनमेंट और प्रोडक्टिविटी के क्षेत्र में नए टेक्नोलॉजी एक्सपेरिएंसेस पेश किए हैं।



यह लॉन्च ऐसे समय में हुआ है, जब देशभर में लोग साल के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी खरीदारी, अपग्रेड और गिफ्टिंग सीजन की तैयारी कर रहे हैं। नए पोर्टफोलियो के साथ एआई+ स्मार्टफोन ने अलग-अलग जरूरतों और बजट वाले उपभोक्ताओं के लिए विकल्पों का विस्तार किया है। इसमें पहली बार स्मार्टफोन खरीदने वाले लोगों से लेकर कनेक्टेड लर्निंग डिवाइस की तलाश कर रहे छात्रों और एंटरटेनमेंट के साथ-साथ प्रोडक्टिविटी के लिए बड़ी स्क्रीन चाहने वाले उपभोक्ताओं तक के लिए डिवाइस शामिल हैं। हर प्रोडक्ट को उपभोक्ताओं की अलग-अलग जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। पल्स 2 एफई, जिसे फर्स्ट स्टेप टू ए स्मार्टर वर्ल्ड के तौर पर पेश किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. चमेली साहू सोच पब्लिकेशन से सम्मानित



**जांजगीर।** सोच पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित प्रीत के सात रंग पुस्तक के लेखन में सह रचनाकार के रूप में कविता लेखन पर जिसमें सांस्कृतिक,शैक्षणिक अनुराग,समाज सेवा की सक्रियता शिक्षा और साहित्य और भजन के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके डॉ. चमेली साहू को सम्मान पत्र,पुस्तक की प्रति देकर सम्मानित किया गया है। यह सम्मान इनके लेखनी से प्रस्फुटित भजन जो शांति और दिव्यता की ओर अग्रसर करते है।समाज में दिव्य चेतना जगाने मे अतुलनीय योगदान के फलस्वरूप है। प्रदान की गई है इनका 700 भजनों का संग्रह चमेली भजनामृत प्रकाशनाधीन है। इनके इस उपलब्धि पर श्रीमती मनीषा गोपाल पार्षद, डा.बोधीराम साहू,नम्रता तिवारी,विभा उपाध्याय,ममता यादव,सरोजनी साहू,दीपश्री साहू, अन्नू राठौर,सहित प्रशंसकों ने प्रसन्नता जाहिर की है ।

### डॉ. अलका यतींद्र यादव को भारत उत्थान न्यास में केंद्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व



**जांजगीर चाम्पा।** भारत उत्थान न्यास की केंद्रीय कार्यसमिति की ओर से डॉ. अलका यतींद्र यादव को केंद्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। इस संबंध में न्यास की ओर से 29 सितंबर 2026 को घोषणा पत्र जारी किया गया। घोषणा पत्र के अनुसार डॉ. अलका यतींद्र यादव वर्तमान में प्राचार्य, विष्णु क्रांति महाविद्यालय, छत्तीसगढ़ के पद पर कार्यरत हैं। न्यास ने उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपते हुए विश्वास जताया है कि वे दायित्व का निर्वहन करते हुए न्यास के विस्तार एवं सफल संचालन में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगी। न्यास के केंद्रीय अध्यक्ष आचार्य सुजीत कुंतल द्वारा जारी घोषणा पत्र में डॉ. यादव को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी गई हैं। घोषणा पत्र में न्यास परिवार की ओर से उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना भी की गई है।इनकी नियुक्ति से छत्तीसगढ सहित विभिन्न प्रदेशो के साहित्यकारो मे हर्ष व्याप्त है।

### बतारी मोड़ पर जाम से आमजन परेशान पार्किंग व्यवस्था की उठी मांग

**कोरबा।** दीपका-पाली मुख्य मार्ग पर बतारी मोड़ के निकट आज सुबह जाम की स्थिति निर्मित हो गई, जिसके चलते वाहनों की लंबी कतार लग गई। इससे इस मार्ग से आने-जाने वाले लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कई लोगों को घंटों तक जाम में फंसे रहना पड़ा, जिससे उन्हें अपने गंतव्य तक पहुंचने में देरी हुई। ज्ञात हो कि बतारी मोड़ क्षेत्र में वाहनों की पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं होने तथा भारी वाहनों को सड़क पर ही खड़ी करने के कारण अक्सर जाम की समस्या बनी रहती है। यही नहीं, इस कारण कई बार दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी हैं, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। क्षेत्रवासियों ने इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रशासन एवं एसईसीएल प्रबंधन से मांग की है कि यहां भारी वाहनों को खड़ी करने के लिए उचित पार्किंग की व्यवस्था की जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले दिनों में जाम और दुर्घटनाओं की समस्या और गंभीर हो सकती है।

# संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाना कांग्रेस की राजनीतिक हताशा : कवि शरण वर्मा

**आयुष शर्मा बोले–आरोप-प्रत्यारोप के बजाय अपनी राजनीतिक कमियों पर कांग्रेस करे आत्ममंथन**

समवेत शिखर संवाददाता



**सक्ती।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय सक्ती में 29 सितंबर को आयोजित प्रेस वार्ता में जनपद अध्यक्ष एवं भाजयुमो जिला प्रभारी कवि शरण वर्मा ने कांग्रेस पर संवैधानिक संस्थाओं को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जनता के जनादेश को स्वीकार करने के बजाय संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठाना कांग्रेस की राजनीतिक हताशा और जनादेश को स्वीकार नहीं कर पाने की मानसिकता को दर्शाता है।

कवि शरण वर्मा ने कहा कि कांग्रेस जब चुनाव जीतती है, तब उसे चुनाव प्रक्रिया और संवैधानिक संस्थाएं निष्पक्ष नजर आती हैं, लेकिन जब जनता उसे नकार देती है तो वही संस्थाएं उसके निशाने पर आ जाती हैं। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में असहमति का अधिकार है, लेकिन संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर लगातार सवाल उठाना उचित नहीं है।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण संवैधानिक अंग है। चुनाव प्रक्रिया को लेकर किसी राजनीतिक दल को आपत्ति है तो उसके लिए संवैधानिक और कानूनी रास्ते उपलब्ध हैं। बिना ठोस तथ्यों के लगातार आरोप लगाकर जनता के बीच भ्रम की स्थिति पैदा करना लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा को प्रभावित करता है।

जिला पंचायत सभापति आयुष शर्मा ने भी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि राजनीतिक दलों को अपनी असहमति लोकतांत्रिक और संवैधानिक मर्यादाओं के भीतर व्यक्त करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता अब राजनीतिक दावों और आरोप-प्रत्यारोप को तथ्यों के आधार पर समझती है। केवल आरोप लगाने से जनविश्वास हासिल नहीं किया जा सकता।

आयुष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस को संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगाने के बजाय जनता के बीच अपना जनाधार मजबूत करने और अपनी राजनीतिक कमियों पर आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान, लोकतंत्र और देश की संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रेस वार्ता में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी धनंजय नामदेव, जिला सह मीडिया प्रभारी, बाराद्वार मंडल अध्यक्ष गेंदराम मनहर, मंडल अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, भोजराम साहू सहित भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विखं बम्हनीडीह में उल्लास नवभारत साक्षरता महापरीक्षा हुई



**जांजगीर।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत 27 सितंबर 2026 रविवार को विकासखंड बम्हनीडीह में विभिन्न केंद्रों पर नव साक्षरों के लिए महापरीक्षा आयोजित की गई।महापरीक्षा केंद्रों में सैकड़ों नवसाक्षरों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।परीक्षा का उद्देश्य नव साक्षरों के अर्जित ज्ञान और बुनियादी साक्षरता कौशल का आकलन करना रहा।परीक्षा का सफल संचालन और केंद्रो पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए विकासखंड के अधिकारीयों ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा संचालन केंद्रो पर उपलब्ध सुविधाओं और नव साक्षर के सहभागिता की जानकारी ली।कार्यक्रम के माध्यम से विकासखंड में 15 वर्ष से अधिक आयु व वयस्कों को बुनियादी साक्षरता प्रदान करने के साथ उन्हें शिक्षा जागरूकता और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का प्रयास किया जा रहा है। ब्लाक समन्वयक डॉ उमेश कुमार दुबे ने कहा कि महापरीक्षा अभियान में नव साक्षरों के बड़ी संख्या में भागीदारी को कार्यक्रम के प्रति उनकी रुचि और जुड़ाव के रूप में देखा गया।परीक्षा के सफल आयोजन में जिला,विकासखंड प्रशासन,शिक्षा विभाग के अधिकारी व कर्मियों, स्वयंसेवी शिक्षकों तथा अन्य सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जांजगीर–केरा मार्ग के मजबूतीकरण को मिली प्रशासकीय स्वीकृति

**विधायक ब्यास कश्यप के प्रयास से 16.60 किमी सड़क के लिए ?10.04 करोड़ से अधिक की मंजूरी**

समवेत शिखर संवाददाता



**जांजगीर।** जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र के महत्वपूर्ण जांजगीर-केरा मार्ग के मजबूतीकरण कार्य को प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल इस सड़क के 16.60 किलोमीटर लंबे हिस्से के मजबूतीकरण के लिए 10 करोड़ 4 लाख 51 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस सड़क के मजबूतीकरण कार्य को वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल कराने में जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने महत्वपूर्ण पहल की थी। सड़क को बजट में शामिल किए जाने के बाद अब इसके लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिलने से क्षेत्रवासियों में सड़क की स्थिति बेहतर होने की उम्मीद जगी है। जांजगीर-केरा मार्ग क्षेत्र के आवागमन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। सड़क के मजबूतीकरण से आवागमन को सुगम बनाने के साथ ही मार्ग की गुणवत्ता और टिकाऊपन में सुधार होने की उम्मीद है।प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर विधायक ब्यास कश्यप ने लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सड़कों और बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं तथा जांजगीर-केरा मार्ग का मजबूतीकरण क्षेत्रवासियों के लिए महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने बताया कि रोगदा बिरगहनी मार्ग की स्वीकृति के लिए भी वे प्रयासरत हैं। इस कार्य की भी शीघ्र स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। इस महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य को स्वीकृति मिलने से क्षेत्रवासियों में हर्ष है तथा उन्होंने अपने जागरूक एवं कर्मठ विधायक के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# नवाचारी शिक्षिका रचना मिरी ने बच्चों को सिखाया समय का सदुपयोग

समवेत शिखर संवाददाता




**जांजगीर/झर्राडीह, बलौदा।** शासकीय प्राथमिक शाला झर्राडीह, बलौदा में नवाचारी शिक्षिका श्रीमती रचना मिरी के मार्गदर्शन में बच्चों को समय के महत्व एवं उसके सदुपयोग का रोचक और रचनात्मक तरीके से पाठ पढ़ाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रचनात्मक लेखन एवं पठन गतिविधियों के माध्यम से समय के महत्व को समझा और अपने विचारों को शब्दों में अभिव्यक्त किया।

गतिविधि के दौरान बच्चों को बताया गया कि समय सभी के लिए समान होता है, चाहे व्यक्ति अमीर हो या गरीब। अंतर केवल इस बात से पड़ता है कि कोई व्यक्ति समय का सदुपयोग करता है तो कोई उसका दुरुपयोग। समय का सदुपयोग नियमित दिनचर्या अपनाकर, सुबह जल्दी उठकर, समय पर पढ़ाई करके, अच्छी पुस्तकों का अध्ययन करके तथा अपने कार्यों को निर्धारित समय पर पूरा करके किया जा सकता है। बच्चों को समय के दुरुपयोग से बचने के लिए भी प्रेरित किया गया। उन्हें समझाया गया कि अनावश्यक रूप से मोबाइल चलाने, आलस्य करने तथा बिना उद्देश्य समय व्यतीत करने से बचना चाहिए। समय एक बार बीत जाने के बाद वापस नहीं आता, इसलिए प्रत्येक क्षण का सार्थक उपयोग करना आवश्यक है।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने समय के सदुपयोग विषय पर लेखन एवं पठन कार्य किया। कक्षा दूसरी की भूमिका पटेल एवं सुनिधि तथा कक्षा चौथी की दीप्ति एवं दीपिका ने गतिविधि के माध्यम से समय के सदुपयोग को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने में सहयोग किया।

शिक्षिका श्रीमती रचना मिरी, सहायक शिक्षक, ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए समय के सदुपयोग के लाभ तथा समय के दुरुपयोग से होने वाले नुकसान को सरल एवं रोचक गतिविधियों के माध्यम से समझाया। नवाचारी शिक्षण पद्धति से बच्चों ने न केवल विषय को समझा, बल्कि उसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प भी लिया

# पुरन तालाब छठ घाट में पचरी निर्माण के लिए विधायक ने 15 लाख रुपए की राशि जारी की



समवेत शिखर संवाददाता

**पत्थलगांव।** मुख्यमंत्री एवं अध्यक्ष, 'सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण' द्वारा क्षेत्रीय आवश्यकताओं एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए श्रीमती गोमती साय, उपाध्यक्ष, सरगुजाक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण द्वारा प्रेषित प्रस्ताव पर 'संलगन सूची अनुसार' 42 कार्यो के संपादन हेतु रुपये 345.00 लाखमात्र की स्वीकृति प्राधिकरण के अनुमोदन की प्रत्याशा में दी गई है ।

जिसमें पत्थलगांव के पूरन तालाब में पचरी निर्माण के लिए 15, लाख की राशि जारी कर दी गई है जिसके लिए भोजपुरी समाज के संरक्षण मनोज तिवारी, बच्चन दुबे, प्रदीप गुप्ता, अभयसिंह , अशोक श्रीवास्तव, अरुण गुप्ता, शिवशंकर गुप्ता, श्यामनारायण गुप्ता, कृष्ना सिंह, अध्यक्ष धनंजय तिवारी संजय तिवारी, पवन यादव, अवधेश गुप्ता, नीरज गुप्ता, रमेश तिवारी बंटी सिंह, पवन गुप्ता, कुंदन गुप्ता, शंभू गुप्ता, वीरेंद्र तिवारी, रामानंद सिंह, सुनील गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, आदित्य तिवारी, लक्की गुप्ताएवं भोजपुरी समाज के अन्य सदस्यों ने विधायक गोमती साय का बहुत बहुत आभार माना है।आपको बता दे विधायक गोमती साय ने छट घाट में पचरी निर्माण के लिए पिछले वर्ष ही घोषणा कर भूमि पूजन कर चुकी है। अब जल्द ही छठ घाट निर्माण शुरू की जा सकेगी।

# सेवा संकल्प अभियान: आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड 4 एवं 5 में 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम का भव्य आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता



**नैला।** 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की महिलाओं, बच्चों एवं परिवारों में पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद (वार्ड 6) श्री अमित यादव उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती मेघा यादव एवं श्रीमती प्रेमलता कौशिक ने अपनी बात रखी। इसके साथ ही वार्ड 5 के पार्षद श्री रघु कश्यप एवं पार्षद श्री अरमान खान ने भी कार्यक्रम में अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। विभागीय मार्गदर्शन के लिए पर्यवेक्षक श्रीमती श्वेता तिवारी एवं ए.एन.एम. श्रीमती माया तिवारी भी उपस्थित रहीं।

आयोजन के दौरान उपस्थित वक्ताओं एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा पोषण एवं जन-स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। कार्यक्रम के दौरान आंगन मिलन उत्सव के तहत कई सांस्कृतिक व सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें शामिल हैं:

गोद भराई एवं अन्नप्राशनः गर्भवती महिलाओं का पारंपरिक रीति से सम्मान कर गोद भराई की गई तथा शिशु के प्रथम आहार उत्सव के रूप में अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया गया।

'हर घर मुनगा / घर-घर मुनगा' अभियानः मुनगा (सहजन) के औषधीय और पोषण संबंधी गुणों की जानकारी देते हुए हर घर मुनगा पौधा लगाने तथा इसके नियमित सेवन की सीख दी गई।

न्योता भोज एवं खिलौना दानः कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया एवं खिलौना दान भी किया गया।

राष्ट्रीय पोषण माह गतिविधियांः कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण के लिए सही खान-पान और दिनचर्या पर प्रकाश डाला गया।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (कन्या जन्मोत्सव)ः बेटियों के महत्व और उनके अधिकारों के प्रति समाज को जागरूक करने के लिए कन्या जन्मोत्सव का आयोजन कर नन्ही बालिकाओं व माताओं को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर लोगों को जागरूक करते हुए अपील की गई कि वे अधिक से अधिक संख्या में आंगनबाड़ी केंद्र आकर 'न्योता भोज' और 'खिलौना दान' जैसी सामुदायिक पहलों में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएं।

कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट सेवाओं एवं सराहनीय योगदान के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में श्रीमती नसीमा बेगम, श्रीमती सविता चौहान, श्रीमती सीमा यादव, श्रीमती पुष्पा लदेर, श्रीमती गंगोत्री कश्यप तथा आंगनबाड़ी सहायिकाओं में श्रीमती राहीन यादव, श्रीमती सुनीता सूर्यवंशी एवं मितानिनों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों एवं पर्यवेक्षकों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और मितानिनों के निरंतर प्रयासों की सराहना करते हुए समाज के हर वर्ग से पोषण अभियान से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों और हितग्राहियों की बड़ी संख्या में उत्साहजनक भागीदारी रही।

# जनदर्शन में फिर फूटा शिकायतों का गुबार, 42 फरियादों ने खोली व्यवस्था की पोल!

- हर मंगलवार जनदर्शन, फिर भी क्यों नहीं थम रही फरियादों की कतार? ,
- 58 के बाद फिर 42 फरियादें, आखिर कहां अटक रहा शिकायतों का समाधान
- दफ्तरों में समीक्षा, जनदर्शन में फरियाद–जमीनी समाधान पर उठे सवाल
- कागजों पर निराकरण के दावों के बीच जिला मुख्यालय पहुंच रहे 42 फरियादी ..

समवेत शिखर संवाददाता



**सक्ती।** जिला प्रशासन की ओर से हर मंगलवार आयोजित होने वाले जनदर्शन में शिकायतों और मांगों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले सप्ताह 22 सितंबर को 58 आवेदन पहुंचने के बाद इस मंगलवार 29 सितंबर को भी 42 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर जिला कार्यालय पहुंचे। लगातार सामने आ रहे आवेदनों ने स्थानीय स्तर पर शिकायतों के निराकरण की व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

एक ओर साप्ताहिक समय-सीमा की बैठकों में लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण की समीक्षा और अधिकारियों को निर्देश दिए जाते हैं, वहीं दूसरी ओर हर सप्ताह जिला मुख्यालय पहुंच रहे दर्जनों आवेदनों से साफहै कि आम लोगों की समस्याओं का एक बड़ा हिस्सा अभी भी निचले स्तर पर समाधान की बाट जोह रहा है।

**दाखिल-खारिज से लेकर पेंशन और आवास तक फरियाद**–मंगलवार को आयोजित जनदर्शन में सक्ती तहसील के ग्राम केरीबंधा निवासी बाबूलाल बरेठ ने दाखिल-खारिज में संशोधन, भद्रीपाली के अनिल कुमार गोंड ने अभिलेख सुधार, डभरा के भेड़िकोना निवासी संध्या सिदार ने रोजगार तथा मालखरौदा के छोटे कोट निवासी दादूराम ने वृद्धावस्था पेंशन की मांग रखी।

इसी तरह अड़भार निवासी केवरा बाई सहिस ने पट्टा प्रदान करने तथा सक्ती तहसील के मल्दी नंदौर खुर्द निवासी महेश्वरी साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग को लेकर आवेदन दिया। इसके अलावा भी अलग-अलग विभागों से जुड़ी समस्याओं को लेकर लोगों ने कलेक्टर के समक्ष अपनी फरियाद रखी।

**हर मंगलवार जनदर्शन, फिर भी क्यों नहीं थम रही फरियाद** –जनदर्शन का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता और शीघ्रता से निराकरण करना है। लेकिन लगातार बड़ी संख्या में आवेदन पहुंचना इस व्यवस्था की जमीनी प्रभावशीलता पर सवाल खड़े करता है। खासकर जब कई शिकायतें ऐसी हों, जिनका निराकरण संबंधित विभाग, तहसील या स्थानीय निकाय स्तर पर ही किया जा सकता है।

सबसे बड़ा सवाल यही है कि यदि विभागीय स्तर पर शिकायतों का समय पर निराकरण हो रहा है, तो आम लोगों को अपनी छोटी-बड़ी समस्याएं लेकर बार-बार जिला मुख्यालय तक क्यों पहुंचना पड़ रहा है? ग्रामीणों को यदि स्थानीय स्तर पर समाधान मिल जाए तो उन्हें जिला कार्यालय तक आने में समय और संसाधन खर्च करने की जरूरत ही न पड़े।

**अब असली परीक्षा आवेदनों के निराकरण की** –कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती जयश्री जैन ने जनदर्शन में प्राप्त सभी 42 आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए नियमानुसार एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से आवेदनों का पूरी गंभीरता के साथ निराकरण करने को कहा है।

लेकिन अब निगाहें केवल जनदर्शन में आवेदन लिए जाने पर नहीं, बल्कि 42 आवेदनों में से कितने मामलों का वास्तविक और समयबद्ध समाधान होता है, इस पर रहेंगी। क्योंकि जनदर्शन में फरियाद सुन लेना पहला कदम है, समस्या का धरातल पर समाधान ही प्रशासनिक व्यवस्था की वास्तविक कसौटी है।

जनदर्शन में जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, अपर कलेक्टर बालेश्वर राम, अपर कलेक्टर के.एस. पैंकरा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# छात्रावास में चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता



**अंबिकापुर।** थाना पटना में दर्ज अपराध क्रमांक 115/2026, धारा 331(4), 300(1), 3(8) के चोरी के प्रकरण में थाना पटना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई सामग्री बरामद की है। दिनांक 22.04.2026 को प्री-मैट्रिक छात्रावास पटना की अधीक्षिका के आवास का ताला तोड़कर अज्ञात चोर द्वारा टीवी, कंप्यूटर मॉनिटर, सोने-चांदी के आभूषण एवं 50,000 नगद सहित लगभग 2,30,600/- की संपत्ति चोरी कर ली गई थी।

पुलिस टीम द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में अज्ञात आरोपियों की पतासाजी हेतु मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। मुखबिर से प्राप्त सूचना एवं पुलिस की तस्दीक के आधार पर दोनों संदिग्धों से पूछताछ की गई, जिसमें उनके द्वारा घटना में संलिप्तता स्वीकार करना बताया गया।

आरोपियों की निशादेही पर सैमसंग एलईडी टीवी, कंप्यूटर मॉनिटर, सोने की चेन, चांदी का पायल एवं कान की बाली कीमती 01 लाख 80 हजार रुपए का बरामद कर जब्त की गई। दोनों आरोपियों को दिनांक 29.09.2026 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण में विवेचना जारी है।

थाना पटना पुलिस की तत्परता एवं टीमवर्क से चोरी की घटना का सफलतापूर्वक खुलासा किया गया। प्रकरण का खुलासा करने में थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रमोद पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक इन्द्रजीत सिंह, प्रधान आरक्षक सत्येंद्र तिवारी, आरक्षक संदीप साय, प्रदीप साहू का योगदान रहा।